| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 44.3 | 32.1 |
| जमशेदपुर | 44.2 | 29.2 |
| डालटनगंज | 46.5 | 31.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 14 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 66 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# नियुक्तियों को लेकर सरकार रेस, 35 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

## सीएम ने जेएसएसी अध्यक्ष और विभागीय अधिकारियों के साथ नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर बैठक की, कहा- सभी प्रतियोगिता परीक्षा की प्रक्रिया सितंबर तक कर लें पूरी

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को लेकर सरकार रेस हो गयी है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को कई विभागों की समीक्षा बैठक की. उन्होंने कहा कि सभी नियुक्ति प्रक्रियाएं सितंबर तक पूरी कर ली जाएं. सीएम ने कर्मचारी चयन आयोग से कहा कि जो भी कैलेंडर जारी करें, उसी परीक्षा का आयोजन करें.

सीएम ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. ऐसे में विभागों में जो भी रिक्तियां हैं और जिन पदों पर नियुक्ति की जानी है, उसकी चयन प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नियुक्तियों में सरकार की नियुक्ति नियमावली और रोस्टर का पालन होना चाहिए . बैठक में पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह और कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने नियुक्तियों का पूरा ब्यौरा दिया. बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एडीजी आरके मलिक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह और कार्मिक विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे.

**सीएम का निर्देश**

- सरकारी पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया में लाएं तेजी, समय सीमा में पूरी हो चयन प्रक्रिया
- परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक का मामला सामने आने पर जो भी दोषी होंगे, होगी कार्रवाई



**नियुक्तियों को लेकर कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन हो, उसमें पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जानी चाहिए. इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अगर पेपर लीक जैसी घटनाएं होती हैं, तो जो भी दोषी पाए जाएंगे दोषी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### इन पदों पर होंगी इतनी नियुक्तियां

- झारखंड उत्पाद आरक्षी परीक्षा के जरिए 580 और आरक्षी परीक्षा के 4919 पदों पर होगी नियुक्ति.
- **झारखंड उत्पाद आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण इसी माह से शुरू.**
- उत्पाद सिपाही और झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यार्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षण में पारदर्शिता और निगरानी के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा.
- **लगभग 35 हज़ार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है.**
- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के 1868 पद.
- **झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 153 पद.**
- झारखंड नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 921 पद.
- **झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के 904 पद.**
- झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा इंटरमीडिएट स्तर के 11 हज़ार पद.
- **झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्नातक स्तर के 15001 पद.**
- महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा के 488 पद.
- **झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 2025 पद.**
- **झारखंड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 2532 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है.**

## महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में गड़बड़झाला

**डीजल के बिल पर लगाया 5% जीएसटी, खेल विभाग ने भुगतान भी किया**



# खेल में तेल का खेल

**शुभम किशोर। रांची**

राजधानी रांची पिछले वर्ष 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया गया था. इसमें भारत समेत चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमों ने हिस्सा लिया. आयोजन में खिलाड़ियों सहित अन्य ऑफिशियल के लिए जिन गाड़ियों का प्रयोग किया गया, उनके बिल का भुगतान हुआ. लेकिन बिल में डीजल की कीमत के साथ पांच प्रतिशत जीएसटी भी लगाया गया है और विभाग ने आंख मूंद कर भुगतान भी कर दिया है. इतना ही नहीं ई-रिक्शा ऑटो में न सिर्फ डीजल भराया गया, बल्कि बिल का भुगतान भी किया है. इसके अलावा खिलाड़ियों व ऑफिशियल्स के लिए जो ग्रैंड भोज का आयोजन किया गया, उसकी बिलिंग पर सवाल उठाये जा रहे हैं. इसमें प्रति प्लेट भोजना, आयोजन पर अन्य खर्च मिलाकर प्रति व्यक्ति लगभग 19 हजार रुपये का खर्च किया गया. यानि डिनर पर एक करोड़ से अधिक का खर्च कर दिया गया.

**3 नवंबर 2023 की रात्रि भोज में 1.03 करोड़ खर्च :** चैंपियनशिप के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के लिए तीन नवंबर को खेल निदेशालय ने रात्रि भोज (गाला डिनर) का आयोजन किया. डोरंडा जैप-1 में आयोजित पार्टी में 550 वीवीआईपी और वीआईपी शामिल हुए. इस आयोजन में भोजन पर 20.10 लाख रुपये खर्च किये गये, जबकि उसकी व्यवस्था पर 83,78,588 रुपये खर्च किये गये. तीन नवंबर को आयोजित रात्रि भोज में खेल निदेशालय ने 1,03,89,338 रुपये (प्रति व्यक्ति 18,890 रुपये) खर्च कर दिये. रात्रि भोज में तत्कालीन मुख्यमंत्री, कई मंत्री, वरीय अधिकारी, हॉकी इंडिया/हॉकी झारखंड वे पदाधिकारी, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्यों के अलावा 600 सुरक्षाकर्मी व ड्राइवर भी मौजूद थे. 550 वीवीआईपी/वीआईपी के भोजन मद में 2500 रुपये प्रति प्लेट (कुल 13,75,000) थी. जबकि ड्राइवर-सुरक्षाकर्मी के लिए खुखरी गेस्टहाउस में अलग से भोजन की व्यवस्था थी. 600 सुरक्षाकर्मियों व ड्राइवर के भोजन मद में 900 रुपये प्रति प्लेट (कुल 5,40,000 रुपये) खर्च किये गये.

-शेष पेज 7 पर



### बीके ट्रेवल्स पर निदेशालय मेहरबान!

आयोजन में जिन गाड़ियों का इस्तेमाल हुआ उनके नाम खेल हो गया. आयोजन में चार पहिया वाहन बीके ट्रेवल्स ने किराये पर उपलब्ध कराया था. इसके एवज में जो बिल बीके ट्रेवल्स ने निदेशालय में जमा किया, उसमें 27 वाहन में लगे डीजल पर 6,49,504 रुपये का भुगतान लिया गया. जमा बिल पर 5 प्रतिशत की दर से 51,321 जीएसटी भी वसूल लिया है. देश में पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, लेकिन खेल निदेशालय ने बीके ट्रेवल्स पर खास दरियादिली दिखाते हुए डीजल के जीएसटी बिल का भुगतान कर दिया गया. बीके ट्रेवल्स के बिल में ना तो डेट अंकित है और कई बिल में अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर भी नहीं है.

### 24 की जगह खेल निदेशक ने किया 27 वाहनों का भुगतान

बीके ट्रेवल्स से 14 इनोवा और 10 स्कॉर्पियो की मांग खेल निदेशक सुशांत गौरव ने रांची डीसी के जरिये की थी. गाड़ियां उपलब्ध कराने के बाद बीके ट्रेवल्स ने खेल निदेशालय को बिल भेजा. बिल भेजे जाने के बाद खेल निदेशक ने डीसी को पत्र ( पत्रांक 1047, दिनांक 17 नवंबर 2023 ) के जरिए 14 इनोवा और 10 स्कॉर्पियो का मूल बिल मिलने की जानकारी देते हुए सभी 24 वाहनों की सूची मांगी. लेकिन बीके ट्रेवल्स ने सूची भेजी, तो उसमें 27 गाड़ियों का नंबर के साथ बिल भेजा गया. इनमें जो तीन अतिरिक्त गाड़ियां दो डिजायर और एक इनोवा का अतिरिक्त बिल जोड़ कर भेज दिया गया और उसका भुहगतान भी किया गया.

### 2655 लीटर डीजल भराया, बिल जमा हुआ 2112.78 लीटर का

बीके ट्रेवल्स के 19 वाहनों में निदेशालय की ओर से 22 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच श्याम सर्विस सेंटर (पेट्रोल पंप) को जारी कूपन के जरिए 2,655 लीटर यानी 2,51,296 रुपये (94.65 प्रति लीटर की दर से) के डीजल भराया गया. खेल निदेशालय की ओर से जारी कूपन द्वारा 2,655 लीटर डीजल लेने के बावजूद जब बीके ट्रेवल्स ने बिल जमा किया, तो उसमें से मात्र 2112.78 लीटर डीजल यानि 1,99,975 रुपये का ही बिल डीजल के एवज में जमा किया.

### ई-रिक्शा में भी भरवा दिया डीजल

बीके ट्रेवल्स के जमा किए गए बिल के अनुसार, दो डिजायर वाहन भी प्रतियोगिता के दौरान उपयोग में लाए गए थे. उनमें से एक डिजायर ( नंबर जेएस 01ईई 2249 ) पेट्रोल से चलती थी, लेकिन डिजायर पेट्रोल कार (जेएच 01ईई 2249) में 40 लीटर डीजल भरवाने का 3,786 रुपये का भुगतान किया गया. यही नहीं "टारगेट" पूरा करनेवाले अधिकारियों का "खौफ" ऐसा था कि 29 अक्टूबर को बिल संख्या 2049 के जरिए महिंद्रा ट्रियो यारी ई-रिक्शा नंबर जेएच 01ईएकस 2455 में भी 25 लीटर डीजल भरवा कर 2366.23 रुपये का भुगतान कर दिया.

### चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान इस्तेमाल की गई गाड़ियों के नंबर और तेल की मात्रा

- जेएच10 एक्स 6156 – 235 लीटर
- जेएच1 सीक्यू 4444–215 लीटर
- जेएच 09 ई 0999 – 235 लीटर
- जेएच10बीजेड 8141 – 215 लीटर
- जेएच01एए 2799–235 लीटर
- जेएच01एके 0786–135 लीटर
- जेएच01 सीजे 0777–185 लीटर
- जेएच01सीएन 7114 – 135 लीटर
- जेएच01बीएल 2055 – 25 लीटर
- जेएच01सीएच1840 – 25 लीटर
- जेएच01बेजी 7532–185 लीटर
- जेएच01सीएन 4387 – 40 लीटर
- जेएच 24 डी 0021 – 165 लीटर
- जेएच01सीएल 5661–185 लीटर
- जेएच02 वी 4444 – 50 लीटर
- जेएच 01सीजे 0110–185 लीटर
- जेएच01डीएम 4267 – 30 लीटर
- जेएच09एजी 6911 – 135 लीटर

### निदेशक की सफाई- 19 हजार नहीं, 2500 रुपए प्लेट का खाना खिलाया



खेल निदेशक सुशांत गौरव ने कहा कि जो भी आरोप लग रहे हैं, निराधार हैं. सभी काम नियम संगत हुए हैं. ई रिक्शा में डीजल भराने का मामलो थोड़ा गलत लग रहा है. पूरे मामले में अनियमितता की इजाजत नहीं दी जा सकती है. 19 हजार का नहीं, बल्कि 2500 रुपए प्लेट का खाना ही परोसा गया. फिर भी मामले की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी.

### खेल मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा- जांच का आदेश दिया, होगी कार्रवाई



खेल मंत्री हफीजुल अंसारी ने कहा कि महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में अनियमितता का मामला संज्ञान में आया है. खेल निदेशक को मामले की जांच कराने का आदेश दे दिया गया है. बजाप्ता मामले की जांच के लिए खेल निदेशक ने समिति का गठन भी कर दिया है. जांच में जो भी दोषी पाये जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## डोभाल फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को अजीत डोभाल को पुनः राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है. आदेश में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक रहेगी. डोभाल को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलेगा. पीके मिश्रा को पुनः पीएम मोदी का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है. सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गयी है.

## नागपुर के कारखाने में विस्फोट, छह की मौत

**नागपुर।** नागपुर के निकट विस्फोटक बनाने वाले कारखाने में गुरुवार को हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई. घटना नागपुर से 25 किमी दूर हिंगना के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्रालि में हुई. विस्फोट के समय सभी श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे.

## सुप्रीम कोर्ट में नीट छात्रों की बड़ी जीत! 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द, 23 जून को री-एग्जाम

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

नीट धांधली मामले में छात्रों की बड़ी जीत हुई है. सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई के दौरान एनटीए ने जानकारी दी है वे उन 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द कर रहे हैं. ऐसे उम्मीदवारों को 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प देंगे. इसके नतीजे 30 जून को आएंगे.

एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू होगी. ऐसे में अब छात्रों के पास विकल्प होगा कि वे फिर से परीक्षा देना चाहते हैं या बिना ग्रेस मार्क के काउंसलिंग में शामिल होना चाहते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गड़बड़ी के आरोपों के आधार पर नीट यूजी रद्द करने की मांग समेत सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी. कोर्ट ने कहा,आपकी बात एनटीए ने मान ली है. वो ग्रेस मार्क हटा रहे है.




**केंद्र ने कोर्ट से क्या कहा**

सरकार-एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1,563 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई, जिन्हें नीट यूजी में शामिल होने के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा का जिम्मा दिया गया. समिति ने 1,563 नीट यूजी 2024 उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड रद्द करने का फैसला लिया है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए थे. इन छात्रों को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा. परीक्षाएं 23 जून को आयोजित की जाएंगी और परिणाम 30 जून से पहले घोषित कर दिए जाएंगे.

कोर्ट ने साफ कहा, केवल वो छात्र ही शामिल होंगे जिन्हें ग्रेस मार्क्स मिले थे. इसके अलावा एनटीए ने इन छात्रों को एक ऑप्शन दिया है, वे या तो री-नीट में शामिल हों या फिर बिना ग्रेस मार्क की मार्कशीट के साथ नीट यूजी की काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि वह नीट यूजी 2024 की काउंसलिंग पर रोक नहीं लगाएगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि काउंसलिंग जारी रहेगी. हम इसे रोकेंगे नहीं. अगर परीक्षा होती है, तो सब कुछ सही तरीके से होगा, इसलिए डरने की कोई बात नहीं है.


ARKA JAIN University
Jharkhand

NAAC GRADE A
ACCREDITED UNIVERSITY

TOP-5 REASONS TO BE PART OF AJU

- First & only NAAC 'A' Accredited State Private University in Bihar, Jharkhand & West Bengal in the First Cycle
- Part of the JAIN Group, Bengaluru: Mentored & Guided by JAIN (Deemed-to-be-University), Bengaluru
- Member - Association of Indian Universities (AIU)
- 60+ MoUs (International & National) with Corporate and Academic Partners
- ISO-certified Standard EOMS 21001:2018 University

5K+ Students | 07 Schools | 30+ Programmes | 175+ Faculty Members | ₹ 23 LPA Highest Package




ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2024-25

Engineering & IT
Commerce & Management
Pharmacy
Health & Allied Science
Nursing
Humanities
Law
Research

INDUSTRY-READY
B. TECH
Artificial Intelligence & Data Science in association with IBM

- Work on Enterprise Software through IBM-sponsored University Lab
- Earn Globally valid IBM Certificate and Digital Badges
- Industrial Visit to IBM for Live Industry Interface Experience

NATIONAL ADMISSION-CUM-SCHOLARSHIP TEST AJU CET 2024
Scholarships worth up to ₹ 1 Crore
UP TO 100% SCHOLARSHIP ON OFFER*
*T&C Apply

LATERAL ENTRY PROGRAMS - DIPLOMA IN ENGINEERING (ME, EEE, CSE), BCA, B. TECH (ME, EEE, CSE), B. PHARM, B. OPTOMETRY

1800-1200-200 | 0657-2220285 | 8406800562 | APPLY ONLINE: WWW.ARKAJAINUNIVERSITY.AC.IN

Avail Interest-free Education Loan* | PAY YOUR UNIVERSITY FEES IN EASY EMIs | *Conditions Apply. Loan Approval is subject to meeting lender's criteria. AJU has no role in sanctioning of the loan.


# बतासे के लिए मंदिर कौन तोड़ेगा

**बैजनाथ मिश्र**



**बैजनाथ मिश्र**
वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

नरेंद्र मोदी की सरकार बन गयी. मंत्रियों के विभाग भी बंट गये. लेकिन कहीं कोई चिल्ल-पों सुनाई नहीं दे रही है. सियासी तपिश पर भी ओला पड़ गया है. एकनाथ शिंदे को जरूर मलाल है कि उनके किसी सांसद को कैबिनेट बर्थ नहीं मिली. लेकिन वह कर क्या सकते हैं ? उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी भाजपा की कृपा के पाये पर टिकी है और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी दस्तक दे रहा है. अजित पवार थोड़े खिन्न हैं. उनके किसी सांसद को सरकार में जगह नहीं मिली है. लेकिन वे भी पॉवरलेस हैं. उनकी राजनीतिक हनक ऐसी नहीं है कि वह किसी को बेबस कर सकें. इसलिए वह बिदक कर भी क्या कर लेंगे? यहां तो नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे स्वयंभू पुरुषार्थी भी हाथ मलते, मन मसोसते रह गये हैं. उन्हें सरकार में जगह तो मिली है, लेकिन सिर्फ एडजस्ट करने की गरज से. उन्हें कोई ऐसा महकमा नहीं मिला है, जिससे यह लगे कि प्रधानमंत्री ने उनके आगे सरेंडर कर दिया है. विपक्ष का मानना और कहना था कि नीतीश, नायडू मोदी को झुकाये बगैर नहीं मानेंगे. लेकिन ऐसा कुछ हुआ ही नहीं. विपक्ष को शायद इसका मलाल भी होगा.

चार जून से ही कहा जा रहा था कि नीतीश को यह चाहिए, नायडू को वह चाहिए. मोदी दबाव में हैं. इन दो धुरंधरों की नहीं सुनी गयी तो सरकार बनेगी नहीं और बन गयी तो चलेगी नहीं. लेकिन विभागों के बंटवारे से मोदी ने साफ कर दिया है कि वह न झुकेंगे, न रुकेंगे. केसी त्यागी ने एक खबर जरूर उड़ाई कि विपक्ष नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का ऑफर दे रहा है. यह एक चाल भर थी. सबको मालूम है कि विरोधी गंठबंधन में स्टालिन, ममता, अखिलेश के पास नीतीश से दोगुनी-तिगुनी सीटें हैं. वे भला नीतीश पर राजी क्यों होंगे और केवल उनके पलटी मारने से सरकार कैसे बन जाएगी? फिर नीतीश को अगले ही साल विधानसभा चुनाव में उतरना है और यह भी कि जद (यू) धीरे-धीरे अस्ताचलगामी हो रहा है. नीतीश ने अभी तक किसी को अपना उत्तराधिकारी नहीं बनाया है.

-शेष पेज 7 पर

ब्रीफ खबरें

## राजद नेता विधायक कल्पना सोरेन से मिले

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद का एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मुलाकात के दौरान सामान्य रूप से राजनीतिक चर्चा भी हुई. कल्पना सोरेन सले मिलनेवालों में राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव आबिद अली, महासचिव डॉ.अरुण कुमार, सचिव रामकुमार यादव, प्रणय कुमार बबलू,पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, हंसराज यादव मौजूद थे.

## ई-कल्याण पोर्टल मार्च 2025 तक खुला रहेगा

**रांची।** छात्रवृत्ति का लाभ उठा रहे हजारों छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है. आदिवासी कल्याण विभाग ने पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राओं के लिए ई-कल्याण पोर्टल अब 20 मार्च 2025 तक के लिए खुला रहेगा. अब छात्र-छात्राएं सत्र 2024-25 के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं. यह जानकारी आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने दी. उन्होंने बताया कि सत्र 2023-24 के लिए 6,50,406 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं. तकनीकी अपडेट के बाद 13 जून 24 के शाम 6 बजे के बाद से पोर्टल पर सत्र 23-24 के लिए छूटे हुए छात्र भी आवेदन कर सकेंगे.

## विधि व्यवस्था चौपट केंद्र हस्तक्षेप करे: नायक

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने कहा कि राज्य भर में आपराधिक गतिविधियां बढ़ी हैं. पुलिस प्रशासन का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है. रांची में ही हर रोज आपराधिक वारदातें हो रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है. अपराधी दिनदहाड़े लूटपाट कर फरार हो जा रहे हैं और पुलिस को सुराग तक नहीं मिल पा रहा है. गुरुवार को भी अपराधियों ने हथियार के बल पर बाजरा में जेवर दुकान से लाखों के जेवर की लूटपाट कर ली. कहा कि एक तरफ सीएम प्रदेश में विधि व्यवस्था और अपराध की समीक्षा करते हैं, तो दूसरे ही दिन अपराधियों ने लाखों के जेवर लूटकर फरार हो गए.

### लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, रांची, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, पलामू व जामताड़ा शामिल


# झारखंड के 13 जिलों में बेरोकटोक हो रहा कोयले का अवैध खनन

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड के 13 जिलों में कोयले का अवैध खनन हो रहा है. इनमें लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, रांची, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, पलामू और जामताड़ा जिला शामिल है. पिछले ढाई साल के दौरान इन 13 जिलों में कोयला के अवैध खनन को लेकर 2229 मामले दर्ज हुए हैं. गौरतलब है कि कोयले का काला खेल तीन चरणों में होता है. पहले चरण में बंद पड़े खदान या चालू खनन क्षेत्रों से गिरोह के सदस्य कोयला खनन कर एक स्थान पर एकत्रित करते हैं. दूसरे गिरोह के सदस्य एक निश्चित स्थान पर एकत्रित कोयले को साइकिल या मोटरसाइकिल पर लोड कर गिरोह के संचालक के पास पहुंचते हैं. जहां से गिरोह का संचालक ट्रकों पर लोड कर इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश भेजता है. राज्य के बाहर अवैध कोयला को वैध तरीके से भेजने के लिए फर्जी चालान भी तैयार किया जाता है. या फिर एक ही चालान के माध्यम से कई वाहन अवैध तरीके से बाहर भेजे जाते हैं.

**कोयला का अवैध खनन रोकने की जिम्मेवारी इनकी**

कोयले का सबसे ज्यादा अवैध खनन बीसीसीएल, सीसीएल सहित अन्य कोल कंपनियों की बंद और खुली खदानों से होता है. इसके अलावा बंद मुहानों को फिर से खोदकर भी कोयले का अवैध खनन किया जाता है. अवैध खनन में तस्कर बाकायदा मजदूरों को भी दिहाड़ी में बहाल कर रखा है. वहीं एक्टिव खदानों से भी अवैध खनन का दावा है. मुख्य रूप से कोयला के अवैध खनन रोकने का जिम्मा बीसीसीएल, सीसीएल, सीआईएसएफ, ईसीएल, जिला प्रशासन, पुलिस और वन विभाग का है.




### कल्पना सोरेन भी कोर्ट में रहीं मौजूद

# हेमंत की बेल: ईडी के वकील-बेल नहीं मिले, हेमंत के वकील-केस बेबुनियाद

**संवाददाता। रांची**

लैंड स्कैम केस के आरोपी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. बुधवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से बहस पूरी कर ली गई थी. हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई हुई. गुरुवार को ईडी की ओर से बहस कर रहे वरीय अधिवक्ता एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन के इशारे पर ही ईडी के अधिकारियों के ऊपर झूठे मुकदमे दर्ज करवाए गए. एक केस उन्होंने खुद ईडी के अधिकारियों पर किया है. हेमंत सोरेन भूमि घोटाला के सबसे बड़े लाभुक हैं, इसलिए इन्हें बेल नहीं दी जानी चाहिए. वहीं हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने ईडी की दलीलों को दरकिनार करते हुए कहा कि सदर थाना में जो मामला दर्ज हुआ है, उसकी जांच अभी बाकी है. हम अभी बेल मांग रहे हैं. केस की मेरिट पर फिलहाल जाने की जरूरत नहीं है. पीएमएलए कोर्ट ने ईडी की



पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन कोर्ट जाती हुई

चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है. कानून में निहित प्रावधानों के तहत बदली हुई परिस्थितियों में हमने बेल पिटीशन फाइल की है. भानू के पास से जो दस्तावेज बरामद हुए थे, उसमें हेमंत सोरेन का नाम कहीं भी नहीं था. जिस भूमि की बात की जा रही है, उसका एक भी टुकड़ा हेमंत सोरेन के नाम पर नहीं है.

अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन का जन्म वर्ष 1975 में हुआ और इस भूमि की खरीद-बिक्री 1970 के आसपास ही हो गई थी. बैंक्वेट हॉल का नक्शा जिस कंपनी ने बनाया है, उसमें किसी क्लाइंट का नाम नहीं है. ईडी का केस पूरी तरह बेबुनियाद है. इसलिए हमें बेल मिलनी चाहिए. दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी कोर्ट रूम में मौजूद थीं. बता दें कि हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था. वही इसी केस में अफसर अली, जेएमएम नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद समेत अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है.

## अंतु तिर्की, प्रियरंजन समेत 10 के खिलाफ चार्जशीट पर कोर्ट का संज्ञान

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने जिन दस आरोपियों के खिलाफ पिछले दिनों चार्जशीट दाखिल की है. उसपर पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने गुरुवार को संज्ञान ले लिया है. इसके साथ ही कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख मुकर्रर की है. ईडी ने जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है, उनमें झामुमो नेता अंतु तिर्की, राजस्व विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष, संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट में डीड राइटर मो. इरशाद के अलावा प्रिय रंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अख्तर, अफसर अली उर्फ अफसू खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं. ईडी ने अपनी चार्जशीट में इस बात का उल्लेख किया है कि बड़गाईं में हेमंत सोरेन के कब्जे

**27 जून को सुनवाई**



वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाये गए थे. फॉरेंसिक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है. इसके अलावा अफसर खान, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह व अन्य आरोपियों ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष व संजीत कुमार के साथ मिलकर दस्तावेज जुटाये. इसके बाद हजारीबाग के डीड राइटर मोहम्मद इरशाद की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार कर चेशायर होम रोड स्थित 4.83 एकड़ जमीन हड़पने की साजिश रची.

**हेमंत समेत 11 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 27 जून तक बढ़ी**

**रांची।** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित अंचल कर्मी भानु प्रताप समेत अन्य 11 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है. गुरुवार को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सभी अभियुक्तों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई. पेशी के बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है. अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 जून को होगी.

## झारखंड खेल मंत्रालय ने भी 'खेला' कर दिया : बाबूलाल

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड खेल मंत्रालय ने भी 'खेला' कर दिया है. झारखंड में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन में तत्कालीन बिहार के चर्चित चारा घोटाले की तर्ज पर राज्य के खेल निदेशालय ने करोड़ों का घोटाला किया है. कहा कि लूट के कारनामे एक से बढ़कर एक है. पेट्रोल कार में डीजल डालने के बिल का भुगतान कर दिया गया. बैट्री से संचालित ई- रिक्शा में भी डीजल भरने के बिल का भुगतान कर दिया गया. इतना ही नहीं 19 हजार रुपये प्रति प्लेट की थाली गटक गए जो सबसे महंगे होटल के रेट से भी कई गुना ज्यादा है. आयोजन के टेंडर निष्पादन में चहेती एजेंसी को टेंडर देने के लिए तय दरों में हेरफेर कर दी गई. इससे स्पष्ट है कि एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशिप के दौरान खेल मंत्रालय द्वारा आयोजन में भारी अनियमितता बरती गई है.

**भ्रष्टाचार का उजागर हुआ है गंभीर मामला :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोयला, बालू पत्थर, युवाओं की नौकरी लूटते-लूटते ठगबंधन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन को भी भ्रष्टाचार में झोंक दिया. मरांडी ने कहा कि यह भ्रष्टाचार का गंभीर मामला उजागर हुआ है. आग्रह है कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इसे संज्ञान में लेकर शीघ्र कार्रवाई करें और इस मामले की सीबीआई जांच की अविलंब अनुशंसा करें.



- ठगबंधन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन को भी भ्रष्टाचार में झोंक दिया
- सीएम से सीबीआई जांच की अनुशंसा की मांग की
- 19 हजार रु प्रति प्लेट की थाली गटक गए जो सबसे महंगे होटल के रेट से भी ज्यादा है

## शेखर कुशवाहा को भेजा गया जेल, रिमांड पर फैसला कल

**संवाददाता। रांची**

जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पेश किया गया. पेशी के दौरान एजेंसी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी, जिसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया. कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को जेल भेजा दिया. वहीं कोर्ट रिमांड पर शुक्रवार को फैसला सुनायेगा. बता दें कि बुधवार की देर शाम ईडी ने रांची के जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया था. ईडी ने भूमि घोटाले से संबंधित केस में कुशवाहा गिरफ्तारी की है.


कोर्ट कैंपस में शेखर कुशवाहा.

## शाहनवाज समेत सात आतंकी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को बेल्लारी आईएस मॉड्यूल मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया. जिन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है, उसमें हजारीबाग का रहनेवाला शाहनवाज के अलावा मो मुनीरुद्दीन, सैयद समीर, मो मुजम्मिल, अनस इकबाल शेख और शायान रहमान उर्फ हुसैन शामिल है.

एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि ये सात आरोपी स्लीपर सेल के रूप में काम करने के लिए कमजोर युवाओं को मुजाहिदीन के रूप में भर्ती करने और कट्टरपंथी बनाने में जुटे थे. ये सभी 2025 तक भारत के प्रत्येक जिले में 50 ऐसे स्लीपर सेल तैयार करने की एक बड़ी आईएसआईएस साजिश का हिस्सा थे. आरोपी भारत में खिलाफत प्रणाली स्थापित करने के आईएसआईएस के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए विस्फोटकों के निर्माण में भी शामिल थे.

**देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा फैलाने की थी मंशा :** एनआईए की जांच से पता चला है कि इन आरोपियों द्वारा तैयार किए गए तात्कालिक विस्फोटक उपकरण, देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा फैलाने के लिए थे. आरोपी पहले ही कर्नाटक के बेल्लारी में एक ट्रायल ब्लास्ट को अंजाम दे चुके थे. साथ ही अन्य कमजोर युवाओं के साथ जिहाद से संबंधित डिजिटल दस्तावेज और डेटा भी साझा कर रहे थे. एनआईए ने इन आरोपियों के पास से विस्फोटक सामग्री, तेज धार वाले हथियार और डिजिटल डिवाइस जब्त किये थे.

**कौन है शाहनवाज**

मूल रूप से हजारीबाग जिले के पेलावल इलाके का रहनेवाला शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है. गुजरात की रहने वाली बसंती पटेल नाम की एक महिला से उसने शादी की थी. बाद में उसने अपनी पत्नी का धर्म परिवर्तन करवाया और फिर उसका नाम मरियम हो गया था. मोटरसाइकिल चोरी की कोशिश के दौरान पुणे पुलिस ने शाहनवाज को गिरफ्तार किया था. जांच में आतंकियों के संपर्क में होने का खुलासा हुआ था.

### झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा अपना इस्तीफा

## सांसद जोबा ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

**मुख्य संवाददाता। रांची**

सिंहभूम संसदीय सीट से नवनिर्वाचित सांसद जोबा माझी ने मनोहरपुर विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को अपना इस्तीफा सौंपा है. उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा है कि सिंहभूम सीट से संसद सदस्य निर्वाचित होने की वजह से विधानसभा की सदस्यता से त्याग पत्र दिया जाना अपेक्षित है. उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र को स्वीकृत करने का आग्रह किया है.


विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपती सांसद जोबा माझी

**बदल जाएगा विधानसभा का स्वरूप :** लोकसभा चुनाव में झारखंड के चार विधायकों ने जीत हासिल की है. वहीं, कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा से झामुमो की विधायक बनीं हैं. सांसद बनने वाले विधायकों में झामुमो के नलिन सोरेन व जोबा मांझी और भाजपा के मनीष जायसवाल और ढुल्लू महतो शामिल हैं. इनके सांसद बनने और कुछ विधायकों के दल-बदल कर लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद झारखंड विधानसभा की दलगत स्थिति में भी बदलाव होगा. झामुमो के तीन विधायकों ने दल-बदल कर चुनाव लड़ा था. इनमें सीता सोरेन के भाजपा में जाने और लोबिन हेंब्रम व चमरा लिंडा के निर्दलीय चुनाव लड़ने पर पार्टी ने उनके खिलाफ कार्रवाई की थी. इससे झामुमो विधायकों की संख्या घट कर 26 हो सकती है. वहीं, भाजपा के दो विधायकों के सांसद बनने और एक विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस में जाने से इनकी संख्या 25 से घट कर 22 हो जाएगी.

## कोचिंग संस्थान तत्काल बंद हों : आलोक दुबे

**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने सूबे के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव से भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के हित में तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया है. उन्होंने झारखंड के सभी कोचिंग संस्थानों में तत्काल प्रभाव से बच्चों की कक्षाएं तबतक स्थगित करने का अनुरोध किया है, जबतक मॉनसून नहीं आ जाता है.

उन्होंने कहा कि पूरा राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है. पारा 42 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है. घर में भी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की स्थिति खराब है. सरकार के आदेश पर राज्य भर के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से 12वीं तक कह कक्षाएं स्थगित हैं. सभी विवि व महाविद्यालय भी बंद हैं. लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि लगभग सभी कोचिंग संस्थान निहित स्वार्थ में बच्चों की जान जोखिम में डालकर उनकी कक्षाएं जारी रखे हुए हैं. दुबे ने झारखंड सरकार से तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी कोचिंग संस्थानों में भी शैक्षणिक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है.

**आयोजन**

### रांची की रजनी शर्मा को नेपाल में बेस्ट रिसर्चर अवार्ड मिला

## बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया

**खास बातें**

- दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ
- शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

**संवाददाता। रांची**

हिंदी केंद्रीय विभाग त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल, समाज कार्य विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, अपराजिता फाउंडेशन नेपाल एवं गुरु विद्यापीठ रोहतक भारत द्वारा आयोजित दो दिवसीय



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें रांची विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कॉलर रजनी शर्मा को नेपाल में बेस्ट रिसर्चर अवार्ड व बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया. त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल के ऑडिटोरियम में नेपाल के उप प्रधानमंत्री सह विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ, नेपाल के सांसद डॉ अमरेश कुमार सिंह, काशी विद्यापीठ वाराणसी समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष एमएम वर्मा के सान्निध्य में गुरु विद्यापीठ रोहतक के निदेशक डॉ विकास शर्मा व ब्रांड एंबेसडर डॉ सुलक्षणा अहलावत के संयोजन में यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ.

रजनी शर्मा को भव्य समारोह में अंगवस्त्र व रुद्राक्ष की माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. भारत एवं नेपाल दोनों के बीच मैत्री संबंधों में आए मधुरता और सामाजिक परिवर्तन की बेहतरीन मिसाल कार्यक्रम में देखने को मिली. रजनी शर्मा रांची विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग से बच्चों के बौद्धिक विकास पर शोध कार्य कर रही है. इसी से संबंधित उन्होंने अपना वक्तव्य वहां प्रस्तुत किया. त्रिभुवन विश्वविद्यालय के साथ-साथ अनेकों स्थान के गणमान्य अतिथि उस भव्य कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति बनाए हुए थे. रजनी शर्मा रांची से नेपाल त्रिभुवन विश्वविद्यालय में कल्प तरु पौधारोपण के लिए लेकर गई थीं, जिसे निखिल मेहुल द्वारा दिया गया था. इसका वृक्षारोपण हिन्दी विभाग में किया गया. रजनी शर्मा की इस उपलब्धि पर समाज के बुद्धिजीवियों ने अपनी बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

## मनीष रंजन समेत तीन अफसरों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने तीन आईएएस अफसरों का तबादला किया है. भू-राजस्व विभाग के सचिव मनीष रंजन को भवन निर्माण विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है. साथ ही झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. वहीं नगर विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर को भू-राजस्व विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है. जबकि अरवा राजकमल को मुख्यमंत्री के सचिव के साथ नगर विकास विभाग की भी जिम्मेवारी दी गयी है. कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है.

- भू-राजस्व विभाग से हटाये गये मनीष रंजन


क्लासिफाइड









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, शुक्रवार 14 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 66 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## तप रही धरती, अगले तीन दिन भी राहत नहीं



- 44° से अधिक रहा तीनों जिलों में अधिकतम तापमान
- अभी तपिश व उमस से राहत मिलने की संभावना नहीं

**मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर**

शहर समेत पूरा कोल्हान पिछले- तीन चार दिनों से भीषण लू और तपिश से जल रहा है. गुरुवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां में अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री से अधिक रहा, जबकि पश्चिमी सिंहभूम में 43.0 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों तक अभी तपिश और उमस से राहत की संभावना नहीं है. इसलिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से चेतावनी के तहत दिये गये सुझावों को अभी भी अमल में लाने की जरूरत है.

मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि जमशेदपुर में चूंकि अधिकतम तापमान सामान्य से 7.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया. अतः आज भी शहर भीषण लू (सीवियर हीट वेव) की चपेट में रहा. शहर में अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक 29.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. पूरे कोल्हान में आज भी सरायकेला में सबसे अधिक तपिश रही.

यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक दर्ज किया गया. इसके अलावा पश्चिमी सिंहभूम में अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री दर्ज किया गया. यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया गया.

### धालभूमगढ़ में लू से युवक की मौत

**घाटशिला |** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के बन्नै कॉलोनी में गुरुवार की अहले सुबह लू लगने से बिहार के जमुई का निवासी मोहम्मद रिजवान बेहोश हो गया. परिजनों ने उसे आनन फानन में एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया. वहां उसे स्लाइन चढ़ाया गया, लेकिन स्थिति में सुधान नहीं होने पर अस्पताल प्रबंधन ने उसे दूसरी जगह ले जाने की सलाह दी. युवक को 108 एंबुलेंस से धालभूमगढ़ सीएचसी लाने के क्रम में ही उसकी मौत रास्ते में हो गई. अस्पताल पहुंचने के बाद युवक की जांच कर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### सरयू राय ने की टाटा स्टील यूआईएसएल के जीएम संग बैठक

# पूरे शहर में पेयजल, बिजली साफ-सफाई पर कंपनी राजी

**भुइयांडीह, नंदनगर, लालभट्ठा, बाबूडीह, जोजोबेड़ा बस्ती, नीलकंठ अपार्टमेंट में अगले माह वितरित होगा पेयजल कनेक्शन का फॉर्म**

**मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर**

राज्य के पूर्व मंत्री एवं जमशेदपुर पूर्वी के मौजूदा विधायक सरयू राय ने गुरुवार को टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक आरके सिंह के साथ उनके कार्यालय कक्ष में बैठक की. इसमें सड़क व नाली निर्माण, जलापूर्ति, बस्तियों में बिजली जैसे महत्वपूर्ण विषयों गंभीर वार्ता हुई. लगभग दो घंटे चली इस बैठक में विधायक सरयू राय की ओर से पूरे शहरवासियों की सुविधा को लेकर भी प्रस्ताव रखे गये. इस पर महाप्रबंधक श्री सिंह ने सहमति जताते हुए पूर्ण करने का आश्वासन दिया.

विधायक सरयू राय ने बताया है कि टाटा स्टील यूआईएसएल शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल और शहर की साफ-सफाई की जिम्मेदारी लेने पर सहमति जता दी है. वहीं बैठक में अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसके तहत यह तय हुआ कि भुइयांडीह, नंदनगर इलाके में जुलाई और लालभट्ठा व बाबुडीह में जुलाई के अंतिम सप्ताह से पेयजल कनेक्शन के लिए फार्म वितरण किया जाएगा.

जोजोबेड़ा बस्ती, नीलकंठ अपार्टमेंट एवं अन्य अपार्टमेंट में 15 जुलाई से पेयजल कनेक्शन का फार्म वितरण किया जाएगा.

बैठक में निर्णय लिया गया कि महानंद बस्ती, मनीफीट एवं आसपास के क्षेत्र के लोग पेयजल कनेक्शन ले सकते हैं. जुस्को जलापूर्ति के लिए तैयार है. इस दौरान यह बताया गया कि बागुनहातु क्षेत्र में टाटा स्टील यूआईएसएल की बिजली देने के लिए नशामुक्ति केंद्र के समीप सब स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो दो महीने में तैयार हो जाएगा. उसके बाद बस्तियों में पाइप बिछाकर घरों में कनेक्शन देने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा.

बैठक में बताया गया कि मोहरदा, मुराकाटी और आस्था क्षेत्र में टाटा स्टील यूआइएसएल बिजली देने के लिए केबुल बिछाने का कार्य शुरू हो गया है. इसके साथ ही सब स्टेशन निर्माण के लिए टेल्को सीवेज प्लांट, समीप रमनी काली मंदिर के पास स्थल का भी चयन हो गया है. एक-दो दिनों में टाटा मोटर्स से अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलते ही मोहरदा क्षेत्र के लिए सब स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. बैठक में क्षेत्र के बड़े नाले एवं बस्तियों से निकलने वाली नालियों का जीर्णोद्धार, पक्का एवं साफ-सफाई करने पर सहमति बनी. यह तय हुआ कि मनीफीट, बर्मामाइंस, सिदगोड़ा, शिव सिंह बागान, काशीडीह, साकची आदि क्षेत्रों में सड़क और नाली निर्माण किया जाएगा.

गोलमुरी, विजयनगर मंदिर के समीप खाली भूखंड पर पार्क का निर्माण कराया जाएगा. मोहरदा, फेज-टू पर कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा. फेज-वन के शेष इलाकों में लगभग छह किलोमीटर पाइपलाइन भी बिछायी जायेगी. फेज-टू में भुवनेश्वरी मंदिर की तलहटी में पानी टंकी का निर्माण कराया जाएगा, ताकि ऊंचाई पर बसे घरों में जलापूर्ति की जा सके.

बैठक में विधायक सरयू राय ने पूरे शहर की साफ-सफाई का कार्य टाटा स्टील यूआईएसएल के माध्यम से दुरुस्त करवाने का प्रस्ताव दिया. इस पर महाप्रबंधक ने सहमति जतायी. साथ ही उन्होंने श्री राय को आश्वस्त किया कि टाटा स्टील यूआईएसएल इसकी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है. विधायक श्री राय ने जमशेदपुर के लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति को लेकर भी प्रस्ताव रखा, ताकि चांडिल से डिमना डैम होकर मानगो तक नयी पाइपलाइन बिछायी जाये और उसके माध्यम से मोहरदा जलापूर्ति एरिया सहित पूरे शहर में शुद्ध पेयजल की जलापूर्ति की जाये. महाप्रबंधक ने विधायक श्री राय के इस प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. बैठक में विधायक सरयू राय के निजी सचिव सुधीर सिंह, टाटा स्टील यूआईएसएल के संजीव झा, एनके पांडा, हरप्रीत सिंह, निर्मल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.



#### इन मुद्दों पर बनी सहमति

- मनीफीट, बर्मामाइंस, सिदगोड़ा, शिव सिंह बागान, काशीडीह, साकची में सड़क व नाली
- गोलमुरी, विजयनगर मंदिर के समीप पार्क
- भुवनेश्वरी मंदिर की तलहटी में पानी टंकी
- मोहरदा, फेज-टू पर कार्य जल्द शुरू करने
- बस्तियों से निकलने वाली नालियों का जीर्णोद्धार

## बकरीद पर 1.50 लाख तक के बकरे बाजार में



**संवाददाता | जमशेदपुर**

बकरीद को लेकर शहर में बकरा बाजार सज गया है. लगभग आधा दर्जन जगहों पर बकरा बेचा जा रहा है. लेकिन बकरा बिक्री का सबसे बड़ा बाजार साकची के आम बगान मैदान में लगा है. यहां झारखंड के रांची, तमाड़, चांडिल के अलावे यूपी तथा राजस्थान से भी बकरे बिक्री के लिए आए हैं. खासकर यूपी के इलाहाबाद, प्रयागराज, कौसाम्बी, भरवरी आदि जगहों से बकरे बिक्री के लिए आए हैं. बकरे के कारोबारियों ने बताया बताया कि महंगाई के कारण बकरों की बिक्री प्रभावित हुई है.

परिवहन लागत ज्यादा होने के कारण बकरे के भाव ऊंचे आसमान पर हैं. उन्होंने बताया कि बकरीद का चांद दिखने के बाद बकरा बाजार सज जाता है. करोबारियों के साथ कई लोग भी आए है जो बकरों को खिलाने,पिलाने एवं देखभाल का काम कर रहे हैं.

मान्यता के अनुसार कम से कम बकरे का दांत निकलना जरूरी होती है. एक वर्ष बाद ही किसी बकरे का दांत निकलता है. जिस बकरे का दांत नहीं निकलता है. उसे लोग पालने के लिए खरीद सकते हैं. ऐसे दर्जनभर बकरे यहां आए हैं.

बकरे की देखभाल के साथ-साथ खाने-पीने का सामान भी साथ में लेकर आना पड़ता है. हरे घांस एवं पेड़ों की पत्तियां यहां मिल जाती है. लेकिन चोकर, खल्ली, भूसा, कुट्टी वगैरह साथ में लाना पड़ता है. ओडिशा के मयूरभंज जिले से आए मो. आमिर कहते है कि वे हर साल बकरीद के मौके पर शहर में व्यापार करने आते है. कुछ बकरे उनके पाले हुए होते है और कुछ वे खरीदकर बेचते है. उनके पास 20 हजार रुपये से लेकर 1.50 लाख तक के बकरे है.

उनके साथ कुछ लड़के भी आए है जो बकरों को खाना खिलाते है. आमिर ने बताया कि बकरों को पालना बहुत ही मुश्किल काम है. उन्हें भूसा और चोकर के अलावा कई सारी चीजें खिलानी होती है. इसके अलावा उनकी सही से देखभाल भी जरुरी है.

### बाजार में छाई मंदी

वहीं पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से आए शेख सलमान ने कहा कि इस साल बाजार में काफी मंदी छाई है. कई लोग बकरे का दाम पूछकर ही वापस चले जा रहे है. हालांकि 17 जून को बकरीद है. आखिरी रविवार को सबसे बड़ा बाजार लगेगा जहां लोग बकरे की खरीद करेंगे. फिलहाल वे लोग बकरे को लेकर शहर में ही डेरा डाले हुए है.

## ब्रीफ खबर

### 30 जून को धूमधाम से आयोजित होगा हूल दिवस

**चांडिल |** इस वर्ष 30 जून को मनाया जाने वाला हूल दिवस धूमधाम से आयोजित किया जाएगा. चौका थाना के नजदीक स्थित फूलो-झानो चौक के समीप चांडिल अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग अपने पारंपरिक परिधान पहनकर शामिल होंगे. इस संबंध में चांडिल प्रखंड के चौका पंचायत भवन में गुरुवार को फूलो झानो जन कल्याण समिति की बैठक महेंद्र टुडू की अध्यक्षता में हुई.

### रक्त संग्रह के लिए आज सम्मानित होगी समिति

**घाटशिला |** कुड़मी संस्कृति विकास समिति को वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त संग्रह करने हेतु 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार सम्मानित करेगी. सरकार ने समिति को नामकुम आडिटोरियम में सम्मानित करने के लिए आमंत्रण पत्र भेजा है. कुडमी संस्कृति विकास समिति झारखंड पश्चिम बंगाल और ओडिशा तीनों राज्यों के कई गांव में वर्ष 2023 में 29 रक्तदान शिविर आयोजित कर कुल 2859 इकाई रक्त संग्रह अलग-अलग रक्त केंद्र के सहयोग से किया.

### कुएं में दिखा अज्ञात व्यक्ति का शव

**डुमरिया |** डुमरिया थाना क्षेत्र के डुमरिया थाना से लगभग दो सौ मीटर दूर एक सिंचाई कुंआ में एक अज्ञात शव को देखा गया है. ग्रामीणों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी है. गुरुवार को अंधेरा हो जाने के कारण शुक्रवार सुबह को शव को निकाला जा सकता है. कुंआ सड़क से कुछ दूर झाड़ियों के बीच मौजूद हैं. शव गलने लगा है. दुर्गंध फैलने के बाद लोगों ने कुंए के पास जाकर देखा. शव औंधे मुंह तैर रहा है. शव निकाले जाने के बाद व्यक्ति की पहचान हो सकती है

### डाक से भेजा जा रहा सरायकेला थाना प्रभारी को शिकायत पत्र

## तितिरबिला लाठी चार्ज मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े ग्रामीण

**संवाददाता | आदित्यपुर**



सरायकेला अंचल के तितिरबिला मौजा में पिछले दिनों बाईपास सड़क के निर्माण को लेकर जमीन अधिग्रहण के दौरान ग्रामीणों पर हुई लाठी चार्ज और बदसलूकी करने के मामले में ग्रामीणों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है. इस मामले में ग्रामीणों द्वारा डीसी, एसपी और विभाग के अभियंता पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर सरायकेला थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत पत्र डाक से भेजा जा रहा है.

बता दें कि पिछले दिन 5 ग्रामीणों द्वारा सरायकेला थाना में लिखित रूप से शिकायत की गई थी, परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण पोस्ट ऑफिस के जरिए लिखित आवेदन सरायकेला थाना को भेज रहे हैं. अब 4 और ग्रामीण जिसमें सुखमति बोदरा, संजय पूर्ति,जोटेया हेंब्रम एवं सुखमति हेंब्रम ग्रामीण शामिल हैं.

इन चार ग्रामीणों ने सरायकेला थाना को भेजे गए आवेदन में साफ तौर पर कहा है कि ग्रामीणों पर हुई लाठी चार्ज की घटना अन्यायपूर्ण है. पूरी घटना की जिम्मेदारी जिले के उपायुक्त, एसपी, अंचलाधिकारी एसडीओ, एवं संबंधित विभाग के अभियंता की है.

### चंपाई सोरेन करेंगे 16 को मानगो फ्लाइओवर का शिलान्यास

**जमशेदपुर |** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आगामी 16 जून को मानगो फ्लाइओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे. इस अवसर पर वे मानगो गांधी मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने गुरुवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया. गांधी मैदान में मुख्यमंत्री की 16 जून की सभा के लिए तैयारियां चल रही हैं. उपायुक्त अनन्य मित्तल ने गांधी मैदान में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया.

इस दौरान उपायुक्त के साथ एसडीएम पारुल सिंह, डीडीसी मनीष कुमार, मानगो सीओ, आइटीडीए प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर, पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय, मानगो अपर नगर आयुक्त रंजीत लोहरा एवं डीएसपी भोला प्रसाद समेत अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे.

### बकरीद पर्व को लेकर घाटशिला थाना में शांति समिति की बैठक

## असामाजिक तत्वों पर नजर रखें कोई समस्या हो तो जानकारी दें

**संवाददाता | घाटशिला**



घाटशिला थाना परिसर में गुरुवार की शाम बकरीद के पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक थाना प्रभारी मधुसूदन दे की अध्यक्षता में आयोजित की गई. शांति समिति के बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार कुजूर शांति समिति का सदस्यों से कहा कि क्षेत्र में कोई समस्या है तो उसकी जानकारी दें.

अधिकारियों ने बकरीद के पर्व को शांति पूर्वक मनाने के लिए सभी से अपील किया. आपस में मिलजुल कर पर्व मनाई. अगर कोई असामाजिक तत्व किसी प्रकार की कोई काम करता है तो इसकी जानकारी दी जाए जिससे प्रशासन उस पर कार्रवाई कर सके. बैठक में शांति समिति के सदस्यों से कहा गया है कि परिवार के बच्चों को एवं आसपास के मोहल्ले के बच्चों को बाइक धीरे चलने की सलाह दें. क्योंकि आए दिन घटना घट रही है.

शांति समिति के सदस्य ने पानी और बिजली की समस्या रखी. बाइक जांच करने की मांग की गई. बैठक में प्रखंड बीडीओ यूनिका शर्मा, गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश, ओपी प्रभारी गौतम कुमार, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, सुभाष सिंह, सत्यनारायण जैन, फकीर चंद्र अग्रवाल, सुरेश चौहान, दिनेश साव, शेख भोलू, तापस चटर्जी, बादल चौधरी, संजय अग्रवाल, सत्यनारायण पुष्टि, मोहम्मद शकील, शेख अखरुद्दीन, शेख सदरूद्दीन, एमडी अलम, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, आनंद अग्रवाल एवं काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे.

**विवाद** 22 को स्नान उत्सव व सात जुलाई को निकलेगी रथ यात्रा, तैयारियां जोरों पर

## स्टेयरिंग वाले स्टील रथ पर मौसीबाड़ी जाएंगे महाप्रभु

**जमशेदपुर | चांडिल**

स्थित श्रीसाधु बांध मठिया मठ दशनामी नागा संन्यासी आश्रम से निकाली जाने वाली रथ यात्रा इस बार विशेष होने वाली है. महाप्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ स्टील से बनाए जा रहे तीन अलग-अलग रथों पर सवार होकर मौसीबाड़ी जाएंगे. सबसे खास बात यह है कि स्टील के तीनों रथों में स्टेयरिंग लगी होगी, जिससे घुमावदार रास्ते पर रथ को आसानी से मोड़ा जा सकेगा. रथों का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है. चांडिल में पहली बार स्टेयरिंग वाले रथ का निर्माण किया जा रहा है. पहली बार ऐसा होगा जब महाप्रभु स्टेयरिंग वाले रथ पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे.

**दिल्ली और कोलकाता से मंगाए जा रहे घोड़े**

श्री महंत विद्यानंद सरस्वती ने बताया कि रथों पर लगाने के लिए बड़े-बड़े छह घोड़े मंगाए गए है. इनमें चार घोड़ा दिल्ली से और दो घोड़ा कोलकाता से मंगाया गया है. उन्होंने बताया कि रथों के निर्माण में सामग्री के मूल्य स्वरूप अबतक आश्रम की ओर से दो लाख 70 हजार रुपये का भुगतान किया गया है. निर्माण के लिए सिर्फ सामग्री का ही मूल्य दिया जाना है, बाकि के खर्च महाप्रभु के एक भक्त कर रहे हैं. डिमना के सामने बन रहे रथों का काम तीव्र गति से हो रहा है. आषाढ़ शुक्ल द्वितीय के दिन निकाले जाने वाली रथ यात्रा चांडिल में धूमधाम से मनाई जाती है. इस वर्ष भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा सात जुलाई को निकाली जाएगी.

**सोलर प्लेट लगाने की सुविधा**

स्टील के बनाए जा रहे भव्य रथों की जानकारी देते हुए मठ के महंत सह जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री महंत विद्यानंद सरस्वती ने बताया कि इस बार बड़ा अदभूत और अनोखे ढंग से रथ तैयार किया जा रहा है. रथों पर भविष्य में ब्रेक भी लगाया जाएगा. इसके साथ ही रथों पर सोलर प्लेट लगाने की भी सुविधा होगी. स्टेयरिंग और ब्रेक के साथ सोलर प्लेट लगने से रथों को आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जा सकता है. किसी प्रकार की दुर्घटना ना हा इसके लिए अमूमन रथ यात्रा के दौरान बिजली काट दी जाती है. ऐसे में रथ यात्रा के दौरान लाइट भी मिल सकेगी.

**22 जून को होगा स्नान यात्रा**

रथ यात्रा को लेकर चांडिल में तैयारियां शुरू कर दी गई है. इस वर्ष 22 जून को स्नान उत्सव मनाया जाएगा. स्नान उत्सव के दौरान अत्याधिक स्नान करने के कारण महाप्रभु बीमार पड़ जाते है और 14 दिनों के एकांतवास में चले जाते हैं. इस दौरान महाप्रभु का जड़ी-बूटी से इलाज किया जाता है. इसके बाद पांच जुलाई को नेत्र उत्सव मनाया जाएगा. जब महाप्रभु स्वस्थ होकर अपने नवयौवन रूप का दर्शन देंगे.

इस दिन चांडिल स्थित मठिया मठ में हवन-पूजन के साथ ब्राह्मण भोजन व भंडारा का आयोजन किया जाता है. इसके बाद सात जुलाई को महाप्रभु अपने भाई-बहन के साथ मौसीबाड़ी जाएंगे और 16 जुलाई को बहुड़ा रथ यात्रा के दिन वापस अपने श्रीधाम लौटेंगे.



रथ यात्रा की फाइल फोटो

#### नागा संन्यासी निकालते हैं रथ यात्रा

चांडिल में निकाली जाने वाली रथ यात्रा पूरे क्षेत्र में विख्यात है. रथ यात्रा में शामिल होने यहां दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं. इस रथ यात्रा की सबसे खास बात है कि यहां नागा संन्यासियों द्वारा रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है. वैसे तो चांडिल स्थित श्रीसाधु बांध मठिया दशनामी नागा संन्यासी आश्रम से निकाली जाने वाली रथ यात्रा अंग्रेजी शासन के समय शुरू हुई थी, लेकिन रथ यात्रा को नई पहचान मठ के ब्रह्मलीन महंत परमानंद सरस्वती ने दिलाई थी. उन्होंने वर्ष 1980 से तीन अलग-अलग रथों पर प्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा निकालने की परंपरा शुरू की. इसके पूर्व एक ही रथ पर सवार होकर महाप्रभु अपने बड़े भाई और बहन के साथ मौसीबाड़ी जाते थे.

## मोनाश यूनिवर्सिटी के साथ टाटा स्टील ने किया एमओयू

**मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर**



टाटा स्टील और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी ने एन्वायरनमेंट एवं इंटेलिजेंट मैन्युफैक्चरिंग पर सेंटर फॉर इनोवेशन स्थापित करने के लिए एक समझौता (एमओयू) किया है. इसका उद्देश्य डीकार्बोनाइजेशन, सस्टेनेबल सोर्स से रिसोर्स रिकवरी और उन्नत, एडिटिव और डेटा-संचालित मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रौद्योगिकियों जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग करना है. टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारत में सबसे पुराने इस्पात निर्माता के रूप में टाटा स्टील ने अधिक सस्टेनेबल विनिर्माण विधियों की दिशा में बदलाव का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है.

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम एक विस्तृत इकोसिस्टम का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें शिक्षा जगत और स्टार्टअप की दुनिया के भागीदार शामिल हैं. मोनाश यूनिवर्सिटी मटेरियल साइंस में एक प्रभावशाली तथा प्रतिष्ठित संस्थान है और अनुसंधान को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने की क्षमता रखता है, जो इस इकोसिस्टम में एक अतिरिक्त सुविधा है. इस एमओयू के तहत हम एक उपयोगी साझेदारी की आशा करते हैं, जो नए व्यावसायिक अवसरों के द्वार खोलेगी और हमारे लोगों और पृथ्वी के लाभ के लिए तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाएगी.

मोनाश यूनिवर्सिटी के उप कुलपति (एंटरप्राइज एंड एंगेजमेंट) और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो डोरोन बेन-मीर ने कहा कि हमें मटेरियल साइंस और रासायनिक प्रक्रिया अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए टाटा स्टील के साथ सहयोग करने पर खुशी है. यह प्रौद्योगिकियों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है. यह सहयोग अनुसंधान में मोनाश यूनिवर्सिटी की विश्व प्रसिद्ध विशेषज्ञता पर आधारित होगा.

## ब्रीफ खबरें

### नीमडीह में पटाखे से झुलसा बालक, भर्ती

**जमशेदपुर ।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचा गांव निवासी एक बालक गुरुवार की सुबह पटाखे के बारूद से झुलस गया. परिजन उसे जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया. यहां बर्न यूनिट में किशोर का इलाज चल रहा है. बच्चे के पिता ने बताया कि बताया कि डोमचार में बीती शाम वहां शादी समारोह में आतिशबाजी हुई थी. पांच वर्षीय शिवा महतो सुबह उठकर सभी पटाखों को इकट्ठा कर उसमें आग लग रहा था. तभी धमाका हुआ और बच्चे का चेहरा और हाथ बुरी तरह झुलस गया.

### श्राद्धक्रिया में मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग

**बहरागोड़ा ।** प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया गांव निवासी सुमीता बेहरा नामक महिला का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था. परिवार को अत्यंत गरीब होने के कारण श्राद्धक्रिया में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. जिसकी सूचना मिलते ही गुरुवार को पंचायत के मुखिया राम मुर्मू ने पहुंचकर आर्थिक सहयोग किया. उन्होंने अबुआ आवास योजना से वंचित पीड़ित के परिजनों को सरकारी योजना से जोड़ने का हरसंभव मदद का भरोसा दिया. इस मौके पर प्रसान्त घोष, सोमनाथ राना, विश्वजीत राना आदि उपस्थित थे.

### बोड़ाम में दलमा जंगल से मिले शव की हुई पहचान

**जमशेदपुर ।** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत पगदा व लायलम के बीच दलमा जंगल से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बीते मंगलवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था. गुरुवार को मृतक की पहचान 24 वर्षीय राजा राम के रुप में की गई. राजा राम पटमदा के खेड़ुआ गांव का रहने वाला था. राजा की पहचान उसके पिता कार्तिक सोरेन ने की. इस संबंध में चौकीदार के बयान पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था. पिता ने पुलिस को बताया कि राजा राम जमशेदपुर में आकर मजदूरी करता था. 11 जून को वह घर नहीं आया.

### गम्हरिया के पूर्व अंचल अधिकारी सस्पेंड

**जमशेदपुर ।** गम्हरिया के पूर्व सीओ और वर्तमान में कोडरमा के सीओ गिरेंद्र टूटी को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है. इसको लेकर प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की ओर से अधिसूचना भी जारी की है. राज्य सरकार की ओर से गिरेंद्र टूटी के खिलाफ पिछले 22 फरवरी के एक मामले में कार्रवाई की गई है. उस दिन विभागीय स्थापना समिति की बैठक हुई थी. बैठक में ही उन पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था. उसके बाद सीओ को निलंबित करने की अनुसंशा की गई थी.

### जनहित कार्यों को गति देने पर सांसद ने की चर्चा

**जमशेदपुर ।** लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद बिद्युत बरण महतो पहले की तरह गुरूवार को सांसद कार्यालय में बैठे और दूर दराज से आये जनता का समस्या का समाधान हेतु निर्देश दिए. जुगसलाई मण्डल के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र पाण्डेय की अगुआई में सांसद का पुष्प गुच्छा देकर अभिनंदन किया गया. जनहित के कार्यों में पहले से भी तेज गति से विकास कार्य करके जमशेदपुर को विकसित करने का आग्रह किया गया. सांसद के निर्वाचित होने के बाद आज पहली बार सांसद कार्यालय में बैठे थे. विभिन्न क्षेत्रो से आये लोगो ने अभिनन्दन किया एवं बधाई दी.

### यूसील बांदुहुड़ांग माइंस के विस्थापितों का धरना जारी

**जमशेदपुर ।** यूसील तुरामडीह माइंस इकाई के बांदुहुड़ांग माइंस के विस्थापित परिवार 11 जून से बांदुहुड़ांग ओपन कास्ट माइंस के धरमकांटा गेट के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं. धरना के कारण बांदुहुड़ांग माइंस से अयस्क की ढुलाई ठप हो गयी है. विरोध में बांदुहुड़ांग केरवा डुंगरी विस्थापित व प्रभावित परिवार संयुक्त समिति शामिल है. संयुक्त समिति की अध्यक्ष रूकमनी हो ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. इधर, एसडीओ और सीओ धरना स्थल पर पहुंचे और विस्थापितों से वार्ता की.

## जल संकट पर आदित्यपुर नगर निगम ने लिया बड़ा निर्णय

# हर वार्ड में डीप बोरिंग कर 20 हजार गैलन क्षमता की पानी टंकी बनेगी



**खास बातें**

- मानसून के दौरान क्षेत्र में 10 हजार पौधे लगाये जाएंगे
- काशीडीह में पीएम आवास का निर्माण लगभग पूरा

**संवाददाता । आदित्यपुर**

जल संकट पर आदित्यपुर नगर निगम प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है. निगम के प्रशासक ने हर वार्ड में डीप बोरिंग कर 20 हजार गैलन क्षमता की पानी टंकी निर्माण करने का आदेश जारी किया है. इससे पानी संकट से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी. उन्हें टैंकरों पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा. यह जानकारी नगर निगम के प्रशासक आलोक कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि अब आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गया है, इसलिए नगर निगम अब पूरे एक्शन में नागरिक सुविधाओं को लागू करने की योजना पर काम करेगा. उन्होंने बताया कि नगर निगम आदित्यपुर मानसून के दौरान 10 हजार पौधे लगाएगा. नगर निगम की एजेंसियों के साथ बैठक कर उन्हें सभी कार्यों को धरातल पर उतारने का आदेश जारी किया गया है.

उन्होंने कहा कि नगर निगम वार्ड 9 के काशीडीह में निर्माणाधीन 780 पीएम आवास लगभग पूरा हो चुका है. उसमें नगर निगम के प्रशासक ने बिजली और पानी की सुविधा जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश एजेंसी के अधिकारियों को दिया है. प्रशासक ने बताया कि आदर्श आचार संहिता की वजह से जो भी योजनाएं स्थगित हुई थीं, उन्होंने सारी योजनाओं को अब धरातल पर उतारने का आदेश जारकर दिया है. वार्डों में जल संकट को देखते हुए रेड जोन के इलाके वाले वार्डों में एचवाईडीटी योजना के तहत डीप बोरिंग कराकर वहां 20 हजार गैलन क्षमता की- वाटर टंकी बनाकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. इसके लिए 15 दिनों में जगह चिन्हित करने का आदेश जारी किया है. इसके साथ ही उन्होंने राजस्व संग्रह में वृद्धि लाने के लिए सभी बकाएदारों को नोटिस भेजने का आदेश दिया है. सभी सफाई एजेंसियों को मानसून से पहले छोटी-बड़ी नालियों की सफाई करने का आदेश दिया गया है.

## पारदर्शिता के साथ काम करे नगर निगम : वरिष्ठ नागरिक संघ

**संवाददाता । आदित्यपुर**




वरिष्ठ नागरिक संघ आदित्यपुर के प्रतिनिधि मंडल ने रवींद्र नाथ चौबे के नेतृत्व में नगर निगम के प्रशासक आलोक कुमार से मिलकर उन्हें आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा. इसमें रामचंद्र पासवान और विजय नारायण पांडेय भी शामिल थे. प्रतिनिधि मंडल ने अपनी नगर निगम की कार्य संस्कृति बदलने की बात रखते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों, संवेदकों तथा लाभार्थी जनता के बीच समन्वय और पारदर्शिता अपना कर कार्य संपन्न कराने की मांग की.

वरिष्ठ नागरिक संघ की प्रमुख मांगों में कालोनी की सभी सड़कों नये सिरे से निर्माण कराने, जलापूर्ति योजना को शीघ्र धरातल पर लाने, सफाई कार्य को और चमकदार बनाने, वर्षा के जल संग्रह के लिए कुछ जगह नदी के किनारे बीयर या तालाब बनाने, वृहद पैमाने पर पौधारोपण कराने, जेआरडीसीएल पर दबाव डालकर मेन रोड पर कांड्रा से आदित्यपुर तक सभी पोल पर लाइट लगवाने की मांग शामिल है.

नगर निगम के प्रशासक ने इस अवसर पर कहा कि आदित्यपुर क्षेत्र की 25 किलोमीटर सड़क ब्लैक टाप से रोड कंस्ट्रक्शन विभाग शीघ्र बनवाएगा. जलापूर्ति हर हाल में पूरा की होगी क्योंकि वन विभाग की बाधाएं दूर हो गईं हैं. सीतारामपुर क्षेत्र में कुछ बाधा डाली जा रही है जिसे दूर किया जा रहा है.

## सीआरपीएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत



अस्पताल में गमगीन परिजन. ( इनसेट ) मृतक जवान की फाइल फोटो.

**संवाददाता । आदित्यपुर**

सरायकेला थाना क्षेत्र के कोलडीपी के पास सड़क दुर्घटना में देर रात एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई है. उसके साथ स्कूटी पर सवार दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. उन्हें बेहतर इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल से जमशेदपुर रेफर किया गया है.

परिजनों के अनुसार मृतक हरेंद्र कुंकल (38) सीआरपीएफ का जवान था. वह चालक था. वह छुट्टियों में अपने घर मानगो स्थित घर कुटकू डूंगरी आया था. बुधवार की रात वह अपनी स्कूटी से दो दोस्त जीवन कुंकल (30) और मोरन सिंह पूर्ति (44) के साथ चाईबासा स्थित नीमडीह अपने ससुराल जा रहा था. तभी सरायकेला कोलडीपी पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज गति ट्रक से टक्कर हो गई.

इसमें स्कूटी सवार सीआरपीएफ का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया. पीछे बैठे दो युवक भी घायल हो गए. ट्रक के साथ हुए इस भीषण सड़क दुर्घटना में स्कूटी ट्रक के भीतर जा फंसा था.

तीनों घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. वहां सीआरपीएफ जवान हरेंद्र कुंकल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी होने के बाद मृतक सीआरपीएफ कर्मी की पत्नी व अन्य परिजन सदर अस्पताल सरायकेला पहुंचे.

## केयू के कॉलेजो में संकाय आधारित पढ़ाई का होगा विरोध

**चांडिल ।** कोल्हान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में संकाय आधारित पढ़ाई का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजने का एआईडीएसओ ने विरोध किया है. एआईडीएसओ के झारखंड प्रदेश सचिव सोहन महतो ने प्रेस बयान जारी कर संकाय आधारित पढ़ाई के निर्णय को वापस लेने की मांग की है. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और सभी कॉलेजों में विद्यार्थियों को सभी विषयों की शिक्षा दी जाए. संकाय आधारित शिक्षा व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा हासिल करने में बाधक बनेगा.

कोल्हान विश्वविद्यालय में संकाय आधारित शिक्षा व्यवस्था लागू किए जाने पर एआईडीएसओ छात्र समुदाय के साथ उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगा. उच्च शिक्षा से वंचित हो जाएंगे. विद्यार्थी एआईडीएसओ के जिला सचिव प्रभात कुमार महतो ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पूरे देश में शिक्षा का हाल-बेहाल है. केयू भी इससे अछूता नहीं है. स्ट्रीम वाइज पढ़ाई से काफी छात्र पढ़ाई से दूर हो जाएंगे.

## स्टेटस लगाकर होमगार्ड जवान ने की आत्महत्या

**संवाददाता । जमशेदपुर**

"तैयारी तुम भी करो रोने की, मेरे सहने का ये अंतिम दौर है." यह इंस्टाग्राम स्टेटस लगाकर ओलीडीह ओपी क्षेत्र के शंकोसाई रोड नंबर 2 निवासी संदीप कुमार रजक (34) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. संदीप का शव घर के कमरे में एस्बेस्टस से कपड़े के सहारे लटका पाया गया. घटना बुधवार शाम की है. घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने शव फंदे से उतारा और पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. शव का पोस्टमार्टम कराकर गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया गया.

**घटना से पहले लगाए तीन स्टेटस**

घटना से पूर्व संदीप ने अपने इंस्टाग्राम में तीन स्टेटस लगाए. तीनों स्टेटस से यह पता चलता है कि संदीप काफी डिप्रेशन में था. एक स्टेटस में उसने लिखा कि ₹ ₹तैयारी तुम भी करो रोने की, मेरे सहने का ये अंतिम दौर है जिसके बाद उसने मौत को गले लगा लिया.



मृतक जवान की फ़ाइल फोटो

**छह माह पूर्व हुई थी शादी**

पिता नरेश ने बताया कि संदीप की शादी छह माह पूर्व 13 दिसंबर 2023 को बिहारशरीफ में हुई थी. शादी के बाद से ही वह काफी परेशान रहता था. बुधवार को वह किसी काम से बाहर गया था. दोपहर 1.30 बजे घर आया और अपने कमरे में चला गया. देर शाम तक जब घर वाले उसे ढूंढ़ते हुए कमरे में पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद था. दरवाजा तोड़ने पर संदीप का शव फंदे से लटका मिला. वहीं संदीप के साथियों के अनुसार वह शादी के बाद से ही काफी परेशान रहता था. इधर, परिजनों के बयान पर पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है.

## बंगला भाषा उन्नयन समिति ने डीएसई को सौंपा ज्ञापन



**घाटशिला ।** मातृभाषा आधारित सर्वे के आधार पर बंगला भाषी विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी लेने के लिए गुरुवार को जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) जमशेदपुर को बंगला भाषा उन्नयन समिति घाटशिला की ओर से ज्ञापन सौंपा गया. समिति के तापस चटर्जी ने बताया कि बंगला भाषी समाज की ओर से मांग की गई है कि पूरे जिले का सर्वे के अनुसार विद्यालयवार बंगला भाषी विद्यार्थियों की संख्या देने, सर्वे के आधार पर जिले में कितने बंगला शिक्षकों की नियुक्ति की प्रस्तुति ली जा रही है, 25 विद्यार्थियों को आधार बना कर बंगला शिक्षकों के पदों को विलुप्त नहीं किया जाये, नही तो बाद में दिक्कत का सामना करना पड़ेगा. ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश रॉय, करुणामय मंडल, सुभाष सिंघरॉय, जुरन मुखर्जी, असित चक्रवर्ती, अपूर्बा रॉय, असित भट्टाचार्य, पार्थो रॉय, व अन्य शामिल थे.

## बिल्डर किशोरी बंसल व रोशन लाल को नोटिस

### घाटशिला सीओ ने कागजात के साथ बुलाया

**संवाददाता । घाटशिला**

घाटशिला प्रखंड क्षेत्र में नियम कानून को ताक पर रखकर बनाये जा रहे बड़े-बड़े अपार्टमेंट को संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को अंचल अधिकारी के कार्यालय से दाहीगोड़ा हनुमान मंदिर के समीप रहने वाले किशोरी बंसल एवं रोशन लाल गुप्ता (बिल्डर) दाहीगोड़ा को नोटिस जारी किया गया है.

नोटिस में बताया गया है कि दाहीगोड़ा हनुमान के समीप अपार्टमेंट बनाया जा रहा है. अपार्टमेंट का गंदा पानी पाइप लाइन द्वारा पीछे रेलवे भूमि पर बहाया जा रहा है. इससे संक्रमण रोग फैलने की संभावना है. बिल्डर को निर्देश दिया जाता है कि नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर बिल्डिंग के सभी कागजात एवं नक्शा के साथ स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यालय कक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें.

ज्ञात हो कि मंगलवार की रात बिल्डर द्वारा विधायक निधि से नाली निर्माण का बोर्ड लगाकर रात के अंधेरे में रेलवे की जमीन पर जेसीबी लगाकर नाली की खुदाई की जा रही थी. आरपीएफ ने आकर काम बंद करवाया था. मामले को संज्ञान में लेते हुए विधायक ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया था कि सारे कागजात की जांच की जाए. इस आलोक में गुरुवार को कई अधिकारी अपार्टमेंट का निरीक्षण करने पहुंचे थे.

## उपनिदेशक ने बांसदा में बायो फ्लॉक टैंक का किया निरीक्षण



**घाटशिला ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, गुमला के उपनिदेशक ने गुरुवार को बहरागोड़ा प्रखंड स्थित बांसदा गांव में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत विश्वजीत राणा द्वारा निर्मित बायो फ्लॉक टैंक का निरीक्षण किया. इस दौरान जमशेदपुर के जिला मत्स्य पदाधिकारी और जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे. उपनिदेशक के साथ कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस ऑफ गुमला से आए 25 छात्र-छात्राओं को मत्स्य फार्म के संरक्षक संजीव कुमार पाल ने मत्स्य पालन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. सभी पदाधिकारी मत्स्य फार्म मछलियों की प्रगति को देख कर काफी खुश हुए. जिला मत्स्य पदाधिकारी ने सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं उसके लाभ बताए. इस मौके पर फार्म के मालिक विश्वजीत राणा, संरक्षक संजीव कुमार पाल, गोबिन्द घोष सहित फार्म के अन्य कर्मी उपस्थित थे.

**आस्था** जेम्को में पेड़ों की लगातार कटाई से बिफरे बस्तीवासी, विरोध के बाद काम बंद

# वन विभाग की लिखित अनुमति लेकर आएं, तब काटें पेड़

**खास बातें**

- काटे जा रहे हैं, 40 वर्ष पुराने पेड़, सड़क बनी तो आये दिन हो सकती है दुर्घटना
- सड़क के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइट और पौधरोपण का आश्वासन

**मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर**



टेल्को क्षेत्र के जेम्को आजाद बस्ती स्थित मिश्रा बागान के पास गुरुवार को एक बार फिर पेड़ों की कटाई-छंटाई के लिए कंपनी प्रबंधन की ओर से श्रमिकों को भेजा गया. लेकिन आज बस्तीवासियों के आगे उनकी एक न चली. लगभग 40 वर्ष पुराने पेड़ों की कटाई किये जाने से क्षुब्ध बस्तीवासियों ने एकजुट होकर कटाई के लिए पहुंची टीम का भारी विरोध किया. फलस्वरूप टीम वहां से बैरंग लौट गयी. बस्तीवासियों ने बताया कि पिछले बुधवार को पांच पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया गया था. तब भी बस्तीवासियों ने विरोध करते हुए एक पेड़ को काटने से मना किया था. गुरुवार को सुबह उस पेड़ को काटने के लिए टीम पहुंची थी. इसका बस्तीवासियों ने भारी विरोध किया और काम बंद करा दिया.

काम बंद करा दिये जाने की सूचना पाकर कंपनी प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और बस्तीवासियों से बात की. इस क्रम में बस्तीवासियों ने टीम से सदस्यों से कहा कि पेड़ काटने से पहले वन विभाग की लिखित अनुमति दिखायें, तब पेड़ों को काटें, अन्यथा छोड़ दें. बस्तीवासियों के अनुसार यहां मेन रोड बनाने के लिए पेड़ काटे जा रहे हैं. जबकि बगल में बस्ती है. छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग इस रोड पर शाम में निकलते व आवागमन करते हैं. यदि यहां मेन रोड बन जायेगा, तो आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी. बड़े-बड़े ट्रक और हाइवे इस रोड से पार होंगे. इसलिए बीच के पेड़ों को काटा जा रहा है. इतने बड़े क्षेत्र की आबादी में बगल के जम्को मैदान में कांबी मिल कंपनी बन रही है, इससे प्रदूषण फैलेगा और उससे बचाने वाले पेड़ों को ही काटा जा रहा है.

कंपनी प्रबंधन की टीम ने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया है कि यहां ड्रेनेज सिस्टम बनाया जायेगा तथा पौधरोपण करा कर रोड के साथ ही स्ट्रीट लाइट भी लगवायी जायेगी. इस दौरान महेश मिश्रा, पप्पू कुमार, संतोष झा , पंकज झा, करनदीप सिंह, नमन, रौनक, गीता देवी, मनजीत सिंह, पप्पी समेत बस्ती के कई लोग उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### दुकानदार से परेशान लाभुक उपायुक्त से मिले



**जमशेदपुर ।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लाभुकों को राशन मिलने में अड़चनें आ रही हैं. गुरुवार को जिले के पोटका प्रखंड निवासी राशन कार्डधारी उपायुक्त कार्यालय पहुंचे हैं.कार्डधारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है. कार्डधारी निरंजन ने बताया कि उन्हें कई माह से राशन नहीं मिल रहा है. वे जनवितरण प्रणाली की दुकान का चक्कर लगा लगाकर थक चुके हैं. पोटका प्रमंडल में पहले प्रदीप कुमार दत्ता राशन का वितरण किया करते थे. उन्हें अब वहां से हटा दिया गया है. अब वहां एकता महिला समिति राशन वितरण करती है. समिति दो माह पूर्व पंचिंग कराने के बावजूद राशन में कटौती कर रही है. लाभुकों ने उपायुक्त से इस समस्या के समाधान की गुहार लगायी है.

### केरूकोचा सड़क पर हाथियों से राहगीर परेशान



**चाकुलिया ।** चाकुलिया की विभिन्न सड़कों पर इन दिनों हाथियों का झुंड धूमता नजर आ रहा है. इससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. गुरुवार की सुबह चाकुलिया-केरूकोचा मुख्य सड़क पर एक बड़ी दुर्घटना टल गयी. सुबह में करीब 7-8 हाथियों का झुंड मुख्य सड़क पार कर रहा था. उसी दौरान एक ट्रैक्टर आ गया. यह तो भगवान का शुक्र था कि हाथियों के झुंड के बीच से ट्रैक्टर सुरक्षित निकल गया. ट्रैक्टर जैसे ही हाथियों के बीच पहुंचा, क्षेत्र हाथियों के चिंघाड़ से गूंजने लगा. सड़क किनारे हाथियों का झुंड होने की वजह से चाकुलिया-केरूकोचा मुख्य सड़क से आवागमन करनेवाले भयाक्रांत हैं.

### पोटका सीओ ने जब्त किया अवैध बालू लदा हाइवा



**जमशेदपुर।** पोटका अंचलाधिकारी निकिता बाला ने गुरुवार की सुबह करीब छह बजे कोवाली थाना क्षेत्र के बानाकाटा रोड में औचक छापामारी की. इस दौरान उन्होंने अवैध बालू लदा एक हाइवा को पकड़ा. हाइवा चालक के पास चालान नहीं था. वह वहां से फरार हो गया. अंचल अधिकारी निकिता बाला ने बताया कि अवैध रूप से हाइवा से बालू की ढुलाई की जा रही थी. इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है. इससे पूर्व पिछले 5 मई कोवाली थाना क्षेत्र के रसुनचोपा मध्य विद्यालय के पास वैध चालान बगैर परिवहन करते तीन हाइवा जब्त किया गया था. उल्लेखनीय है कि एनजीटी के आदेश पर इन दिनों बालू के खनन व परिवहन पर रोक है.

### टाटा मोटर्स प्लांट वन में गुरमीत सिंह सम्मानित



**जमशेदपुर ।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेंबर गुरमीत सिंह लखनपाल को बर्मामाइंस गुरुद्वारा साहिब का वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया है. इसे लेकर गुरुवार को टाटा मोटर्स के प्लांट वन यूनियन ऑफिस में प्लांट वन के ऑफिस बीयर्स और कमेटी सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया. इस असर पर प्लांट वन यूनियन के ऑफिस बीयर्स अजय भगत, लाल बाबू प्रसाद, कमेटी मेंबर अली राजा, प्रफुल्ल सिंह, सुबोध कुमार सिंह, विश्वजीत सिंह, मुरली मौर्य, राजीव श्रीवास्तव, नाईक मोहम्मद, पुष्पेंद्र मिश्रा, शंभू प्रसाद, आनंद, संजीव कुमार दास समेत अन्य उपस्थित थे. कार्यक्रम के समापन पर कमेटी मेंबर प्रशांत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

### बढ़ती गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाथरी पंचायत अंतर्गत डींगासाई गांव का जलमीनार लंबे समय से बंद पड़ा है. ग्रामीणों के मुताबिक गांव में लगभग 35 परिवार व लगभग 250 लोग निवास करते हैं. वहीं गांव में दो सोलर जलमीनार का निर्माण किया गया है, जिसमें एक जल मीनार कई महीनों से खराब है तथा दूसरा नव निर्मित जलमीनार में बहुत ही कम मात्रा में पानी निकलने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. फिलहाल ग्रामीण दूसरे टोले में निर्मित जल मीनार एवं कुएं से अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है. वहीं इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों ने कहा कि वे कई बार संबंधित विभाग के ठेकेदार को भी सूचना दे चुके हैं. लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है, जिससे विभाग के प्रति ग्रामीण काफी नाराज हैं.

### यात्री प्रतीक्षालय के नहीं होने से बढ़ी परेशानी



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित दारीशोल की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है. यहां एनएच 49 किनारे बसे दर्जनों गांव के हजारों लोग पश्चिम बंगाल, ओडिशा तथा झारखंड के विभिन्न जगह आने जाने के लिए चौक चौराहे पर बस तथा छोटे वाहनों के इंतजार में खड़े रहते हैं. एनएच पर करीब 5 पंचायतें मटिहाना, खंडामौदा, सांडरा, पारूलिया व खेड़ुया हैं. करीब 5 से 7 बस स्टॉप भी हैं जहां से इन पंचायतों के लोग सवारी गाड़ी पकड़ते हैं. इन सभी बस ठहराऊ पर कहीं भी सही जगह पर यात्री शेड उपलब्ध नहीं है. इसके कारण आमजन विशेषकर महिलाओं को काफी दिक्कतें होती हैं.

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आधारित फिल्म होगी रिलीज



**जमशेदपुर ।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और सर्वशिक्षा अभियान को ध्यान में रख कर निर्मित फिल्म "फूली" अब बिहार-झारखंड के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यह फिल्म बिहार और झारखंड के सिनेमाघरों में 14 जून को रिलीज हो रही है. फिल्म का प्रदर्शन पटना, रांची, जमशेदपुर सहित दोनों राज्यों के प्रमुख सिनेमाघरों में होगा. इसकी जानकारी फिल्म के निर्माता मनीष कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि यूं तो हमारी फिल्म 7 जून 2024 को रिलीज हो चुकी है. लेकिन अब हम इसे अपने होम टाउन में रिलीज कर रहे हैं. उम्मीद है दर्शकों को हमारी ये पेशकश पसंद आएगी.

### कुईड़ा, कदमडीहा व कायदा पंचायत के गांवों में ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटक रहे, लंबी दूरी तय कर दूसरे टोला से लाना पड़ता है पानी

# गोईलकेरा के कई गांवों में गहराया जल संकट, नदी-नाले सूखे

संवाददाता । चक्रधरपुर

भीषण गर्मी में पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा प्रखंड के कई गांवों में जल संकट उत्पन्न हो गया है. क्षेत्र के नदी-नाले सूखने लगे हैं. जिससे प्रखंड की कई पंचायतों में पानी की समस्या उत्पन्न होने के कारण ग्रामीण परेशान हैं. कुईड़ा पंचायत के पालुहासा, गोटम्बा, बिडदीरी, कदम्डीहा पंचायत के ईचाहातु, लुगरी, कायदा, पाताहातु, कायदा पंचायत के रायबेड़ा, बंजिरा समेत अन्य गांवों में ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं. ग्रामीणों को पीने की पानी के लिए लंबी दूरी तय कर दूसरे टोला जाना पड़ता है. इन गांवों को नल-जल योजना का लाभ भी सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है. यहां तक कि कई महीनों से चापाकल भी खराब पड़ा है.


गोईलकेरा के पालुहासा गांव में पानी की समस्या को लेकर बैठक करते ग्रामीण.


गोटम्बा गांव में पानी की समस्या को लेकर नाराजगी जताते ग्रामीण व साथ में झापा के केंद्रीय नेता.

**पानी की समस्या पर ग्रामीणों ने की बैठक, अधिकारियों से मिलने का लिया निर्णय**

जल संकट को लेकर कई गांवों में बैठकें भी शुरू हो गई हैं. कुइड़ा पंचायत के पालुहासा, गोटम्बा गांव में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को बैठक की. जहां मुख्य रूप से झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता महेन्द्र जामुदा भी उपस्थित हुये. बैठक के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें पानी की समस्या से अवगत कराया. गांवों में घूमकर वह पानी की समस्या से रूबरू हुये. इस दौरान गांवों में खराब पड़े चापाकल को लेकर ग्रामीणों ने अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जतायी. बैठक के दौरान ग्रामीणों ने तय किया कि पानी की समस्या को लेकर जल्द ही प्रतिनिधिमंडल विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेगा, ताकि गांवों के खराब चापाकलों को ठीक किया जा सके और लोगों को नल-जल योजना का लाभ भी दिया जाए. मौके पर चमरा कोड़ा, ताराचंद दिग्गी, कैलाश दिग्गी, संग्राम दिग्गी, खुदीराम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : कुलदीप


बैठक में डीसी कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी.

- पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई की रहेगी व्यवस्था शांति से मनायें त्योहार
- बकरीद के दिन पानी, बिजली की व्यवस्था दुरूस्त रखने का निर्देश

संवाददाता । चाईबासा

जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला उपायुक्त (डीसी) एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) की संयुक्त अध्यक्षता में ईद-उल-जोहा (बकरीद) की विधि-व्यवस्था को लेकर गुरुवार को बैठक हुई. बैठक में डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जाना चाहिए. इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए. बकरीद की नमाज के लिए जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज-अदा करने की समय की भी जानकारी दी गई.

डीसी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चाईबासा एवं चक्रधरपुर को निर्देश दिया कि बकरीद के दिन पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई करना सुनिश्चित करेंगे. पेयजल विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था समुचित रखेंगे. बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि बिजली की व्यवस्था अच्छी रहे, ताकि बकरीद के दिन लोगों को परेशानी नहीं हो.

डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति/पेज/ ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई की जाएगी. सोशल मीडिया पर 24 X 7 निगरानी रखी जा रही है. बकरीद के दिन कुर्बानी खुले में ना दी जाए, इसपर विशेष निगरानी रखेंगे. साथ ही कुर्बानी के उपरांत अनुपयोगी चीजों का निपटारा समुचित ढंग से किया जाए, इसका भी विशेष ध्यान रखेंगे. बकरीद के दिन प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय उपस्थित रहेंगे.

बैठक में मुख्य रूप से अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हांसदा, अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर मुकेश मछुआ, सहायक समाहर्ता अर्नब मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, अधीक्षक उत्पाद, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

## चाईबासा में तेज आंधी में सड़क पर गिरा पेड़, दो घंटे तक अवरुद्ध रहा मार्ग

**चाईबासा।** गुरुवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान चाईबासा के कई इलाकों में पेड़ तथा बिजली के कई खंभे गिर गये. कई घरों पर पेड़ की डाल गिरने से आंशिक नुकसान हुआ है. आंधी का असर तुईवीर में भी देखने को मिला है. तेज आंधी ने यहां एक पेड़ को धराशायी कर दिया. पेड़ चाईबासा-तुईवीर सड़क पर गिर गयी. इससे व्यस्त रहने वाली यह सड़क अवरुद्ध हो गयी. दो घंटे बाद पेड़ हटाया जा सका और आवाजाही बहाल हुई. इस दौरान दोनों ओर वाहनों का जाम लग गया. इसके अलावा आसपास इलाकों में घरों को पेड़ों की डालियां गिरने से आंशिक नुकसान हुआ है. हालांकि इससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.



# शहरी क्षेत्र में पांच हजार पौधे लगाने का है लक्ष्य


नगर परिषद् की ओर से मिले पौधा के साथ सामाजिक संगठन के सदस्य.

संवाददाता । चक्रधरपुर

पर्यावरण पखवाड़ा के तहत नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में पांच हजार पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है. विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर 6 जून से शुरू हुये पर्यावरण पखवाड़ा को लेकर गुरुवार को चक्रधरपुर के नगर परिषद कार्यालय में बैठक हुई. इसमें शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग इकट्ठा हुये.

बैठक के दौरान नगर परिषद के कार्यापालक पदिाधकारी राहुल यादव ने लोगों को पर्यावरण पखवाड़ा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने कहा कि 6 जून से शुरू किया गया पर्यावरण पखवाड़ा 22 जून तक चलाया जाएगा. इस पखवाड़ा के तहत नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में कुल 5 हजार पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया है. इस कार्य को सफल बनाने में शहरवासियों की सहभागिता जरुरी है. मौके पर उन्होंने पर्यावरण का महत्व बताते हुये कहा कि पेड़-पौधों के बिना स्वच्छ हवा मिलना मुश्किल है. बिगड़ते पर्यावरण को बचाये रखने के लिए हर पेड़-पौधों को बचाना जरुरी है.

उन्होंने कहा कि जो भी लोग पौधरोपण करना चाहते हैं. उन्हें नगर परिषद की ओर से निःशुल्क पौधे बांटे जा रहे हैं. इसके लिए इच्छुक व्यक्ति नगर परिषद से संपर्क कर सकते हैं. इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी ने उपस्थित सभी सामाजिक संगठन के लोगों के बीच पौधरोपण के लिए फलदार व छायादार पौधा का भी वितरण किया.

बैठक में चक्रधरपुर की मारवाड़ी युवा मंच, हेल्पिंग हैंड्स, अंजुमन इस्लामिया समेत अन्य कई सामाजिक संगठनों के लोगों के अलावे पूर्व पार्षद व स्थानीय लोग मौजूद थे.

### शिवलिंग की खोजबीन में लगे हुए थे कई ग्रामीण

# दुर्गादा से चोरी शिवलिंग बेड़ादूईया गांव में मिला

- घर वाले को पता नहीं आंगन में किसने रखा शिवलिंग
- जानकारी हुई तो शिवलिंग लाने रवाना हुए थाना प्रभारी

संवाददाता । चक्रधरपुर


बंदगांव स्थित दुर्गादा पूजा स्थल से चोरी हुई शिवलिंग.

पश्चिमी सिंहभूम जिला के कराईकेला थाना क्षेत्र के नकटी पंचायत स्थित दुर्गादा पूजा स्थल से चोरी नौ जून को शिवलिंग चोरी हो गई थी. यह शिवलिंग पांच सौ साल पुराना जीवंत शिवलिंग है. इस शिवलिंग के बारे में गुरुवार को ग्रामीणों को गोईलकेरा के बेड़ादूईयां गांव में होने की जानकारी मिली. बताया जाता है कि नकटी क्षेत्र के राधेश्याम गागराई, बेहरा दिग्गी व अन्य कुछ ग्रामीण शिवलिंग की खोजबीन में लगे हुये थे. वहीं ग्रामीणों को पता चला कि शिवलिंग गोईलकेरा के बेड़ादूईया गांव स्थित एक घर में है. जिस घर के प्रांगण में शिवलिंग पाया गया है कि उस घर के मालिक का कहना है कि शिवलिंग उनके घर के प्रांगण में कैसे आया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है. इधर इस संबंध में कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीणों द्वारा चोरी हुई शिवलिंग के मिलने की जानकारी दी गई है. ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के तहत ही वे गोईलकेरा के बेड़ादूईयां गांव में शिवलिंग लाने के लिए निकले हैं. शिवलिंग मिलने के बाद ही पूरा मामला सामने आ पाएगा. 9 जून को जब ग्रामीण दुर्गादा जंगल स्थित पूजा स्थल में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे तो शिवलिंग गायब पाया था. इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कराईकेला थाना प्रभारी व पंचायत के मुखिया मिथुन गागराई को दी थी. साथ ही स्थानीय ग्रामीण टीम बनाकर शिवलिंग की खोजबीन में भी जुटे हुये थे. शिवलिंग मिलने की सूचना से दुर्गादा व आस-पास के लोग खुश हैं. शिवलिंग चोरी होने जाने से ग्रामीण वहां पूजा नहीं कर पा रहे थे.

## न्यूज अपडेट

### शनिदेव भक्त मंडली ने लड़की की शादी में की मदद



**चांडिल।** सामाजिक संस्था श्री शनिदेव भक्त मंडली (ट्रस्ट) ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत गरीब लड़की की शादी में सहयोग दिया है. मंडली ने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत घुटियाडीह के रहने वाले हेमंत कर्मकार की बेटी राखी कर्मकार की शादी में होने वाले राशन का पूरा खर्च वहन किया है. राखी के पिता हेमंत कर्मकार मानसिक रोगी हैं. उनकी मां मजदूरी कर किसी प्रकार परिवार का भरण-पोषण करती है. ऐसे में विवाह के दौरान होने वाले खर्च को उठाने में वे असमर्थ थीं.

### नाबालिग युवती को भगाने के आरोपी को भेजा जेल



**किरीबुरू ।** मेघाहातुबुरु की एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला हिलटॉप निवासी बादल दास (19 वर्ष) पिता भागीरथी दास को किरीबुरु पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया. युवक व नाबालिग युवती को पुलिस ने ओडिशा से एक साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी. यह मामला प्रेम प्रसंग व शादी की नीयत से भगाने से जुड़ा था. हालांकि लड़की नाबालिग है, जिस वजह से उसकी मां ने किरीबुरु थाना में शिकायत दर्ज करायी थी. युवती की चिकित्सीय जांच भी पुलिस करवा रही है.

### प्रतिबंधित सीरप के साथ एक दुकानदार गिरफ्तार



**किरीबुरू ।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के निर्देशानुसार जगन्नाथपुर थाना प्रभारी शिव नारायण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने कुंदन निषाद की दुकान में छापेमारी कर नशे के रुप में इस्तेमाल किया जाने वाला प्रतिबंधित सीरप को बरामद किया. इसके बाद पुलिस कुंदन निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा. इस संबंध में थाना प्रभारी शिव नारायण तिवारी ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि जगन्नाथपुर के विशाल टोला स्थित कुंदन निषाद अपनी दुकान से नशा में इस्तेमाल होने वाला सीरप की बिक्री करता है. इसी आधार पर बुधवार की रात दुकान में छापेमारी की गई तो वहां से 20 बोतल सीरप और 6 खाली बोतल बरामद हुआ. इसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया.

### संदिग्ध चोरों ने होमगार्ड जवान को मारा तीर, घायल



**किरीबुरू ।** बोलानी थाना के होमगार्ड मोतीलाल मोहंती को तीर मार असामाजिक तत्वों अथवा चोरों ने घायल कर दिया. जानकारी के अनुसार बोलानी पुलिस द्वारा रात्रि गश्ती की जा रही थी. बोलानी टाउनशिप के विष्णु मंदिर के निकट रात में दो लड़कों को देखकर पुलिस टीम ने एक युवक को संदेह के आधार पर पूछताछ करने के लिए पकड़ा. इतने में दूसरा युवक अंधेरे का फायदा उठाते हुए उक्त होमगार्ड जवान पर तीर चला दिया. तीर होमगार्ड जवान मोती लाल के हाथ में लगी. इससे वह घायल हो गए और पकड़ में आया युवक फरार हो गया. मोती लाल को तत्काल बोलानी अस्पताल एवं बाद में बेहतर चिकित्सा के लिए क्योंझर अस्पताल भेजा गया.

## ब्रीफ खबरें

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से शिक्षा का हाल बेहाल

**चाईबासा।** कोल्हान विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में सट्रीम वाइज पढ़ाई का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजने को लेकर एआईडीएसओ झारखंड प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पूरे देश में शिक्षा का हाल बेहाल है. कोल्हान विश्वविद्यालय भी इससे अछूता नहीं है. कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से छात्र-छात्राएं अध्ययन करने के लिए आते हैं. स्ट्रीम वाइज पढ़ाई से काफी छात्र पढ़ाई से दूर हो जाएंगे. शिक्षक की कमी का हवाला देकर उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्ट्रीम वाइज पढ़ाई का प्रस्ताव भेजा गया है. एआईडीएसओ इस निर्णय का विरोध करता है. विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षक की कमी का हवाला देकर विभिन्न कॉलेजों से विभिन्न विषयों की पढ़ाई को समाप्त कर रही है.

### वर्षा व ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्मी से दी राहत

**किरीबुरू।** किरीबुरु में गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे हुई वर्षा व तेज ठंडी हवाओं की वजह से मौसम सुहाना हो गया. गर्मी तथा दम घुटने वाले वातावरण से यह वर्षा ने लोगों को भारी राहत दी है. वर्षा के बाद निरंतर तेज ठंडी हवायें बह रही हैं. आसमान में काले बादल छाये हुये हैं. किरीबुरु का न्यूनतम तापमान 24 एवं अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा. आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है. कई दिनों से किरीबुरु और आसपास के लोग गर्मी से परेशान थे. गर्मी की वजह से स्कूलों को भी बंद कर दिया गया था. गुरुवार की दोपहर बाद से शहर में बादल छाने लगे थे. शाम होते-होते काले बादल छा गए. इसके बाद ठंडी तेज हवा चलने लगी. इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली. शाम होते ही बारिश शुरू हो गयी. बारिश से पूरा मौसम ठंडा हो गया और शहर के लोगों ने राहत की सांस ली.

### एनएमडीसी माइंस वर्कर्स यूनियन का केंद्रीय सम्मेलन संपन्न

# रमेन्द्र बने अध्यक्ष, जेपी महासचिव

संवाददाता । किरीबुरू



एनएमडीसी माइंस वर्कर्स यूनियन (एटक) का तीसरा केन्द्रीय सम्मेलन, मेघाहातुबुरु स्थित एटक कार्यालय में सम्पन्न हुआ. इस सम्मेलन में एनएमडीसी माइंस वर्कर्स यूनियन (एटक) नामित सेल की चार खदानें किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, कोटेश्वर और भवनाथपुर को मिलाकर संयुक्त कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया.

इस नई कमिटी के अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, महासचिव जेपी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बीएन सिंह, रामाश्रय प्रसाद, अशोक यादव, उपाध्यक्ष नईम आलम, चन्द्रकांत सिंह, रामाकांत परीडा, संजीत कुमार, प्रभात कुमार पंडा बनाये गये हैं. कमिटी में उप महासचिव गणेश सिंह, सुरेश चन्द्र पान, सूरज सिंह, अम्बुज कुमार ठाकुर, सोनाराम गोप, सचिव जगमोहन सामड, गुंजन कुमार, मो. जफर हुसैन, सुरेश पान, दिलीप कुमार झा बनाये गये हैं. कोषाध्यक्ष राहुल, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, कार्यकारी सदस्यों में जुलेन्द्र अंगारिया, मिथिलेश कुमार, रघुवीर कुमार सिंह, डीके सहदेव, विक्की सिंह एवं विनोद कुमार को बनाये गये हैं.

**सम्मेलन में लिए गए कई फैसले**

इस सम्मेलन में फैसला लिया गया कि आने वाले दिनों में सेल की सभी खदानों में एटक का सांगठनिक क्षमता को बढ़ाने, सभी वर्ग के मजदूरों को संगठित करने, सेलकर्मियों व ठेका मजदूरों की समस्या व जॉब सुरक्षा से संबंधित समस्या का समाधान करने, सारे मजदूरों के बीच आपसी एकता बनाने रखने का फैसला लिया गया. एरियर समेत सभी वर्ग के श्रमिकों की समस्याओं के सवाल पर संयुक्त यूनियन के तहत देशव्यापी आंदोलन बडे. स्तर पर छेड़ने, सेल की किरीबुरु और मेघाहातुबुरु खदान का लीज की समस्याओं का समाधान हेतु सरकार पर दबाव बनाने का निर्यय लिया.

# चैम्बर ने टीबी मरीजों के बीच खाद्य सामग्री बांटे



संवाददाता । चाईबासा

चाईबासा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की सत्र 2023-25 की कार्यसमिति ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साहिर पाल एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर प्रखंड डॉ शिव चरण हांसदा की उपस्तिथि में आपसी सहयोग से कुल 22 मरीजों के मध्य प्रोटीनयुक्त फूड बास्केट का वितरण सुनिश्चित किया. मालूम हो कि पिछले माह में भी चाईबासा चैम्बर द्वारा 22 यक्ष्मा मरीजों के मध्य बास्केट का वितरण किया जा चुका है. यह कार्यक्रम कुल 6 माह तक चलेगा . अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल ने वार्ता के क्रम में स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्पूर्ण भारत में चलाये जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चाईबासा चैम्बर ने सदर प्रखंड का बीड़ा उठाया है. सदर अस्पताल प्रबंधन की ओर से मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साहिर पाल ने चैम्बर का आभार प्रकट किया. कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन के साथ अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष नितिन प्रकाश, पूर्व अध्यक्ष अनिल खिरवाल, उपाध्यक्ष विकास गोयल आदि उपस्थित थे.

**गड़बड़ी**

### घाघरा स्टेशन पर रेलवे के कार्य में सरकारी नियम का किया जा रहा उल्लंघन

# मजदूरों को 200 से 300 रुपये तक दी जा रही है मजदूरी

- जिला परिषद सदस्य जॉन मीरन मुंडा ने किया विरोध
- केन्द्र सरकार ने न्यूनतम मजदूरी 522 रुपये तय की है

संवादाता । चाईबासा


मजदूरों से बातचीत करते जिला परिषद सदस्य जॉन मीरन मुंडा.

पश्चिमी सिंहभूम में मजदूरों को कम मजदूरी दी जा रही है. इसका जिला परिषद सदस्य जॉन मीरन मुंडा ने विरोध किया है. उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार सरकारी कार्य में मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं देकर कम दिया जा रहा है. लेकिन सरकार इस पर मौन साधे हुए हैं.

उन्होंने सरकार से मांग की कि ठेकेदार के ऊपर कड़ी कार्रवाई करते हुए मजदूरों को सही अधिकार दिया जाए. जिला परिषद सदस्य ने गुरुवार को निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया. वहां मजदूरों से वार्ता करते हुए उनके अधिकार की बात कही. उन्होंने कहा कि मनोहरपुर के घाघरा रेलवे स्टेशन एवं एकलव्य विद्यायल मनोहरपुर एवं एकलव्य टोन्टो में लगे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है.

इससे मजदूरों का आर्थिक शोषण हो रहा है. मनोहरपुर प्रखंड अन्तर्गत मनोहरपुर रेलवे स्टेशन और घाघरा स्टेशन के सामने बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है. इसमें महिला मजदूर को 200 रुपये और पुरुष मजदूर को 300 रुपये दिया जा रहा है. जबकि केन्द्र सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी दर 522 रुपये तय की गई है. ठेकेदार का नाम तुषार अग्रवाल और पवन अग्रवाल है. जॉन मीरन ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

**मनोहरपुर व टोंटो में 375 रु. दी जा रही मजदूरी**

एकलव्य विद्यालय मनोहरपुर और टोन्टो में लगे महिला मजदूरों को 375 रुपये और पुरुष मजदूरों को 375 रुपये दिया जा रहा है . मनोहरपुर एकलव्य ठेकेदार की कंपनी का नाम नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन है . मजदूरों का पहचान पत्र, बेड स्वीप भी नहीं है और मजदूरी भुगतान बैंक खाता में ना कर हाथों में कैश दिया जा रहा है, जब मजदूर आवाज उठाने लगते हैं तो उन्हें काम से बैठा दिया जाता है . उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम में पलायन एक गंभीर मामला बन चुका है . कम मजदूरी मिलने की वजह से ही मजदूर पलायन कर रहे हैं .

## ब्रीफ खबरें

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्ची की हुई मौत

**हजारीबाग।** बड़की जलौंध निवासी जितेन्द्र भुईया की सात वर्षीय बेटी सीतल कुमारी की गुरुवार को गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गईं. ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को सीतल कुमारी शौचालय के लिए दोस्तो साथ खेत गई थी. पानी के लिए एक गड्ढे की ओर गई तो उसका पैर फिसल गया और गहरे गड्ढे में गिर गई. बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इचाक ले गए लेकिन हॉस्पिटल में डॉक्टर के न होने पर सदर अस्पताल ले जाने को कहा, लेकिन अस्पताल ले जाने के दौरान बच्ची की रास्ते में ही मौत हो गई.

### खान में धंसी चाल एक महिला की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत छतरबर वनक्षेत्र में गुरुवार को अवैध रूप से संचालित अभ्रक खान में चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गई. मृतक महिला की पहचान नूरजहां के रूप की गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची. हालांकि तब तक वहां कोई नहीं मिला. बताया जा रहा है कि घटना के बाद शव को वहां से आनन- फानन में गायब कर दिया गया. अगल-बगल की महिलाओं से घटना की जानकारी के बाद यह मामला सामने आया.

### लू लगने से सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत

**चरही।** थाना क्षेत्र बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम फुसरी निवासी चुटन मांझी (50 वर्ष) की लू लगने से मृत्यु हो गई. जानकारी के अनुसार चुटन मांझी गुरुवार को दोपहर नदी में नहाने के बाद अपने घर फुसरी के झरना टोला गया. खाना खाने के बाद आराम करने के लिए सो गए. परिजन जब घर की सफाई के दौरान लगभग शाम चार बजे चुटन मांझी को उठाने की कोशिश करने लगे. नहीं उठने पर देखा कि चुटन मांझी की सांसें बंद थीं. चुटन सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना में केबुल माइन के पद पर कार्यरत थे.

### सड़क दुर्घटना में एक किशोरी हुई घायल

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मैरू स्थित शिव मंदिर के पास बस की चपेट में आने से एक किशोरी घायल हो गई. घायल किशोरी अपने रिश्तेदार गुलाब साव के घर आई थी और वह चौक से बिस्किट खरीदकर घर जा रही थी. इसी बीच धनबाद की ओर से आ रही बस की चपेट में आ गई, जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल किशोरी को आनन-फानन में सदर अस्पताल भेजा, जहां से उसे रांची रेफर कर दिया गया है.

वन विभाग के अधिकारी ऑफिस छोड़ने को तैयार नहीं, शिकायत को अनसुना किया जा रहा, मौत की परछाईं बन खड़े हैं सूखे पेड़

# घनी आबादी वाले कई इलाकों में दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे सूखे खड़े पेड़

**उमेश चौबे/रंजन कुमार। हजारीबाग**

शहर की घनी आबादी वाले कई इलाकों में दर्जनों सूखे पेड़ मौत की परछाई बनकर झूल रहे हैं. वन विभाग की ओर से न इन्हें काटा जा रहा है और न ही इस बारे में शिकायत सुनी जा रही है. ये सूखे पेड़ किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि इसे नजरअंदाज करना सही नहीं है. अचानक घटना होने से लोगों की जान पर बन आ सकती है.

घटना घटने के पहले इस पर कार्रवाई होनी चाहिए. अगर समय रहते पेड़ की कटाई हो जाती है, तो घटना होने से बच सकती है. बीते साल 24 मई को आई तेज आंधी और बारिश में दर्जनों पेड़ गिर गए थे, जिसमें कई लोग घायल हुए थे और कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा था. शहर के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल कैंपस, ओकनी रोड, कल्लू चौक पर सूखे पेड़ कभी भी गिर सकते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता.

**शहर में कहां-कहां हैं सूखे पेड़ :** शहर के इंद्रपुरी चौक, कल्लू चौक, ओकनी रोड, सदर अस्पताल, झील रोड, पुराना लॉ कॉलेज, डिस्ट्रिक्ट मोड़, कोर्रा, मटवारी, बस स्टैंड, रेडियो स्टेशन रोड, बड़कागांव रोड के अलावा कई जगहों पर सूखे पेड़ हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं.



कल्लू चौक पर सूखे पेड़ का फोटो और ओकनी रोड पर सूखा पेड़.

### सूखे शीशम पेड़ की शिकायत पर विभाग नहीं ले रहा संज्ञान

कल्लू चौक स्थित किराना दुकानदार सुरेंद्र ने बताया कि चतरा-करकमसांडी बस स्टैंड के पास काफी भीड़ रहती है. यहां विशाल शीशम का पेड़ है, जो कई साल पहले सूख चुका है. इसकी लिखित सूचना एक साल पहले वन विभाग को दिए जाने पर भी वन विभाग की तरफ से कोई भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है. इस संबंध में डीएफओ के सरकारी नंबर पर पक्ष लेने के लिए संपर्क किया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया

### कहीं गिर न जाए सदर अस्पताल की बाउंड्री के सहारे टिका सूखा पेड़

सदर अस्पताल में एक मरीज के परिजन कटकमसांडी निवासी रमेश कुमार, ब्रह्मानंद कुमार, विष्णुगढ़ के तिलचंद्र ठाकुर ने बताया कि एक माह पहले आंधी और बारिश में सदर अस्पताल की बाउंड्री पर शीशम का पेड़ गिरा था, अभी आधी बाउंड्री पर लटका हुआ है. उक्त पेड़ कभी भी पेड़ गिर सकता है, लेकिन आज तक इस पर विभाग की नजर नहीं पड़ी, जबकि सदर अस्पताल में अक्सर अधिकारियों का आवागमन होता है.

**पहले भी हो चुका है हादसा**

कल्लू चौक के पास दुकानदार मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि मार्केट के ऊपर पिछले वर्ष पेड़ गिरा था, जिसमें कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थीं. यह तो संयोग था कि लोगों की जान बच गई. कई बार वन विभाग को सूचना दी गई कि गिरे हुए पेड़ को हटवा दें, लेकिन चार महीना बीत जाने के बाद गिरे हुए पेड़ को हटाया गया.

माफिया, मंत्री और अधिकारी की मिलीभगत से जिले में चल रहा बालू का गोरखधंधा

# पक्का मकान बनाना हुआ मुश्किल

**शुभम संदेश पड़ताल**

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

**पैरवी है तो आपको मिल जाएगा बालू, अन्यथा मोटी रकम के साथ ही करना पड़ेगा इंतजार**



एक तरफ आम लोगों को अपना घर बनाने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं, वहीं माफिया द्वारा घर पर स्टॉक किया गया बालू.

आम लोगों के लिए घर बनाना अब आसान नहीं रह गया है. सीमेंट और लोहा तो खुले बाजार में मिल जाता है, लेकिन बालू खरीदने के लिए मोटी रकम खर्च करने के साथ ही नेता, मंत्री और अधिकारी की पैरवी भी जरूरी है. अगर ये सब आप करने में सक्षम हैं तो आपको बालू मिल जायेगा, अन्यथा इसके लिए आपको रात भर इंतजार करना होगा और एक ट्रैक्टर बालू के लिए मोटी रकम देनी होगी. हजारीबाग जिले में पहले चार से पांच हजार में बालू चोरी चुपके आसानी से मिल जाता था और इस कारोबार में छोटे-छोटे बालू माफिया लगे हुए थे, लेकिन अब जैसे ही सरकार ने बालू उठाव पर एनजीटी का आदेश लागू किया, छोटे-छोटे माफिया ही नहीं, बल्कि बड़े-बड़े माफिया इस बालू के गोरखधंधा में जुट गए है. बालू माफिया अब बड़े-बड़े अधिकारी, नेता और मंत्री से पहचान बताने वाले को ही बालू देते हैं. यही नहीं बालू माफिया फोन पर बात नहीं करते, बल्कि उनके पास जाकर आपको बात करनी होगी और बालू की बुकिंग करनी होगी. 100 सीएफटी बालू की कीमत लगभग 7000 से लेकर 8000 रुपये आपको चुकानी होगी. आपको रात भर उनकी राह देखनी होगी. इसके बावजूद वह बालू लेकर आपके घर की बेल बजाएंगे इसकी कोई गारंटी नहीं है.

**खास बातें**

- हजारीबाग में पहले चार-पांच हजार में मिल जाता था बालू
- अब 100 सीएफटी बालू की कीमत 7 से 8 हजार रुपये

### कहां-कहां से किया जाता है बालू का उठाव

बता दें कि हजारीबाग जिले के कटकमसांडी के बल बल, कटकम दाग, पदमा शोकी नदी, सी सिमाने नदी, बड़कागांव, दारु पेटो, तरवा खरवा नदी, गुरहेत नदी के अलावे कई फॉरेस्ट की नदियों से भी बालू निकालने का खेल जारी है और संबंधित अधिकारी खामोश हैं. इस संबंध में खनन विभाग के अधिकारी के सरकारी नंबर 94311, 61736 पर अजीत कुमार से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया.

### कहां-कहां रात को लगती है बालू की मंडी

हजारीबाग शहर के बड़कागांव रोड, स्थित मारखम कॉलेज, रांची पटना रोड मोरंगी, चूरचूरी रोड, इचाक मोड़, पेलावल पबरा मोड, छड़वा, गदोखर ओवरब्रिज के पास के अलावे कई अन्य जगहों पर रात में बालू की मंडी लगती है, जहां जाकर जरूरतमंद लोग बालू बुक करवाते हैं. हैरानी की बात है कि इन सभी मंडियों की दूरी संबंधित थाने से एक और दो किलोमीटर है. रात भर पीसीआर के अलावे पेट्रोलिंग होने के बावजूद पुलिस बालू माफिया को पकड़ने में असफल दिख रही है. कुछ ऊंचे पदाधिकारी को दिखावे के लिए छोटी-मोटी बालू की गाड़ियां पकड़कर थाना पुलिस अपनी उपलब्धि दिखा देती है और बड़े-बड़े बालू माफिया पुलिस की पकड़ से बाहर हैं या फिर पुलिस अनजान बनी हुई है. सच्चाई है कि इस बालू के खेल में कई अधिकारी के अलावे छोटे-छोटे पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जो बालू माफिया के लिए सूचना तंत्र का काम करते हैं और वह प्रत्येक ट्रैक्टर पर अपनी निर्धारित रकम वसूलते हैं. ऐसे में जिस बालू की कीमत हजार रुपये प्रत्येक ट्रैक्टर होती है, वह माफिया द्वारा सभी नेता, मंत्री और अधिकारी को मैनेज करने के लिए चढ़ावा दिए जाने के बाद लगभग 7 हजार से लेकर 8000 प्रत्येक गाड़ी हो जाती है. इसको लेकर अबुआ आवास के लाभुक परेशान हैं. वह सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि की आधी से अधिक कीमत बालू खरीदने में लगा देते हैं.

### क्या कहते हैं आम लोग

इस संबंध में कई अबुआ आवास योजना के लाभुकों, ठेकेदारों के अलावा कई मकान बना रहे लोगों का कहना है कि हम गरीब परिवार को अब बालू नहीं मिल रहा है, बल्कि बड़ी-बड़ी कंपनी और बड़े-बड़े ठेकेदार को बालू आसानी से उपलब्ध हो रहा है. हमें एक गाड़ी के लिए रात रात भर इंतजार करना पड़ता है, लेकिन बड़ी-बड़ी कंपनी और ठेकेदार के यहां हाईवे से बालू गिरा हुआ देखा जा सकता है. आखिर उनका बालू कहां से आ रहा है और कौन दे रहा है? सरकार इस पर नजर क्यों नहीं रख रही है? उनका कहना है कि जब से बालू के उठाव पर रोक लगाई गई है, परेशानी और बढ़ गई है. कानून सभी के लिए बराबर है, फिर आम लोगों को बालू नहीं मिल रहा है तो फिर नेता, मंत्री से पहचान बताने वाले के लिए बालू कहां से आता है? आखिर इन लोगों को बालू की सप्लाई पर सरकार रोक क्यों नहीं लगाती? हमारी ही नदी के बालू पर माफियाओं का कब्जा हो चुका है और नेता, मंत्री और अधिकारी भी इस खेल में शामिल हैं.

# दो बच्चों की मां महिला मजदूर ने फांसी लगा की आत्महत्या

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर गली 16 में एक महिला मजदूर ने आत्महत्या कर ली है. महिला की पहचान अनिता देवी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि टंडवा के साराढु गांव की निवासी अनिता देवी अपने पति व दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ शिवपुरी कृष्णा नगर में भाड़े के घर में रहती थी और मजदूरी का काम करती थी. बुधवार की देर रात दोनों पति पत्नी घर के आंगन में सोये थे. रात में ही अनिता उठकर अपने कमरे में गयी और दरवाजा अंदर से बंदकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घर वाले सुबह जब उठे तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है. खिड़की से देखा तो अनिता फांसी के फंदे से झूल रही है. इसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पेलावल ओपी प्रभारी शाहिन प्रवीण दलबल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि महिला पहले एक शादी कर चुकी थी, जिससे उसके तीन बच्चे थे. सड़क दुर्घटना में उसके पहले पति की मौत हो गयी थी. महिला ने अपने देवर से शादी कर ली थी, जिससे उसको एक बेटा है. दोनों पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था.

# बीओआई ने महिला समूहों के बीच 48 लाख का ऋण बांटा



महिला समूहों के बीच ऋण का वितरण करते बैंक अधिकारी.

**संवाददाता। चौपारण**

अग्रणीय जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया राकेश कुमार आजाद की अध्यक्षता में गुरुवार को महिला समूहों को ऋण देने हेतु कैम्प लगाया गया. इसमें दादपुर शाखा प्रबंधक मनीष मिश्रा एवं चौपारण शाखा प्रबंधक सुनील कुमार, जिला समन्वयक प्रवीण कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जेएस एल पीएस नीरज सिंह एवं बैंक के कृषि अधिकारी सौरभ केसर गढ़ी ने कुल 65 समूहों का ऋण दस्तावेज का सत्यापन किया. मनीष मिश्रा ने बताया कि दादपुर ब्रांच द्वारा 20 समूहों के बीच 48 लाख का वितरण किया गया. कैंप में जेएसएलपीएस की खुशबु कुमारी, चायना सिंह, रानी देवी, रेहाना खातुन, आरती सिंह. प्रमीला सिंह, कंचन देवी, सरीता देवी, सुमित्रा देवी, बीना सिंह, रेखा देवी, जेंडर सीआरपी, चौपारण दादपूर, करमा, देवंती देवी, पूजा देवी आदि उपस्थित थीं.

तेज रफ्तार बारह चक्का ट्रक ने पीछे से स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर

# महिला की मौत, तीन बच्चे चोटिल

**संवाददाता। चरही (हजारीबाग)**

थाना क्षेत्र के चरही घाटी के समीप हनुमान मंदिर के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसके साथ में तीन बच्चों को मामूली चोटें आई हैं. घायल महिला की इलाज के लिए मांडू अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार सुबह करीब लगभग 9.30 बजे स्कूटी सवार महिला अपने तीन बच्चों के साथ हजारीबाग कि ओर जा रही थी. इसी बीच तेज रफ्तार से हजारीबाग की ओर से आ रहे अनियंत्रित बारह चक्का ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. इससे स्कूटी सवार महिला रामगढ़ निवासी प्रतिमा कुमारी (28) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी चरही पुलिस को दी. पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल महिला को सड़क से उठाकर मांडू अस्पताल ले जा रही थी. इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.



सड़क दुर्घटना के बाद सड़क जाम करते लोग.

वहीं तीनों बच्चों को मामूली चोटें लगी हैं. ग्रामीणों ने चालक और उपचालक सहित ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. आंध्रप्रदेश निवासी चालक नरसिंह राव और उपचालक सातो को गिरफ्तार करते हुए ट्रक को जब्त कर चरही थाना परिसर लाया गया. पुलिस ने सरकारी प्रक्रिया को पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग भेज दिया.

### रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार हुए

**हजारीबाग।** लोहसिहना थाना पुलिस ने रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया है. गुरुवार को उसकी गिरफ्तारी खिरगांव सिरका स्थित आवास से हुई. लोहसिंहना थाना प्रभारी संदीप कुमार ने इसकी पुष्टि करते बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध 15 मई को एक मामला दर्ज किया गया था. तब से उसकी खोजबीन की जा रही थी. पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध शहर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज है. थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपों के विरुद्ध लोहसिंधना थाना में कांड संख्या 93/24 दर्ज है, जिसमें आरोपी पर गाडी चढ़ा कर जान मारने की कोशिश करने का आरोप सदर थाना क्षेत्र के सरदार रोड निवासी सदाव हसनैन ने लगाया है. स्थानीय लोगों ने बताया कि मंजीत यादव, मित यादव, कृष्णा यादव खिरगांव सिरका के रहने वाले हैं, जो कुख्यात बदमाश हैं. इस तरह की कई वारदात को अंजाम दे चुके हैं.

आरोपी के परिजनों ने बड़कागांव विधायक व झारखंड सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# दंगा भड़काने के आरोप में अमन गिरफ्तार

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के बड़कागांव पुलिस ने रामनवमी में दंगा भड़काने के आरोप में इंजीनियर अमन कुमार को गुरुवार गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बताया जा रहा है कि बीती 17 अप्रैल को रामनवमी पूजा के दिन बड़कागांव के महुदी में अमन ने ग्रामीणों को भड़काकर रामनवमी का जुलूस निकाला था. इसके लौटने के क्रम में दो समुदाय के बीच झड़प हो गई थी, जिसमें कई लोग घायल भी हुए थे. इसके बाद पुलिस ने अमन पर दंगा भड़काने का आरोप लगाते हुए बड़कागांव थाने में केस दर्ज किया था.

इधर अमन की गिरफ्तारी को लेकर उनकी मां पूनम देवी, पत्नी डिंपल मिश्रा, पिता सुबोध कुमार और भाई यीशु कुमार ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि अमन की गलती सिर्फ इतनी है कि वह महुदी में पिछले




प्रेस वार्ता करते इंजीनियर अमन कुमार के परिजन.

40 वर्षों से जिला प्रशासन एवं सरकार द्वारा रामनवमी मनाने के लिए रोक लगाई गई थी. अमन रामनवमी मनाने को लेकर ग्रामीणों की आवाज को बुलंद किया था और रथ यात्रा निकालकर वह झारखंड सरकार के पास गए थे और रामनवमी मनाने की गुहार लगाई थी. लेकिन सरकार ने इनकार कर दिया था. इसके बाद ग्रामीणों ने रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला था, लेकिन पुलिस प्रशासन ने जुलूस को लौटने नहीं दिया. परिजनों ने सरकार से सवाल किया कि अमन ने ऐसा कौन सा बड़ा अपराध किया था कि झारखंड पुलिस को पटना जाकर उसे गिरफ्तार करना पड़ा. अमन कुमार का अपराध सिर्फ इतना था कि उसने उसने 40 वर्षों से हजारीबाग ज़िले के बड़कागांव में महुदी में बंद पड़े धार्मिक जुलूस को निकलवाने का काम किया. उन्होंने यह भी कहा कि आखिर क्या भारत वर्ष में अपने धर्म के प्रति आस्था दिखाना अपराध है? हम झारखंड सरकार से यह पूछना चाहते हैं कि क्या जितनी तत्परता अमन कुमार की गिरफ्तारी में दिखाई गई है उतनी ही तत्परता अपराधी, उग्रवादी, पेपर लीक के आरोपी, जमीन घोटाले के आरोपी, ट्रांसफर पोस्टिंग के आरोपी की गिरफ्तारी में सरकार दिखाती है? स्पष्ट है कि सरकार को अमन कुमार से खतरा था, अमन कुमार लगातार हिंदुत्व के लिए कार्य कर रहे थे, जिससे सरकार घबरा गई. डर था कि आने वाले विधानसभा चुनाव में अमन कुमार अकेले दम पर उलटफेर न कर दे.

**अनदेखी** जांच में कुछ डॉक्टरों की लगातार अनुपस्थिति के बावजूद उनकी हाजिरी बनी मिली थी

# केरेडारी सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्था में कोई सुधार नहीं

**संवाददाता। केरेडारी**

सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्था व लापरवाही की शिकायत पर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित हुई खबरें देख व ग्रामीणों की शिकायत पर गत पांच जून को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद कार्यालय पहुंच कर जांच की. उनकी रिपोर्ट व अखबार में छपी खबर के आधार पर डीएलओ एसके रंजन व सिविल सर्जन कार्यालय से डॉक्टर राहुल कुमार, नंदलाल कुमार की टीम सात जून को केरेडारी सीएचसी कार्यालय पहुंच कर जांच की. कुछ डॉक्टरों की लगातार अनुपस्थिति के बावजूद उनकी हाजिरी बनी मिली.

**खास बातें**

- ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करने आई थीं विधायक
- जिले की टीम ने भी की थी जांच, नहीं हो पाई कार्रवाई

इसकी भी पुष्टि हुई कि रात में अस्पताल डीजी जेनरेटर के रहते अंधेरे में डूबा रहता है. इसके बावजूद 12 जून तक न ही दोषी कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई हुई और न ही अस्पताल की व्यवस्था में कोई सुधार हुआ है. सूचना है कि अभी तक जांच टीम ने सिविल सर्जन कार्यालय तक अपनी रिपोर्ट पहुंचाई तक नहीं है.



केरेडारी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी अव्यवस्था के लिए चर्चा में है.

इधर क्षेत्र की जनता आक्रोशित है. कहा जा रहा है कि समय रहते केरेडारी सीएचसी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन भी हो सकता है. जिला प्रशासन की इस शिथिलता से अब वर्तमान समय में केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार होना संभव नहीं दिख रहा. कारण प्रखंड के अन्य जनप्रतिनिधि भी केरेडारी सीएचसी की अव्यवस्था के प्रति गंभीर नही हैं, जबकि प्रखंड की डेढ़ लाख आबादी के लिए मात्र एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी ही है. इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद से पूछा गया तो उन्होंने कहा निश्चित रूप से दोषी जीएनएम को केरेडारी से हटाया जायेगा और अस्पताल की व्यवस्था में भी सुधार होगी. हमने सिविल सर्जन से बात की है. बहुत जल्द केरेडारी सीएचसी की समस्या का हल निकलेगा.

### भाजपा नेता सुबोध सिन्हा के पिता का निधन, शोक

**हजारीबाग।** कानी बाजार निवासी भाजपा नेता सह हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के संस्थापक स्टूडियो गूंज के डायरेक्टर सुबोध सिन्हा उर्फ आकाश के पिता सुरेश चंद्र सिन्हा का निधन गुरुवार सुबह 5 बजे हो गया. शव यात्रा शुक्रवार सुबह 8 बजे खिरगांव स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी. सुरेश चंद्र सिन्हा अपने पीछे चार पुत्रों में त्रिपुरारी नाथ सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, सरोज कुमार सिन्हा और सुबोध सिन्हा छोड़ गए हैं. हजारीबाग आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत सचिव प्रदीप पाठक, उपाध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, बबलू सिन्हा, राजा निजामुद्दीन संगठन सचिव नियाजउद्दीन एवं राजू वर्मा डॉक्टर रंजन कुमार, अनीता बर्मा, बद्री राम, शशिकांत उर्फ चुन्नू, सूरज दयाल आदि ने शोक संवेदना व्यक्ति की है.

# कृषि उपज में वृद्धि के लिए नई तकनीक का करें प्रयोग: डीसी

**संवाददाता। रामगढ़**

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्र प्रायोजित एग्रीकल्चर एक्सटेंशन /आत्मा एवं खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना( वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के क्रियान्वयन के लिए आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्ष 2023- 24 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित अन्य योजनाओं में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी साथ ही वित्तीय वर्ष 2024 - 25 किए जाने वाले कार्यों व योजनाओं के प्रस्ताव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को समेति आत्मा सहायय अनुदान के विभिन्न गतिविधियों यथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के संबंध में प्रत्यक्षण हेतु भूमि का चयन कर किसानों को नई तकनीक की अच्छी तरह से प्रशिक्षण देकर प्रत्यक्षण का कार्य करने का निर्देश दिया साथ. ही कृषक गोष्ठी के माध्यम से लाभान्वित हो रहे कृषकों की जानकारी अन्य किसानों तक पहुंच कर अधिक उपज से आय के स्रोत में वृद्धि को किसानों को बेहतर प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** ऋण लेने से बचें. कुछ वितीय बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है. नये निवेश से बचने का प्रयास करें, निर्णय सोच समय कर लें. ऊर्जा एवं उत्साह में वृद्धि होगी. आपकी कार्यकुशलता से सुख की सामग्री एकत्र होगी.

**वृषभ** किसी से मानहानि हो सकती है, पर जोश और उत्साह में वृद्धि होगी. किसी नयें काम को लेकर योजना बना सकते हैं.मित्रों कि तरफ से सहयोग प्राप्त होगा.वाहन का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें. मंदिर में दीप प्रज्वलित करें.

**मिथुन** आय का मार्ग मिलेगा. समय अनुकूल है पर कार्यक्षेत्र के हालात को लेकर कुछ चिंताएं बढ सकती है. मन में नकारात्मक विचार न आने दें.परिवार एवं मित्रों का सहयोग मिलता रहेगा. गणेश जी को लड्डू का भोग लगावें.

**कर्क** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. समय मूल्यवान है. भाग्य का सहयोग मिलेगा . शुभ समाचारों कि प्राप्ति हो सकती है. मन में नकारात्मक विचार न आने दें अन्यथा किसी के साथ मतभेद हो सकता है . मंदिर में जल दान करें.

**सिंह** शाम से समय उत्तम होगा. थोड़ा मानसिक तनाव होगा और और विवाद हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. आपके कार्य और प्रभाव के चलते रुके हुए काम प्रयास करने से बन सकते हैं. गाय को भोजन दें.

**कन्या** सत्कार्यों में खर्च होगा. किसी धार्मिक अनुष्ठान का भी योग है. बुद्धिमत्ता से हर कार्य को आसानी से पूरा कर लेंगे. आपको किसी से धोखा मिल सकता है. सावधानी बरतें. गाय की सेवा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी.

**तुला** गलत आय से बचें. वैसे समय उत्तम है. पिता से लाभ होगा. परिवार की तरफ से प्रसन्नता का माहौल बनेगा, मानसिक शान्ति प्राप्त होगी. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. परिवार के साथ समय व्यतीत होगा. चुनरी माता दुर्गा को दान करें.

**वृश्चिक** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने कि आवश्यकता है, आलस्य की बढ़ोतरी बनी रहेगी. कार्यक्षेत्र में भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपकी अपनी बनायीं गयी योजना आगे चलकर सफल होगी. अन्न दान करें.

**धनु** किये गए कार्य के लाभ होगा. समय अच्छा है. वाणी कि निपुणता देखने को मिलेगी. कार्यक्षेत्र में सफलता को लेकर चिंता बढ सकती है, साहस एवं संयम से काम लें. निराशा से बचने का प्रयास करें. मिठाई का दान करें.

**मकर** अर्थ से सम्बन्धित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. कार्य करने से पहले विचार जरूर करें. विधार्थीयों को शिक्षा के क्षेत्र में भी अच्छे फल प्राप्त नहीं हो पायेंगे. क्रोध के कारण नुकसान हो सकता है. किसी कार्य को करने योजना बनेगी.

**कुंभ** समय सामान्य है. किसी बात को लेकर मतभेद पैदा हो सकते हैं. बड़े बुजुर्गों की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होगें. भाग्य का अधिक साथ प्राप्त नहीं हो पायेगा, सन्तान पक्ष को लेकर चिंता बढ सकती है. शनि को खुश करें.

**मीन** पुराना रोग समस्या दे सकता है. स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें. किसी अच्छे कार्य के ऊपर धन खर्चे के योग बने हुए हैं. आपको अपने व्यवहार पर ख़ास ध्यान रखने की जरूरत है . क्रोध पर नियंत्रण आवश्यक है. मंदिर में सेवा दान करें.

## राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर दी बधाई

**गढ़वा।** बिहार से राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर को मोदी सरकार की केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर नई समाज गढ़वा के लोगों ने बधाई दी है. इस कार्य के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समाज के लोगों ने आभार व्यक्त किया है. बधाई देने वालों में मुख्य रूप से भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, युवा समाजसेवी कुंदन ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर आदि के नाम शामिल हैं.

## रेलवे लाइन से पत्थर माफिया कर रहे हैं बोल्डर की चोरी, अधिकारी अनजान

**भवनाथपुर।** सेल द्वारा भवनाथपुर से मेराल ग्राम तक 34 किमी तक बिछाए गए रेलवे लाइन से पत्थर माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से बोल्डर चोरी कर सरकारी और गैर सरकारी योजना में लगाया जा रहा है. सेल के अधिकारियों की इसकी भनक तक नहीं है, जबकि पिछले वर्ष भी मामला अखबारों में आने के बाद सेल के द्वारा मामले को जांच के बाद अज्ञात पर लिखित कार्रवाई की गई थी. परंतु पत्थर माफियाओं पर कोई कार्रवाई नहीं होने से वे बेखौफ होकर कार्य कर रहे हैं.

## फिर सामने आया भू-धारण प्रमाण पत्र में जालसाजी का मामला, केस दर्ज

**नीलांबर-पीतांबरपुर (पलामू)।** अंचल क्षेत्र में फर्जी तरीके से भू-धारण प्रमाण पत्र बनाकर यहां जमीन की खरीद बिक्री का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. तीन फर्जी एलपीसी बना कर जमीन बेचे जाने को लेकर पहले ही सीआई द्वारा लेस्लीगंज थना में प्राथमिक दर्ज कराई जा चुकी है. पुलिस ने उस प्राथमिकी का उदभेदन भी नहीं किया है कि एक नया मामला फिर से सामने आ गई है. इसमें अंचल कार्यालय के पत्रांक 301, चार अगस्त 2023 के तहत फर्जी भू धारण प्रमाण पत्र निर्गत हुआ है. पत्र मूसवाखाप के अशोक कुमार सिंह के नाम से निर्गत है, जिसमें पिछली बार की तरह इस बार भी राजस्व उप निरीक्षक ज्योत्सना आभा कुजूर ने एक जमीन नामांतरण के दौरानए एलपीसी पर अपना हस्ताक्षर को भिन्न पाया। जबकि अंचल निरीक्षक एवं अंचलाधिकारी का हस्ताक्षर सही बताया जा रहा है. एलपीसी पर अंचलाधिकारी का हस्ताक्षर 5 अगस्त 2023 को हुआ है. दिलचस्प बात यह है कि अंचलाधिकारी के हस्ताक्षर के एक दिन पहले यानी 4 अगस्त को ही एलपीसी निर्गत हो जाता है और वह अंचाधिकारी जिनका उस तिथि से पहले ही स्थानांतरण हो चुका है. अभिलेख की जांच की गई तो अंचल कार्यालय के पत्र के 301 के तहत बना एलपीसी 12 जून 2023 को निर्गत हुआ है, जो झगरपुर के परीखन सिंह एवं सीताराम सिंह के नाम से बना है. पूर्व अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि पहले तीन एलपीसी का मामला आया था, जिस पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. इस मामले को अब उपायुक्त के संज्ञान में दिया जाएगा. अंचल निरीक्षक महेंद्र राम ने कहा कि हस्ताक्षर मेरा है परंतु उस दस्तावेज पर मैंने हस्ताक्षर नहीं किया है. मेरे हस्ताक्षर को कंप्यूटर द्वारा कॉपी पेस्ट कर ऐसा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है.

## आग लगने से जला बागवानी

**कांडी।** थाना क्षेत्र के चोका गांव निवासी बासुकीनाथ दुबे के निजी खर्च पर तीन एकड़ खेत में लगे बागवानी में आग लगने से पूरा बागवानी जल कर राख हो गयी. उक्त घटना में लगभग 500 पेड़ जल गए. आस पास के कई मोटर को चालू कर बड़ी मुश्किल से आग को बुझाया जा सका. पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है. मैं 2019 में रांची से पौधा लाकर लगभग तीन एकड़ खेत में 500 की संख्या में फलदार व इमारती पौधा लगाए थे, जिसमें आम, अमरूद, कटहल, जामुन, गमहार, महोगनी का वृक्ष लगाए थे, जो इस आगजनी में सभी जल गये.

### परिश्रम से सफलता अवश्य मिलती है और इसे साबित कर दिखाया है पिछड़े एवं जनजातीय बहुल रायसेमला गढ़ाटोली गांव के दंपती ने

# बागवानी कर बने आत्मनिर्भर, किसानों के लिए प्रेरणा बने यदु दंपती

संवाददाता। खूंटी

परिश्रम से सफलता अवश्य मिलती है और इसे साबित कर दिखाया है पिछड़े एवं जनजातीय बहुल रायसेमला गढ़ाटोली गांव के यदु भेंगरा और उनकी धर्मपत्नी अनीता भेंगरा ने. यह दंपति अपनी मेहनत और लगन के कारण न सिर्फ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना है बल्कि आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत है. यदु भेंगरा ने लगभग दो एकड़ खेत में आम की बागवानी की है, जिसमें आम्रपाली, मल्दा, गुलाब, खस जैसे आम के पौधे लगे हुए हैं. पूरे बगान में केला के अलावा कटहल के कई पेड़ हैं, जो इन दिनों फलों से लदे हैं. यदु बताते हैं कि उन्होंने एक एकड़ में मिर्ची, अदरख आदि की खेती की हैं. वे वर्षभर खेती करते हैं और साल भर में लगभग 80 हजार रुपये की कमाई कर लेते हैं.



अपनी खेत में गढ़ाटोली गांव के यदु भेंगराऔर उनकी पत्नी अनीता भेंगरा.

**खास बातें**

- अपनी मेहनत से बागवानी में यदु दंपती ने बनाई अलग पहचान
- यदु भेंगरा ने लगभग दो एकड़ खेत में आम की बागवानी की है

बागवानी के अलावा वे धान और गेहूं की फसल भी उगाते हैं. इसकी आमदनी अलग होती है.

यदू भेंगरा बताते हैं कि तीन एकड़ की बागवानी में वे कभी मजदूर नहीं लगाते. सिर्फ पति-पत्नी ही सारा काम करते हैं. सुबह घरेलू काम निपटाने और बच्चों को पढ़ने के लिए भेजने के बाद दोनों दंपति अपने बगान में पहुंच जाते हैं और शाम तक खेत में काम करते हैं. सभी कृषि उत्पादों को दोनों स्थानीय बाजार या हाट में बेचने के लिए ले जाते हैं. मजदूरी का भुगतान नहीं करने से उन्हें बचत हो जाती है. उन्होंने बताया कि उनकी एक बेटी कॉलेज में पढ़ती है, जबकि बेटा अभी स्कूल में है.

यदु ने बताया कि वे अधिक पढ़े-लिखे नहीं हैं. उनके माता-पिता का देहांत उसी समय हो गया था, जब यदु काफी कम उम्र के थे. इसके कारण वे पढ़-लिख नहीं सके. बहुत पहले उन्हें सरकार की ओर से पेयजल के लिए एक कूप दिया गया था. उसी कुएं से वे खेत की सिंचाई करते हैं. सरकार की ओर से एक सिंचाई कूप और मिल जाता तो वे और बड़े पैमाने पर खेती करते. कुछ दिन पहले उसके खेत में एक तालाब बनवाया गया है, पर इसका निर्माण काफी घटिया है. तालाब की गहराई बहुत कम होने के कारण पानी जमा नहीं हो पाता. तालाब खोदे जाने के कारण उनका खेत बर्बाद हो गया. सरकार से सिंचाई के लिए मोटर पंप और पाइप मिल जाए तो वे अधिक खेत में बागवानी कर सकते हैं, पर सिंचाई की सुविधा न होने से वे कुछ कर नहीं पा रहे हैं. उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार की ओर से गांव के किसानों को उन्नत कृषि का प्रशिक्षण दिया जाए और खेती के लिए संसाधनों के अलावा उन्हें बैंकों से अनुदान पर पूंजी उपलब्ध कराई जाए.

### आज सूबे के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है

# लू के साथ राहत की बारिश भी तापमान में बदलाव की उम्मीद नहीं

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में कई जिले लू की चपेट में रहेंगे वहीं कई जिलों में राहत की बारिश भी होगी. मौसम केंद्र ने 17 जून तक के मौसम का फोरकॉस्ट किया है. मौसम केंद्र के राज्य में अगले 3 से 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है. 14 जून को राज्य के राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. इसका असर इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां जिलों में देखने को मिलेगा. 15 से 16 जून को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. 17 से 19 जून तक राज्य के कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्य म दर्जे की बारिश होने की संभावना है.

**ये जिले रहेंगे लू की चपेट में :** मौसम केंद्र के अनुसार 14 जून को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां में भीषण लू की स्थिति देखी जा सकती है. इसके अतिरिक्त राज्य के शेष हिस्सों में भी लू की स्थिति देखी जा सकती है. 15 जून को गढ़वा, पलामू और चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है. 16 जून को पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां में भीषण लू की स्थिति देखी जा सकती है.



फाइल फोटो

0000

**आंधी चलने की भी संभावना**

14 और 15 जून को राज्य, के उत्तर-पूर्वी, मध्यम और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं के झोंके के साथ वज्रपात होने की आशंका है. हवा की गति 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है. इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां जिलों में देखने को मिलेगा. 15 जून को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार में भी कहीं गर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर की गति से हवा चलने और वज्रपात होने की आशंका है. इसी तरह 16 और 17 जून को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की आशंका है. हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है.

**तप रहा पलामू, फिलहाल राहत के आसार नहीं**

- मेदिनीनगर अधिकतम तापमान पहुंचा 46 .5 डिग्री सेल्सियस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एक बार फिर से हीट वेव ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. पूरा पलामू जिला आग की भट्ठी की तरह झुलस रहा है. मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिनों तक हीट वेव का प्रकोप इसी तरह बरकरार रहेगा. फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है. 13 जून को मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 46 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 12 जून से 0 .9 डिग्री सेल्सियस अधिक है. बता दें कि 12 जून को मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान 45 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था. 13 जून को न्यूनतम तापमान 31 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 .6 डिग्री सेल्सियस अधिक है. मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी हीट वेव चलने का अनुमान जाहिर करते हुए इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मॉनसून आने तक ऐसी है ऐसी ही स्थिति बनी रहने की बात कही गई है.

## पति ने रॉड से मार कर पत्नी की हत्या कर दी, पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता। गुमला

पालकोट थाना क्षेत्र के दतली डैम पालकु पहाड़ के समीप बुधवार की शाम होलिका देवी का बरामद शव मामले में जांच करते हुए पुलिस ने हत्यारोपी पति संजय साहु को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार संजय साहू के अनुसार बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने पालकोट थाना में पत्रकारों को बताया कि मृतक महिला होलिका देवी का किसी अन्य युवक के साथ अवैध प्रेम संबंध था. इस बात की जानकारी मिलने के बाद संजय ने अपनी पत्नी को डैम साइड ले गया और लोहे का रड से मारकर हत्या कर दिया. लोहे का रड और पर्स आदि को तपकारा पुल के नीचे फेंक दिया था.



प्रेस-कांफ्रेंस करते पुलिस अधिकारी

**पेज एक का शेष**

### बतासे के लिए मंदिर कौन...

यानी जद (यू) को पांच साल का जीवनदान भाजपा की वजह से ही मिल सकता है, न कि पलटी मारने से. फिर वे उस ललन सिंह को मलाईदार विभाग नहीं मिलने से बगावत क्यों करेंगे जो राजद के शुभचिंतक हैं और उसके साथ जद (यू) के विलय के हिमायती रहे हैं. चूंकि ललन सिंह आदतन खुराफाती हैं. इसलिए उन्हें मंत्री तो बनाया गया, वह भी नीतीश की सहमति से, लेकिन मचलने से रोकेने के लिए मामूली विभाग दे दिया गया. वैसे भी बतासे के लिए कोई मंदिर थोड़े ही तोड़ देता है.

जहां तक चंद्रबाबू नायडू की बात है, उन्हें अपने बेटे का भविष्य संवारना है. अमरावती को कुबेर की राजधानी जैसा बनाना है. जगन रेड्डी से अपने अपमान का चुन-चुन कर हिसाब चुकता करना है. उन्हें जेल भिजवाना है. वह दिल्ली की उठापटक की राजनीति में फसेंगे तो फंसते ही चले जाएंगे. उन्होंने पहले ही कह दिया था कि यह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की जीत है. इसलिए किसी को भी ना नुकुर नहीं करना चाहिए. बावजूद इसके राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी बतौर हथियार इस्तेमाल की जाती है और जिसकी धार ज्यादा तेज होती है उसका इस्तेमाल पहले कर लिया जाता है. इसलिए कल क्या होगा, कहना मुश्किल है. लेकिन इस सरकार को कोई खतरा नहीं है.

गौरतलब यह भी है कि क्या भाजपा किसी संभावित खतरे का सामना करने के लिए योजना नहीं बना रही होगी ? अभी तो अधिकतर निर्दलीय उसके साथ आने को तैयार हैं और उद्धव ठाकरे की शिवसेना जरा मन की किवड़िया खोल के बोल गुनगुना रही है. उसके बैन बदलने का कारण महाराष्ट्र में कांग्रेस का उससे बड़ा हो जाना और सांगली की सीट पर कांग्रेस की धोखेबाजी है. उद्धव को इससे भी बड़ी चिंता मुंबई, ठाणे, पुणे नगर निकायों को लेकर है. मुंबई नगर निगम उद्धव सेना का आर्थिक आधार है और मुंबई में उसे जिस तरह पराजय झेलनी पड़ी है, उससे उसका साहस डगमगाया है. जो लोग यह बताने में लगे हैं कि मोदी इस बार कमजोर हैं, वे 2004 से 2014 तक की स्थिति गोल कर जा रहे हैं जब चेन्नई से मंत्रियों और उनके विभागों की घोषणा होती थी. इस बार ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है. यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 1984 के बाद कांग्रेस को आज तक कभी भी 240 सीटें नहीं मिलीं हैं. 1991 में उसे 232 सीटें ही मिल पाई थीं. राजीव गांधी की हत्या के बाद पंजाब में हुए चुनाव में उसे 10 सीटें मिल गयी थीं. इसके बावजूद नरसिंह राव को सरकार चलाने-बचाने के लिए सांसद खरीदने पड़े. उनमें से कुछ जेल भी गये. कुछ को मजबूरन मंत्री बनाना पड़ा.

राजीव गांधी के रहते ही 1989 में कांग्रेस 196 पर थी तो 2004 में 145, 2009 में 209 और पिछले तीन चुनावों का टोटल भी 240 नहीं है. यानी कांग्रेस अपने इतिहास में सबसे कमजोर स्थिति में है और उसकी यह स्थिति तब तक नहीं सुधरेगी जब तक वह क्षेत्रीय दलों के आगोश से बाहर नहीं निकलेगी. इस लिहाज से देखें तो वर्तमान सरकार के विरुद्ध किसी टिकाऊ सरकार के बनने की संभावना क्षीण है. फिर भी यदि कोई चरण सिंह, चंद्रशेखर, देवगौड़ा, गुजराल बनना चाहे तो भी जुगाड़ मुश्किल होगा. मोदी यह सारा हिसाब-किताब बैठाने के बाद ही खुदमुख्तारी दिखा रहे हैं. मोदी ही नहीं, राजनीति की थोड़ी-बहुत समझ रखनेवाले भी मानते हैं कि यह सरकार चलेगी, गिरेगी नहीं और यदि गिरेगी तो दूसरी बनेगी नहीं, यदि बन भी गयी तो चलेगी नहीं और मध्यावधि चुनाव की नौबत खड़ी होगी जो किसी तरफ का कोई सांसद नहीं चाहता है.

जनादेश ही ऐसा है कि मोदी के अतिरिक्त किसी दूसरे की सरकार नहीं बन सकती. जो इसके विरुद्ध जाएगा, खुटचाल करेगा, जनता की नजर में गिरेगा. फिर भी गांव बसने से पहले ही लुटेरी पलटन सक्रिय हो गयी है. अपशकुनी श्रृगाल ध्वनि की जा रही है. सियासी गिद्ध क्षितिज पर मंडरा रहे हैं. जीभ लपलपा रहे हैं, चोंच चोख कर रहे हैं. लेकिन इनके लिए दिल्ली अभी दूर है. जब तक एनडीए के अंतर्विरोध उभर कर सामने नहीं आएंगे, तब तक इस सरकार के सामने कोई संकट नहीं है. इसलिए मोदी संकेत दे रहे हैं कि यह सरकार न झुकेगी, न रुकेगी. लेकिन विपक्ष इतना असभ्य है कि उसने सरकार को शुभकामना या बधाई देना भी मुनासिब नहीं समझा. बावजूद इसके वह तानाशाही का आरोप मोदी पर लगाता है. क्या इस स्तर की खुन्नस लोकतंत्र में जायज है और ऐसे लोग लोकतंत्र के पहरुए होने का दावा कर सकते हैं ?

### खेल में तेल का....

**हॉकी इंडिया के प्रपोजल में गाला डिनर का जिक्र नहीं :** आयोजन के संबंध में हॉकी इंडिया ने 29 मार्च 2023 को झारखंड सरकार को पत्र लिखा था. हॉकी इंडिया की सीइओ एलेना नॉर्मन के हस्ताक्षर से जारी पत्र में रात्रि भोज (गाला डिनर) का जिक्र नहीं था. पत्र में हॉकी इंडिया ने झारखंड सरकार से वेन्यू के अलावा खिलाड़ियों और मेहमानों के लिए बस, कार, टेंपो ट्रैवलर, स्टेट गेस्ट हाउस में कमरे उपलब्ध कराने, प्रेस-मीडिया के अलावा वीआईपी मेहमानों के लिए केटरिंग समेत अन्य सुविधाओं की मांग की थी.

**ऐसे खर्च की गई राशि (रुपये में)**

टेंट/डेकोरेशन : 59,00,000 (दून डेकोरेटर्स)
भोजन : 20,10,750 (कावेरी)
साउंड/लाइट : 9,68,000 (दून डेकोरेटर्स)
सांस्कृतिक कार्यक्रम : 7,00,000 (सात लाख लगभग) (सांस्कृतिक निदेशालय)
8 वॉल्वो बस का भाड़ा : 3,58, 720 (अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर)
मोमेंटोज/गिफ्ट हैंपर : 1,93,623 (झारक्राफ्ट)
विभिन्न गाड़ियों में डीजल : 85,658 (श्याम सर्विस सेंटर)
ब्रांडिंग : 75,920 (लालू जी एंड संस)
15 इनोवा 2 डिजायर का किराया: 54,600 (बीके ट्रेवल्स)
दो ट्रैवलर का भाड़ा : 31,860 (आजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर)
फोटोग्राफी : 10,207 (सीमा स्टूडियो)
कुल खर्च : 1,03,89,338 रु मात्र

## सब जूनियर झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल 23 को

संवाददाता। रांची

राज्य स्तरीय अंडर-17 सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल का आयोजन 23 जून को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा. ओलंपिक डे सेलिब्रेशन के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य कुश्ती संघ व झारखंड खेल विभाग के सहयोग से किया जाएगा. प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.

प्रतियोगिता में 2007 व 2008 में जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे. वहीं 2009 में जन्म लेने वाले खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट व पैरेंटल सर्टिफिकेट जमा करना होगा. खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र और अपना पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा.

Jharkhand State Wrestling Association RANCHI

**खिलाड़ियों के भार वर्ग निम्न है**

**बालक फ्रीस्टाइल व ग्रीको रोमन**

45 केजी, 48 केजी, 51 केजी, 55 केजी, 60 केजी, 65 केजी, 71 केजी, 80 केजी, 92 केजी, 110 केजी

**बालिका फ्रीस्टाइल**

40 केजी, 43 केजी, 46 केजी, 49 केजी, 53 केजी, 57 केजी, 61 केजी, 65 केजी, 69 केजी, 73 केजी

## ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में लगाया अनियमितता का आरोप

संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड के उक्कामाड़ पंचायत के मुरु ग्राम में आरईओ रोड से मुरु विद्यालय होते हुए बेतला जंगल की सीमा तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है. यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की राशि से करायी जा रही है. ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण में कार्यकारी एजेंसी द्वारा भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया.

ग्रामीणों ने गुरुवार को योजनास्थल पर पहुंच कर जम कर विरोध किया और काम रुकवा दिया. मौके पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे. कन्हाई सिंह ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य करा एजेंसी ने काम को बिना अनुभव वाले पेटी के ठेकेदारों को दे दिया है और कार्य की गुणवत्ता से खिलवाड़ कर रही है. सड़क में बन रही पुलिया में निम्न स्तर के सरिया (छड़) और पत्थर लगाया जा रहा है. काम बिना किसी विभागीय अभियंता के मौजूदगी में हो रहा है. योजना में किसी भी का कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है. मौके पर मौजूद काम करा रहे ठेकेदार के मुंशी अशरफी यादव ने ग्रामीणों की शिकायत के बाद सरिया (छड़) को बदलने के बाद निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया.



काम रोक कर विरोध जताते ग्रामीण.

**प्रतियोगिता** गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम हजारीबाग रवाना

# खेल से आता है जीवन में अनुशासन: अलखनाथ

संवाददाता। गढ़वा

हजारीबाग में शुक्रवार से आयोजित प्रथम झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 24 सदस्यीय टीम गुरुवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हो गई. मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने प्रतियोगिता में भाग लेने जाने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग जिले के लिए स्पेशल है, जो जिले का प्रतिनिधित्व टेबल टेनिस के खेल में करने जा रहे हैं. खेल से आता है जीवन में अनुशासन.

24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार, रोहन पाल, उज्ज्वल कुमार, पलक भारती, रिद्धि सिंह, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आशिता प्रियदर्शिनी, रौशन कुमार पाल, अनिल कुमार मेहता, मानवी चौबे, रिशु तिवारी और शिवम कुमार पटेल को शामिल किया गया है. टीम का कोच संघ के कार्यकारी सदस्य अजय कुमार ठाकुर को बनाया गया है. मौके पर संघ के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे, आशुतोष रंजन, पंकज कुमार सोनी, मनोज पाठक, मिथिलेश कुमार सिंह, रजनीश कुमार, विकास, प्रवीण शुक्ला, दुर्गेश कुमार दुबे, जयदेव पाल आदि उपस्थित थे.



खिलाड़ियों को रवाना करते संघ के संरक्षक सहित अन्य पदाधिकारी.

## सत्ता हिस्सेदारी में आदिवासी

सत्ता भागीदारी के नजरिए से पहली बार आदिवासी देश के सात राज्यों में मुख्यमंत्री पद पर हैं. इसके साथ ही देश का राष्ट्रपति भी एक आदिवासी महिला हैं. छह में तीन राज्य वे हैं, जो पूर्वी और मध्य भारत का हिस्सा हैं. पूर्वोत्तर भारत के चार राज्यों अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मेघालय के मुख्यमंत्री आदिवासी हैं. इसी तरह झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के मुख्यमंत्री भी आदिवासी हैं. छत्तीसगढ़ के बाद ओडिशा में भी भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया है. इसका मतलब साफ है कि आदिवासी नेतृत्व इस समय प्रमुखता से भूमिका निभा रहा है. भाजपा ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बना कर देश के आदिवासी समूहों को गहरा संदेश दिया है. झारखंड में पिछले पांच सालों से आदिवासी ही मुख्यमंत्री हैं. झारखंड में गठबंधन की सरकार का नेतृत्व पिछले पांच सालों से आदिवासी ही कर रहे हैं. झारखंड में इसी साल के अंत में विधान सभा चुनाव होने वाले हैं. ओडिशा और छत्तीसगढ़ के आदिवासी मुख्यमंत्री के फैक्टर को भाजपा झारखंड में भी इस्तेमाल करेगी. जैसा कि मध्य प्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बना कर उनका उत्तर पदेश और बिहार में यादव वोटों को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल हुआ. इसके साथ ही महाराष्ट्र में भी इसी साल चुनाव होने वाले हैं, जहां कुल आबादी का 9.27 प्रतिशत आदिवासी है. लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को महाराष्ट्र में झटका लगा है. आदिवासियों और दलितों का वोट भाजपा को नहीं के बराबर मिला. चुनाव समीकरण के दीगर कुछ ऐसे गंभीर सवाल हैं, जिनका पूछा जाना इस समय जरूरी है. आदिवासी समाज आजादी के बाद से ही प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार के लिए संघर्ष करता रहा है. झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ ऐसे आंदोलनों के केंद्र रहे हैं. आदिवासियों के नेतृत्व के बावजूद आदिवासियों को अपनी इस पुरानी मांग के लिए बारबार आवाज बुलंद करना पड़ता रहा है. इन तीनों राज्यों के प्राकृतिक संसाधनों पर देश-विदेश के बड़े कॉरपारेट घरानों की निगाह है. छत्तीसगढ़ में हसदेव जंगल को कारपारेट से बचाने के लिए आदिवासियों का सालों से संघर्ष चल रहा है. छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनने के बावजूद सांस्कृतिक और जलवायु के नजरिए से महत्वपूर्ण हसदेव को कटने से बचाने की जद्दोजहद जारी है. इसी तरह ओडिशा में आदिवासी नियामगिरी को बचाने के लिए एक दशक से संघर्ष कर रहे हैं. लगभग एक चौथाई सदी के बाद ओडिशा में सत्ता का बदलाव हुआ है. एक संताल को राज्य का नेतृत्व करने का मौका दिया गया है. तो क्या यह अपेक्षा की जा सकती है कि अब ओडिशा के नियामगिरी की रक्षा होगी. ओडिशा में पहले भी दो आदिवासी राज्य का नेतृत्व कर चुके हैं, लेकिन आदिवासियों के सवालों का हल नहीं निकला . इसके साथ ही आदिवासी प्रभुत्व वाले सभी राज्यों को आर्थिक प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों की हिफाजत के बीच संतुलन और टकराव का सामना करना पड़ता रहा है. गरीबी, बेराजगारी और पहचान के संकट उनकी सबसे बड़ी समस्या है. देश के राष्ट्रपति के नेतृत्व में यदि आदिवासियों के इन सवालों का हल हो जाए तो भागीदारी का महत्व और भी प्रमाणिक माना जाएगा.

> आदिवासियों के नेतृत्व के बावजूद आदिवासियों को अपनी इस पुरानी मांग के लिए बारबार आवाज बुलंद करना पड़ता रहा है. इन तीनों राज्यों के प्राकृतिक संसाधनों पर देश-विदेश के बड़े कॉरपारेट घरानों की निगाह है.

### सुभाषित

**त्यजन्ति मित्राणि धनैर्विहीनं पुत्राश्च दाराश्च सुहृज्जनाश्च।**
**तमर्शवन्तं पुराश्रयन्ति अर्थो हि लोके मनुषस्य बन्धुः ॥**

मनुष्य के धनहीन हो जाने पर पत्नी, पुत्र, मित्र, निकट सम्बन्धी आदि सभी उसका त्याग कर देते हैं और उसके धनवान बन जाने पर वे सभी पुनः उसके आश्रय में आ जाते हैं. इस लोक में धन ही मनुष्य का बन्धु है, जिसके पास में होने से सारे लोग बंधे रहते हैं.

# क्या कहता है भारत भाग्य विधाता!

**मतदाता गांधी का वह अंतिम आदमी है, जिसका ताबीज बना कर, उन्होंने तीन गोली खाने से पहले हमें सौंप दिया था. मैं गांधी-से शब्द कहां से लाऊं! इसलिए अपने शब्दों में गांधी का भाव पकड़ने की कोशिश करता हूं : 'जब कभी ऐसे संशय में घिरने लगो कि तुम जो करने जा रहे हो वह सही या गलत, या कि तुम्हारा अहंकार इतना प्रबल होने लगे कि सही-गलत का भेद करना कठिन होने लगे, तब सही फैसले तक पहुंचने के लिए तुम्हें एक ताबीज देता हूं.'**



• देश-काल



कुमार प्रशांत

2024 ने देश को बहुत कुछ दिया है- इसने हमें एक ऐसा चुनाव दिखलाया है जैसा पतनशील चुनाव ओर चुनाव आयोग हमने पहले देखा नहीं था. इसने हमें एक ऐसा चुनाव परिणाम दिखलाया, जैसा हमने पहले कभी देखा नहीं था. हमने पार्टियों की हार देखी थी, हमने पार्टियों की जीत देखी थी. हमने 1977 में वोट की ताकत से एक किस्म की तानाशाही को पराजित होते देखा था, लेकिन हमने ऐसा परिणाम पहली बार ही देखा, जिसमें जीतने वाला हार गया, हारने वाला जीत गया ! और अब इस चुनाव परिणाम से हमें एक ऐसी सरकार मिली है, जो पूर्ण बहुमत की सरकार से बला के अल्पमत की सरकार में बदल गई है. इस सरकार के शिखर पर बैठा आदमी वही है लेकिन उसके पास अब न 'संख्या का बुलडोजर'है, न 'सर्वस्वीकृति वाला इकबाल'है. वह कवच-कुंडल विहीन ऐसी 'ईश्वरीय रचना' है, जिसका देवता झोला उठा कर निकल गया है. मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वह इस अल्पमत की सरकार को अल्पसंख्यकों, अल्प- अवसर प्राप्त वर्गों, अल्प-प्रतिष्ठा व अल्प-सुरक्षा प्राप्त महिलाओं , अल्प-सामर्थ्यवान बच्चों का सहारा बनने की समझ व दृष्टि दे. लोकतंत्र सत्ता का खेल नहीं है, जैसा कि उसे बना दिया गया है. चुनाव मृत आंकड़ों का जोड़तोड़ नहीं है. जैसी बाजीगरी करने में हम अक्सर लगे रहते हैं. हर चुनाव समाज की जमीन में नये बीज बोने और उनके अंकुरण की साधना है. यह गतिशील मनोविज्ञान का शास्त्र है, जिसे हम अपनी आधी-अधूरी, छल-छद्म से भरी मानसिकता से आंकने-ढकने का खेल खेलते हैं. मतदाता ने एक संवैधानिक संरचना (चुनाव आयोग) की निष्पक्ष देख-रेख में अपना मत दे दिया, जो आज के चलन के मुताबिक मशीनों में बंद हो गया. वे मशीनें खुलेंगी और मतदाता का फैसला सामने आ जाएगा. इतनी सीधी, सरल-सी बात को इन तथाकथित 'विशेषज्ञों'ने इतना जटिल बना दिया है कि वह धोखाधड़ी की श्रेणी में आ गया है. यह बंद होना चाहिए.

किसी ने बहुत खूब कहा कि 4 जून 2024 को जो चुनाव परिणाम आया, उसने लोकतंत्र की हवा में ऑक्सीजन की मात्रा थोड़ी बढ़ा दी है. हवा में ऑक्सीजन पर्याप्त हो तो जीवित संरचनाएं सांस खींच पाती हैं. ऐसा ही लोकतंत्र के साथ भी है. संसद जब संविधान के दायरे में रहती है और संवैधानिक संरचनाएं जब स्वतंत्रतापूर्वक अपनी-अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करती हैं, तब लोकतंत्र सांस ले पाता है. जब ऐसा नहीं होता है तब अस्पताल चाहे जितना आधुनिक और 'फाइवस्टार' चमक-दमक वाला हो, कोविड के दौर में ऑक्सीजन बिना वहां जैसा हमारा हाल हुआ था, वैसा ही हाल लोकतंत्र का होता है. यह देखिए और यह समझिए कि इस चुनाव में मतदाताओं ने सत्ता व तिकड़म की शक्ति से बनाया गया वह माहौल तोड़ दिया, जिसे पिछले 10 सालों से रचा जा रहा था कि एक आदमी ही राष्ट्र है; एक आदमी की कुंठाएं ही राष्ट्रनीति हैं और उसका अहंकार ही लोकतंत्र है. यह मतदाता कौन है? यह मतदाता वह है, जिसकी हम सबसे कम कद्र करते हैं. वह बिखरा हुआ, असंगठित है, इसलिए हम उसको कभी अपनी गिनती में नहीं लेते हैं. वह गरीब-अशिक्षित और अंगूठा छाप है, इसलिए हम अपने आभिजात्य ज्ञान में उसे गलती से भी जगह नहीं देते हैं. मतदाता गांधी का वह अंतिम आदमी है, जिसका ताबीज बना कर, उन्होंने तीन गोली खाने से पहले हमें सौंप दिया था.

मैं गांधी-से शब्द कहां से लाऊं! इसलिए अपने शब्दों में गांधी का भाव पकड़ने की कोशिश करता हूं : 'जब कभी ऐसे संशय में घिरने लगो कि तुम जो करने जा रहे हो वह सही या गलत, या कि तुम्हारा अहंकार इतना प्रबल होने लगे कि सही-गलत का भेद करना कठिन होने लगे, तब सही फैसले तक पहुंचने के लिए तुम्हें एक ताबीज देता हूं. जिसे तुमने खुद देखा हो, ऐसे सबसे निरीह- निराधार- कातर आदमी का चेहरा अपने ध्यान में लाना और खुद से पूछना कि तुम जो करने जा रहे हो, तुम जो सोच रहे हो क्या वह इस आदमी की किस्मत बदल सकेगा? क्या इससे यह आदमी अपने भावी को बदलने में ज्यादा समर्थ होगा? यदि जवाब हां हो तो आगे जाना; संशय में रह जाओ तो वह काम छोड़ देना!' यही सबसे निरीह-निराधार आदमी भारत माता है, यही भारत भाग्यविधाता है. गांधी ने दक्षिण अफ्रीका से इसकी साधना शुरू की तो 30 जनवरी 1948 तक करते ही रहे.

राहुल गांधी अपनी भारत-यात्रा में जाने-अनजाने इसी भाग्यविधाता तक पहुंच गए थे. राहुल गांधी का जो नया अवतार हम देख रहे हैं, वह इसी भाग्यविधाता के स्पर्श से संभव हुआ है. न कांग्रेस यह गलतफहमी पाले कि अब उसकी वापसी हो रही है, न राहुल इस मुगालते में रहें कि उनकी झोली में अक्षय राजनीतिक पूंजी आ गई है. गांधी का यह अंतिम आदमी सिर्फ उन्हें ही 'प्रथम'मानता है, सिर्फ उनका ही यह भाग्यविधाता है, जो लगातार उसके बीच रहते हैं, उसकी बातें सुनते हैं, उससे बातें करते हैं और उसकी लड़ाई लड़ते हैं. वह जातिवादी नहीं है, हालांकि वह अपनी जाति के प्रति सावधान है; वह सांप्रदायिक नहीं है, हालांकि वह अपने धर्म के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, वह प्रांतीय व भाषाई द्वेष से घिरा नहीं है, हालांकि उसके भीतर यह बोध जीवित रहता है. मतलब यह कि वह जटिल संरचना है. लेकिन सही-गलत, शुभ-अशुभ, सच-झूठ के संदर्भ की उसकी समझ बहुत बारीक व पवित्र है. वह देर से समझता है, लेकिन समझता जरूर है. इसलिए उसके साथ लगातार संबंध- संपर्क- सक्रियता रणनीति नहीं, जरूरी कर्तव्य है. इस भारत भाग्यविधाता के साथ जिसका जुड़ाव होगा, जुड़ाव बना रहेगा, उसकी संसदीय शक्ति भी बढ़ेगी और उसकी सामाजिक शक्ति भी बढ़ेगी. इन दोनों शक्तियों का कोई संयोजन हो तो भारत लोकतंत्र का एक नया नमूना पेश कर सकेगा- 'विश्वगुरु!' जयप्रकाश ने कहा था कि हमारे लोकतंत्र को जनांदोलनों की शक्ति से चलने वाली सरकार चाहिए. क्या इस चुनाव के संदर्भ में हम यह तत्व समझ सकेंगे और इसकी संभावना खोज सकेंगे?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सदाचार और नास्तिकता

जैसे सदाचारियों के समूह में दुराचारी निंदा के पात्र होते हैं, उसी प्रकार दुराचारियों के समूह में सदाचारी को हेय दृष्टि से देखा जाता है. जहां सदाचारियों की संख्या अधिक होती है, वहां दुराचारियों को कोई असुविधा नहीं होती, लेकिन जहां दुराचारियों का बाहुल्य होता है, वहां सदाचारियों का जीना दूभर हो जाता है. वातावरण में भ्रम और अविश्वास का ऐसा धुआं उमड़ पड़ता है कि कई बार तो सदाचार ही दुराचार सा लगने लगता है. दुराइयों के समूह में सदाचारियों की गणना कायरों में की जाती है. सामान्यतया तो उसे डरपोक ही मान लिया जाता है. सदाचारी के शत्रुओं की भी संख्या बढ जाती है. उसे पाखण्डी ही समझा जाता है. कभी कभी तो उसे शान्ति के बदले मिलती कीर्ति का भी हनन कर दिया जाता है. इतना सब होने के बाद, अनास्थावान् का सदाचारों पर टिके रहना तलवार की धार पर चलने के समान होता है. सदाचारों का लाभ तो मिले या न मिले, जीवन को क्यों लोहे के चने चबाने जैसे दुष्कर कार्य में व्यर्थ करना निरर्थक ही है. जबकि कर्म-फल पर विश्वास करता हुआ आस्तिक, श्रद्धा के साथ प्रतिफल धारणा पर अटल रहता है और विश्वास के प्रति सजग भी. उसे भरोसा होता है कि देर-सवेर अच्छे कर्मों का प्रतिफल अच्छा ही मिलना है. आज नहीं तो कल, इस जन्म में नहीं तो अगले जन्म में, वह सोचता है, मैं अपने सब्र की डोर क्यो छोड़ूं. वह सदाचरण दृढता से निभाता चला जाता है. इसी आत्मबल के कारण सदाचार निभ भी जाते हैं. जबकि प्रतिकूल परिस्थिति में नास्तिक के सब्र का बांध टूट जाता है. भलाई का बदला बुराई से मिलते ही उसके भौतिक नियमों में खलबली मच जाती है. वह सोचता है, आजकल तो सदाचार का बदला बुरा ही मिलता है. कोई आवश्यक नहीं अच्छे कार्यों का नतीजा अच्छा ही हो. ऐसा कोई भौतिक नियम तो है नहीं कि नियमानुसार भले का परिणाम भला ही मिले. फिर क्यों किसी उलजलूल कर्म-सिद्धांतों की पग-चंपी की जाय और अनावश्यक सदाचार निभाकर क्यों दुख पीड़ा और प्रतीक्षा मोल लें. इसप्रकार धर्मग्रंथों से मिलने वाले नीतिबल के अभाव में तथा प्रतिफल की धारणा के अभाव में, अपनी नैतिक उर्ज़ा दांव पर नहीं लगाना चाहता. इसीलिए पैरविहीन नास्तिक, सदाचार की 'लम्बी दौड़' दौड़ने में अक्षम होता है. नास्तिक-सदाचार की श्रद्धाविहीन धारणाओं को पैर रहित ही कहा जाएगा. बिना दृढ़ आस्था के वे 'आचार' आखिर किसके पैरों पर खड़े होंगे? इसलिए नास्तिक के पास सदाचार के खडे रहने के लिए पैर ही नहीं होते.

## जनभावना और भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति

• सियासत

अश्विनी कुमार

सही मायनों में 2024 का जनादेश लोकतंत्र, गरिमा और न्याय के पक्ष में विपक्ष की नैतिक विजय है. चुनाव परिणाम केंद्रीकृत शक्ति के प्रति अविश्वास और बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति देशवासियों की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं. चुनावी नतीजे स्वतंत्रता और न्याय को बरकरार रखने की हमारे संविधान निर्माताओं की शपथ व बुद्धिमत्ता को सलाम है. चुनावी परिणाम राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं. यह जनादेश इतिहास के उस स्थायी सबक की पुष्टि करता है कि अपमानित और कमजोर लोगों की तीव्र पीड़ा को कठोर सरकारें भी लंबे समय तक कुचल नहीं सकतीं और सरकारों के झूठ को अंततः उजागर किया जा सकता है. जनादेश का सबक है कि समय की जनभावना लोकतांत्रिक राजनीति को गढ़ती है. विपक्ष की आवाज ने एक बार फिर जनता की सामूहिक शक्ति को दर्शाया है. संघीय राजनीति में क्षेत्रीय आकांक्षाओं की प्रासंगिकता और राष्ट्रीय राजनीति का पुनर्गठन भी जनादेश का अचूक संदेश है, जिसने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस मे गांधी परिवार के नेतृत्व को भी मान्यता दी है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 2024 का जनादेश हमारी चुनावी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता और भारतीय लोकतंत्र की अखंडता की पुष्टि करता है. प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने बीजेपी की ओर से चुनाव को अपने कंधों पर उठाते हुए कठिन अभियान के दौरान उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई. विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार उनका शपथ लेना भारत के समकालीन राजनैतिक इतिहास में एक असाधारण घटना है. चुनावी झटके के बावजूद, प्रधानमंत्री अपनी पार्टी को एक अखिल भारतीय राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित करने का दावा कर सकते हैं, क्योंकि दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा ने अपने वोट शेयर में इजाफा किया है. इसलिए इस ऊर्जावान दौर में, विपक्ष को प्रधानमंत्री की राजनैतिक जीवनी को इतनी जल्द नकारने की गलती नहीं करनी चाहिए. निश्चित रूप से, यह नतीजे प्रधानमंत्री के लिए एक बड़ी चुनौती हैं. एक थकाने वाले और विभाजनकारी चुनाव अभियान के बाद राष्ट्र की आहत आत्मा को सद्भाव के मरहम की आवश्यकता है. अल्पसंख्यकों का अलगाव, असहज चुनावी संवाद, राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कानूनी और न्यायिक प्रक्रियाओं का विकृतीकरण, देश भर में सत्ताधारी दलों द्वारा संवैधानिक संस्थानों और नौकरशाही का दुरुपयोग व सभी स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार एक कमजोर लोकतंत्र के निराशाजनक संकेत हैं. स्वाभाविक तौर पर

> चुनावी झटके के बावजूद, प्रधानमंत्री अपनी पार्टी को एक अखिल भारतीय राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित करने का दावा कर सकते हैं, क्योंकि दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा ने अपने वोट शेयर में इजाफा किया है. इसलिए इस ऊर्जावान दौर में, विपक्ष को प्रधानमंत्री की राजनैतिक जीवनी को इतनी जल्द नकारने की गलती नहीं करनी चाहिए.

शपथग्रहण के बाद प्रधानमंत्री की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि वे जनादेश के प्रभाव को पहचानते हुए देश में संवैधानिक लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने के लिए कार्यशील हों. सही मायनों में यह जनादेश राष्ट्रीय नवीकरण के लिए मेल-मिलाप की राजनीति पर आधारित एक सहयोगात्मक उद्यम का संकेत देता है. राष्ट्र के नेता के रूप में, इसके लिए प्रमुख जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की है. इस प्रयास में, उन्हें अनिवार्य रूप से विपक्ष के रचनात्मक सहयोग की जरूरत होगी, क्योंकि इस समय विपक्ष राष्ट्र के बड़े हिस्से की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है. साथ ही विपक्ष, हर सरकारी कार्रवाई के प्रति निरंतर निंदात्मक और आलोचनात्मक नहीं हो सकता. उसे जनादेश के परिणाम का सम्मान करना होगा, ताकि उसकी सार्वजनिक विश्वसनीयता बनी रहे. विपक्ष को डॉ. अंबेडकर की उस बुद्धिमत्ता को भी ध्यान में रखना होगा कि संवैधानिक लोकतंत्र में अराजकतावादी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है.2024 के जनादेश ने भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिकता को संबल दिया है. इससे व्यापक स्वीकार्यता वाली नीतियों और शासन की अपेक्षा की जा सकती है. इससे हमारे युग की चुनौतीपूर्ण समस्याओं का समाधान होने के साथ राष्ट्र की एकजुटता बढ़ेगी. ऐसी व्यवस्था मे मनमाने ढंग से शक्ति के प्रयोग के माध्यम से नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर व्यापक हमलों की कोई गुंजाइश नहीं होगी. नई सरकार की कार्ययोजना के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री को उन कठोर दंड कानूनों को निरस्त या संशोधित करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, जिनका नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन में नियमित रूप से दुरुपयोग किया जाता है. उन्हें मानवीय कानूनों को अधिनियमित करना चाहिए, जिसमें बहुप्रतीक्षित व व्यापक कानून शामिल है, जिससे हिरासत में यातना को गैरकानूनी एवं दंडनीय ठहराया जा सके, जिसको देश के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्र की आत्मा पर एक घाव ठहराया है.

## गठबंधन सरकार और मजबूत विपक्ष की अहमियत

• सामयिकी

कुमार नीरज

विविधताओं और असमानताओं से परिभाषित समाज में काम करने वाले लोकतंत्र में राजनीतिक सत्ता रेत की तरह होती है. इसे जितना कसकर मुट्ठी में रखने की कोशिश की जाती है, यह फिसल जाती है और मुट्ठी जितनी ढीली होती है, इसे पकड़े रखने की संभावना उतनी ही अधिक होती है. इस रूपक को संघ के दो सबसे बड़े राज्यों- महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश (यूपी) में आम चुनावों के नतीजों से स्पष्ट किया जा सकता है. हमारी बात को रेखांकित करने के लिए इन दो राज्यों का चयन तार्किक है, क्योंकि इनका संसद की बदली हुई संरचना पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है, जिसमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हार का सामना करना पड़ा है. महाराष्ट्र के नतीजे विपक्षी दलों में फूट डालकर सत्ता पर पकड़ मजबूत करने की साजिशों के प्रति आम जनता की अस्वीकृति को दर्शाते हैं, जिसे सत्तारूढ़ दल के पक्ष में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र को तिरछा करने के अनुचित प्रयास के रूप में देखा गया है. नाम और चिह्न के बंटवारे और नुकसान से प्रभावित पार्टियों-शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने न केवल मूल मानी जाने वाली पार्टियों से बेहतर प्रदर्शन किया है, बल्कि इन पार्टियों और उनके नेताओं के प्रति सहानुभूति की लहर ने कांग्रेस को राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनने में भी मदद की है. इस प्रकार, यह उन दो राज्यों में से एक है, जहां भाजपा ने दोहरे अंकों में सीटें खो दी हैं, दूसरा यूपी है. समाजवादी पार्टी (एसपी) के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) का यूपी में पुनरुत्थान, सत्ता पर पकड़ बनाए रखने में सक्षम होने के लिए पकड़ को ढीला करने के गुण का प्रमाण है. यह उम्मीदवारों की सामाजिक संरचना में भारी बदलाव करके हासिल किया गया था. सपा की पहचान यादवों के प्रमुख ओबीसी समुदाय से है और इस प्रबलता ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर अन्य समुदायों को पार्टी से दूर रखा है. दरअसल, पिछले दशक में भाजपा की बढ़त का श्रेय इनमें से कुछ समुदायों को अपने परंपरागत द्विज जाति वोट बैंक के अलावा अपने साथ लाने को दिया जाता है. सत्ताधारी पार्टी के सामाजिक गठबंधन में उभर रहे विरोधाभासों को भांपते हुए, विरोधियों की एकता को बनाए रखने की सीमाओं के कारण, सपा ने गैर-यादव ओबीसी जातियों के एक बड़े हिस्से को आकर्षित करने के लिए सामरिक सूझबूझ दिखाई. ऐसा यादव उम्मीदवारों की संख्या को न्यूनतम रखकर, गैर-यादव ओबीसी समुदायों से कहीं अधिक उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर और अनुसूचित जाति समुदायों के उम्मीदवारों को अनारक्षित सीटों से चुनाव लड़वाकर किया गया. सत्ता तक पहुंच (या संभावित पहुंच) के इस तरह के लोकतांत्रिकरण ने उल्लेखनीय परिणाम दिए और बदले में सपा के परंपरागत समर्थन आधार के लिए सत्ता तक अधिक पहुंच की सुविधा भी प्रदान की. उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के उदाहरण आम चुनाव परिणामों से निकलने वाले बड़े चुनावी-राजनीतिक संदेश को समाहित करते हैं. लोकप्रिय जनादेश स्पष्ट रूप से एक गठबंधन सरकार के लिए है, जो विचार-विमर्श के माध्यम से शासन करे और एक मजबूत विपक्ष उसे जवाबदेह ठहराए. लोगों ने न केवल मुख्य विपक्षी दल की संख्या बढ़ाकर बल्कि क्षेत्रीय ताकतों के हाथ मजबूत करके कार्यात्मक नियंत्रण और संतुलन के लिए अपनी प्राथमिकता व्यक्त की है, जिन्होंने सत्तारूढ़ दल के प्रभुत्व को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. जबकि लोगों ने भाजपा को खारिज नहीं किया है, फिर भी उन्होंने अजेयता और अचूकता के उसके बड़े-बड़े दावों की हवा निकाल दी है. बेशक, हम जिन "लोगों" का आह्वान कर रहे हैं, वह कोई अस्पष्ट श्रेणी नहीं है. लोकतंत्र को बनाए रखने और उसे मजबूत बनाने में सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर पड़े समूहों की हमेशा सबसे अधिक हिस्सेदारी रही है. एक गहन विश्लेषण से पता चलेगा कि जीवन और आजीविका की चिंताओं से उभरने वाले इन वर्गों के सचेत विकल्पों ने चुनावी नतीजों को कैसे आकार दिया है. बेरोजगारी, ग्रामीण संकट और मुद्रास्फीति के मुद्दे संवैधानिक अधिकारों पर आधारित ठोस लोकतंत्र की चाहत में निहित हैं. मानव की सामान्य जैविक जरूरतों और आवश्यकताओं के एकीकृत प्रभाव ने गैर-जैविक विविधता के ध्रुवीकरण बयानबाजी पर विजय प्राप्त की है. इसने इस अहसास को मजबूर कर दिया है कि सरकार को काल्पनिक लौकिक ढाँचों के बजाय "यहां और अभी" में काम करना है.

> दरअसल, पिछले दशक में भाजपा की बढ़त का श्रेय इनमें से कुछ समुदायों को अपने परंपरागत द्विज जाति वोट बैंक के अलावा अपने साथ लाने को दिया जाता है. सत्ताधारी पार्टी के सामाजिक गठबंधन में उभर रहे विरोधाभासों को भांपते हुए, विरोधियों की एकता को बनाए रखने की सीमाओं के कारण, सपा ने गैर-यादव ओबीसी जातियों के एक बड़े हिस्से को आकर्षित करने के लिए सामरिक सूझबूझ दिखाई.

### मीडिया में अन्यत्र

## प्रश्नपत्रों के लीक पर रोकथाम कब तक

**हाल** के दिनों में देश में विभिन्न रोजगारपरक प्रतियोगी परीक्षाओं व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने और संदेह के घेरे में आने के मामले लगातार उजागर होते रहे हैं. निश्चित रूप से सुनहरे भविष्य की आस में रात-दिन एक करने वाले प्रतियोगियों के साथ यह अन्याय बेहद कष्टदायक है. जो प्रतिभागियों का विश्वास व्यवस्था से उठाता है. मेडिकल परीक्षा की पुरानी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिये लाई गई नई व्यवस्था भी अब सवालों के घेरे में है. यही वजह है वर्ष 2024 की नीट-यूजी परीक्षा के रिजल्ट आने पर परीक्षार्थियों में गहरा रोष व्याप्त हो गया. जिसके खिलाफ हजारों छात्रों ने कोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं. छात्र दोबारा प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की मांग कर रहे हैं. बीते सोमवार इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश की शीर्ष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को नोटिस देकर जवाब देने को कहा है. दरअसल, परीक्षार्थी पेपर लीक व नंबर देने में अनियमितताओं के आरोप लगा रहे हैं. कोर्ट ने सवाल उठाया है कि इस अविश्वास पैदा होने की वजह क्या है? जाहिरा तौर पर लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ी परीक्षा प्रणाली को संदेह से परे होना ही चाहिए. यदि व्यवस्था में कोई खामी है तो उसका निराकरण बेहद जरूरी है. दरअसल, इस संदेह की वजह यह भी है कि देश के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिये एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं. आरोप लगे हैं कि इस बार परीक्षा में 67 कैंडिडेट को शत-प्रतिशत अंक मिले हैं, जबकि पिछले पांच वर्षों में पूर्ण अंक पाने वालों की संख्या सिर्फ तीन थी. सवाल ग्रेस मार्क्स देने की तार्किकता को लेकर भी उठे हैं. वहीं टॉप पर आने वाले 67 छात्र चुनिंदा कोचिंग सेंटरों से जुड़े हैं. कुल मिलाकर परीक्षा की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं. निश्चित रूप से लाखों छात्रों की उम्मीदों वाली इस देशव्यापी परीक्षा को लेकर किसी किंतु-परंतु की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए. दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं. खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं. आरोप हैं कि इस परीक्षा में हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में परीक्षा देने वाले छात्रों को न्याय नहीं मिलता. तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है. तमिलनाडु सरकार ने बाकायदा इस बाबत पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी भी गठित की थी. राज्य सरकार का आरोप है कि मेडिकल कॉलेजों में तमिल भाषी छात्रों को कम जगह मिल रही है. निश्चित रूप से जहां इस परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए.



(द ट्रिब्यून)

### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## कोर/कोरा/कोरी

**मेरा** जीवन कोरा कागज कोरा ही रह गया.कोरा कागज था ये मन मेरा लिख लिया नाम इस पे तेरादिल की किताब कोरी है, कोरी ही रहने दो. फिल्मी गीतों के इन मुखड़ों में कोरा और कोरी शब्द का खूबसूरत प्रयोग हुआ है, लेकिन इन दोनों में छिपे कोर शब्द को हम कैसे छोड़ सकते हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार कोर हिंदी संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है किनारा, किसी वस्तु की किनारी, धार, नुकीला, किनारा, कोना, गोशा, गोद, वैर. इससे बना मुहावरा है कोर दबना यानी किसी प्रकार दबाव में आना. कोर अंग्रेजी भाषा का भी शब्द है. इसका प्रयोग संज्ञा पुल्लिंग के रूप में ही होता है. इसका मतलब है कार्य विशेष के लिए संगठित सैनिक दल, राजनय, शांति स्थापन, चिकित्सा सहायता आदि किसी विशेष गतिविधि में संलग्न व्यक्तियों का दल. इसी प्रकार कोरा का अर्थ विशेषण के रूप में है बिल्कुल ताजा और नया, जो काम में न लाया गया हो, जैसे कोरा कपड़ा. कोरी मटकी, सादा, जिसपर अभी तक कुछ न लिखा गया हो, कागज, सब प्रकार के गुणों से रहित, निर्लिप्त संज्ञा पुल्लिंग के रूप में बिना किनारे की एक रेशमी धाती, जलाशयों पास रहनेवाली एक चिड़िया. गाने में दिल की किताब को कोरी बताया गया है. कागज तो कोरा हो सकता है, लेकिन किताब तो कोरी नहीं हो सकती. खैर, कोरी शब्द को विशेषण के रूप में देखें तो उसका मतलब है जो प्रयोग या काम में न लायी गयी हो, नवीन, जिसपर रंग न चढ़ा हो (स्त्रीलिंग शब्द के साथ प्रयुक्त) जिसपर कुछ न लिखा गया हो, कोरी संज्ञा पुल्लिंग के रूप में हिंदुओं की एक जाति है जो सादे और मोटे कपड़े बुनती है, जुलाहा. कोरा' एक ऑनलाइन मंच और मोबाइल एप है, जिस पर लोग अपनी जिज्ञासा का सवाल पूछ सकते हैं. उस सवाल का जवाब उस विषय के विशेषज्ञों को वितरित किया जाता है और वे उसका जवाब देते हैं.

## बीमारी बात-बात में बोर होने की

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

बोर होना भी एक बीमारी है. जब देखो तब लोग बात-बात में बोर होने लगते हैं. कुछ लोगों में तो बोर होना एक स्थाई-भाव की तरह उनकी मानसिकता में समा जाता है. काम करते करते बोर होने लगते हैं. कोई काम न हो तो बोर होते हैं. काम के भाव या अभाव से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है. बोर होना है तो बस होना है. वैसे बोर होना कोई बुरी बात भी नहीं है. कभी-कभी बोर होना फायदेमंद भी हो सकता है. बोरियत के समय आपको यदि कोई विचार नहीं आता तो आप विचार शून्यता की स्थिति पर पहुंच जाते हैं. इस स्थिति पर पहुंचने के लिए तो लोग तरसते हैं. तरह-तरह के उपाय ढूंढ़ते हैं. साधना करते हैं, योग करते हैं. बोरियत के समय आपको अक्सर ही कई सकारात्मक विचार आ सकते हैं, जिनसे आप अपने जीवन की अनेक जटिल समस्याओं का हल ढूंढ़ सकते हैं. बोरियत आपको वह अवसर प्रदान करती है कि आप अपने अन्दर थोड़ा झांक सकें. आखिर वह क्या बात है जो आपको बोर करती है ? कैसे पाया जाए बोरियत से छुटकारा ? बड़ी रिसर्च हुई है इसके सम्बन्ध में. बताया गया है कि जब बोरियत आपको दुखी करने लगे तो ऐसे समय में आप कई सकारात्मक उपाय अपना सकते हैं. एक तरीका यह है कि आप ऐसे में अपने अच्छे लम्हों को याद कीजिए. आप उन उपायों को ध्यान में लाइए जिनसे आपने अपने मुश्किल समय को पराजित किया हो. उन क्षणों को फिर से याद करके आप न केवल बोरियत से छुटकारा पा सकते हैं बल्कि बेहतर महसूस कर सकते हैं. आप याद कीजिए कि आपको कब-कब किस-किस बात से खुशी महसूस हुई थी ? जब बोर होने लगें तो उन्हीं बातों को मन में दुहराने की कोशिश करें. बोरियत से पलायन करने के लिए आप कई सरल उपाय भी अपना सकते हैं. कोई दिलचस्प किताब पढ़ना शुरू कर दें. टीवी पर कोई मनोरंजक गीत या एपीसोड देखें. मन बहल जाएगा. कुछ नहीं तो सैर के लिए ही निकल जाएं. कोई अच्छा काम करने की ओर उन्मुख हों. सोचें कि आप आखिर क्या करना चाहते हैं ? क्या नहीं कर पाए जो बोर हो रहे हैं आप ? आत्म-परीक्षण करें. अपने कार्यों की समीक्षा करें. अपनी बोरियत की विवेचना करें. अपनी बोरियत के मूल में जाएं. बोरियत का कारण तलाश करें. कहते हैं बोर होने का एक बड़ा लाभ यह है कि यह आपकी सहनशीलता को बढाता है. पता नहीं. लेकिन बोरियत आपको सोचने का एक अवसर ज़रूर प्रदान करती है. बोर हों, तो अपने बारे में सोचिए. आखिर आपकी कार्य-शैली में वह कौन सी कमी है जो आपको बोरियत की तरफ धकेलती है. यह कमी मिल जाए तो समझो आपने बोरियत पर फतह पाली.



# धर्म अध्यात्म



आचार्या दीपिका श्रीवास्तव

**नाम का पहला अक्षर आपके बारे में बहुत कुछ कहता है. यहां तक कि आपके स्वभाव से लेकर आपके भाग्योदय तक के विषय में इससे काफी कुछ पता लगाया जा सकता है. ज्योतिष के अनुसार व्यक्ति के नाम का स्वभाव और गुण-दोष पर गहरा प्रभाव पड़ता है. नाम के पहले अक्षर के अनुसार किसी का व्यक्तित्व और स्वभाव क्या कहता है, आइए जानें.**

## नाम से जानिए, कैसा है व्यक्तित्व

*ज्योतिष के अनुसार व्यक्ति के जन्म के समय चंद्र जिस राशि में होता है व्यक्ति की वही राशि होती है. उसी राशि के अनुसार नाम का पहला अक्षर निर्धारित किया जाता है, चंद्र की स्थिति व नक्षत्र के आधार पर हमारी राशि नाम मानी जाती है. अलग-अलग राशियों पर विभिन्न ग्रहों का प्रभाव लगातार रहता है, ग्रहों के बीच घूमती राशियां अपना प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर ही नहीं बल्कि उसके व्यक्तित्व पर भी डालती हैं.*

A
- **ए अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये मेहनती, धैर्यवान, साहसी, व्यवहारिक, गुस्सैल और आकर्षक होते हैं. किसी भी परिस्थिति में ढलने की क्षमता होती है. खुद को भीड़ से अलग देखना चाहते हैं. करियर और काम के लिए हर संभव प्रयास करते हैं. रोमांस से थोड़े दूर लेकिन करीबी रिश्ते को अहमियत देने वाले होते हैं.

B
- **बी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये संकोची और संवेदनशील होते हैं. जिंदगी में नए नए रास्ते तलाशने में यकीन रखते हैं. जल्दी किसी से घुलते-मिलते नहीं हैं. इनके जीवन के कई ऐसे राज होते हैं जो इनके करीबी को भी पता नहीं होता. इनके ज्यादा दोस्त नहीं होते लेकिन जिन्हें ये दोस्त बनाते हैं उनके साथ सच्चे होते हैं.

C
- **सी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये भावुक, सफल व आकर्षक व्यक्तित्व के होते हैं. भाग्य का साथ इनको हमेशा मिलता है. दूसरों के दुख-दर्द में साथ देते हैं. ये जिन्हें पसंद करते हैं उनके बेहद करीब हो जाते हैं. यदि इन्हें अपने हिसाब का कोई ना मिले तो मस्त होकर अकेले भी रह लेते हैं.

D
- **डी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

हर मामले में सफलता हाथ लगती है. मन की सुनते और करते हैं. जो ठान लेते हैं उसे करके ही मानते हैं. किसी की मदद करने में पीछे नहीं हटते, चाहे दोस्त हो या दुश्मन.

E
- **इ अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये तीव्र बुद्धि, कल्पनाशील लेकिन मजाकिया और मुंहफट होते हैं. इन्हें सारी चीजें सलीके और सुव्यवस्थित रखना ही पसंद है. प्यार को लेकर ये संजीदा नहीं रहते, इसलिए इनसे रिश्ते पीछे छूटने का किस्सा लगा ही रहता है.

F
- **एफ अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये भावुक, आत्मविश्वासी व जिम्मेदार होते हैं. अकेले रहना काफी भाता है. सोच समझकर ही खर्च करना चाहते हैं. प्यार के मामले में आदर्श प्रस्तुत करते हैं. ईमानदार एवं समर्पित होते हैं.

G
- **जी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये साफ दिल व दूसरों की मदद के लिए हमेशा ही खड़े होते हैं. खुद को हर परिस्थिति में ढाल लेते हैं. अपने किए से जल्द सबक लेते हैं. फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ाते हैं. धार्मिक प्रवृति के और जरा शकी होते हैं.

H
- **एच अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये दिल के सच्चे, मददगार, खुशमिजाज, मस्तमौला, परन्तु अंतर्मुखी होते हैं. सफलता की भूख इनमें जबरदस्त होती है और इनके लिए पैसे काफी मायने रखते हैं. इसके लिए ये लोग कड़ी मेहनत करते हैं. झटपट निर्णय लेना इनकी काबिलियत है.

I
- **आई अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये प्रभावशाील, संवेदनशील व आकर्षक व्यक्तित्व के होते हैं. किसी को भी प्रेरित करने की अद्भुत क्षमता होती है. हालांकि मौका पड़े तो इन्हें अपनी बात पलटने में पल भर भी नहीं लगता. इनके हाथ तो काफी कुछ लगता है, लेकिन उन चीजों के हाथ से फिसलने में देर भी नहीं लगती.

J
- **जे अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

चंचल व आलसी स्वभाव के होते हैं. पढ़ने लिखने में थोड़ा पीछे रहते हैं, लेकिन जिम्मेदारी की बात करें तो सबसे आगे खड़े रहेंगे. इन लोगों के चाहने वाले कई होते हैं. हम सफर के रूप में यह जिन्हें मिल जाए समझिए खुशनसीब हैं.

K
- **के अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये जो ठान लेते हैं उसे पूरा करके ही दम लेते हैं. बेहद भावुक, संवेदनशील और कल्पनाशील होते हैं. इन्हें हर चीज में परफेक्शन चाहिए. दूसरों से हटके चलना इन्हें अच्छा लगता है. पैसे कमाने के मामले में भी यह काफी आगे चलते हैं.

L
- **एल अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

बेहतरीन प्रबंधक, समर्पित स्वभाव, आकर्षक व कल्पना में जीने वाले होते हैं. छोटी मोटी खुशियों से यह खुश रहते हैं. पैसों को लेकर समस्या बनती है लेकिन रास्ता निकल ही आता है. कई बार दुर्घटना का भी शिकार होना पड़ता है.

M
- **एल अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये बातों को मन में दबाने वाले, गुस्सैल, आवेगी व जिद्दी स्वभाव के होते हैं. इनका जिद्दी स्वभाव कभी-कभार इन्हें ही परेशानी में डाल देता है. परिवार को बहुत प्यार करते हैं. खर्च करने से पहले ज्यादा सोच विचार नहीं करते. प्यार के मामले में संवेदनशील होते हैं.

N
- **एन अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये आकर्षक व्यक्तित्व के, महत्वाकांक्षी होते हैं. अच्छे वक्ता और लेखक होते हैं. जलन की भावना बहुत ज्यादा होती है. इन्हें आधारभूत चीजों की कभी कोई कमी नहीं रहती और आर्थिक दृष्टि से संपन्न होते हैं.

O
- **ओ अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

बोलते कम और करते ज्यादा हैं. लगनशील व जिम्मेदार होते हैं. सफल होते हैं. समाज के साथ चलना इन्हें पसंद है. इनके मित्रों की संख्या कम होती है.

P
- **पी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

साहसी, मेहनती होते हैं हालांकि मेहनत के अनुरूप परिणाम हासिल नहीं हो पाता. यह ना तो अपनी बुराई सुनना पसंद करते हैं और ना किसी और की बुराई करते हैं. काम को परफेक्शन के साथ करते हैं.

Q
- **क्यू अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ईमानदार, काफी क्रिएटिव व अपनी ही दुनिया में खोए रहने वाले ऐसे व्यक्ति में नेतृत्व का गुण जन्मजात होता है. योग्यता के दम पर सफलता के शिखर तक पहुंचते जरूर हैं, लेकिन उसे लंबे समय तक बरकरार नहीं रख पाते.

R
- **आर अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

परिश्रमी, भावुक और रिश्तों को निभाने के प्रति बेहद गंभीर होते हैं. हालांकि अधिक सामाजिक नहीं होते. जो भीड़ करें, उसे करने में इन्हें मजा नहीं आता. धन दौलत की कोई कमी नहीं रहती है.

S
- **एस अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये मेहनती, तीव्र बुद्धि और बढ़िया वक्ता होते हैं. इन्हें अपनी चीजें शेयर करना पसंद नहीं है. यह दिल से बुरे नहीं होते, लेकिन लोगों के बीच बातचीत का अंदाज इन्हें लोगों के सामने बुरा बना देता है. अपने अतीत से ज्यादा सीख नहीं लेते और भविष्य में भी समान गलती दोहराते.

T
- **टी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

खर्चीले, अरामपरस्त, आकर्षक, भावुक, संवेदनशील व खुशमिजाज होते हैं. पैसों की कभी कमी नहीं होती. बातों को गुप्त रखना इनका स्वभाव है. छोटी-छोटी बातों में आपा खो बैठते हैं इसलिए कई बार नुकसान भी उठाना पड़ता है.

U
- **यू अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

अपने साथ हुई बेईमानी एवं दुर्व्यवहार को भूल नहीं सकते और समय आने पर उसका बदला जरूर चुकाते हैं. इन्हें झूठ और फरेब बर्दाश्त नहीं होता. इनका काम बिगड़ते भी देर नहीं लगती. किसी का दिल कैसे जीतना है, इनसे सीखना चाहिए.

V
- **वी अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

दिल के साफ, भरोसेमंद, व्यवहारिक व स्वाभिमानी होते हैं. अपनी बातें किसी से शेयर करना इन्हें पसंद नहीं होता.

W
- **डब्लू अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

जोखिम पसंद, संकुचित दिल वाले, परिवार के प्रति समर्पित और ईगो से भरे होते हैं. इन्हें ज्यादा दिखावा पसंद नहीं और अपने साथी को उसी रूप में स्वीकार करते हैं जैसा वह वास्तव में है.

X
- **एक्स अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये भरोसेमंद नहीं होते हैं. ये अपने ही किए हुए वादे से मुकर जाते हैं. प्रेम में अक्सर धोखा देते हैं, लालची भी होते हैं और जहां से भी जैसे भी धन आ सकता हो लाने का प्रयास करते हैं.

Y
- **वाय अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

कमजोर निर्णय शक्ति वाले खर्चीले स्वभाव के और फूडी होते हैं. धन का संग्रह भी नहीं कर पाते और कर्ज लेने की नौबत बार-बार आती है.

Z
- **जेड अक्षर से शुरू नाम के व्यक्ति**

ये आशावान, रोमांटिक, गंभीर व व्यवहारिक होते हैं. प्रतिष्ठित पद पर पहुंचते हैं. इस अक्षर के नाम वाले लोग दूसरों से काफी जल्दी घुलमिल जाते हैं. इन्हें दिखावा पसंद नहीं है.





# ॐ नमो गंगायै विश्वरुपिणी नारायणी नमो नमः।।



आचार्य अजय मिश्रा

**गंगा दशहरा हिंदुओं का पावन पर्व है जो ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है. गंगा दशहरा को गंगा अवतरण दिवस के रूप में भी मनाते हैं. इस पुनित दिन गंगा नदी की विधि-विधान से पूजा अर्चना व गंगा स्नान के साथ दान-पुण्य की परंपरा है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान से समस्त पाप धुल जाते हैं और सुख-समृद्धि का आशीष प्राप्त होता है. शास्त्रों में गंगा माता को मोक्षदायिनी भी कहा गया है. मान्यता है कि गंगा नदी शिव जी की जटाओं से निकलती हैं. इसलिए इस दिन शिव जी की पूजा अराधना का भी विधान है.**

### तिथि व शुभ मुर्हूत

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल की दशमी तिथि को मनाया जाता है. इस वर्ष 16 जून (रविवार) को 02:32 एएम से दशमी तिथि शुरू हो रही है. इस तिथि का समापन 17 जून सोमवार को 04:43 एएम पर होगा. उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, इस साल गंगा दशहरा 16 जून को है. शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 8 मिनट से सुबह 10 बजकर 37 मिनट तक रहने वाला है. इस अवधि में स्नान-दान का विशेष महत्व है.

### ये तीन शुभ योग

इस साल गंगा दशहरा वाले दिन 3 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है. उस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह में 05:23 बजे से 11:13 बजे तक रहेगा. उसके साथ ही अमृत सिद्धि योग 05:23 ए एम से 11:13 ए एम तक है. इन दोनों के अलावा पूरे दिन रवि योग बना रहेगा. ये तीनों ही योग विशेष शुभ फलदायी होते हैं.

### गंगा दशहरा का महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा भगीरथ की कठोर तपस्या के फलस्वरुप मां गंगा ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि को भगवान शिव की जटाओं से होगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं, इस वजह से इस दिन को गंगा अवतरए दिवस के रूप में भी मनाते हैं. गंगा दशहरा या गंगा अवतरण दिवस गंगा जयंती नहीं है. गंगा दशहरा के दिन मां गंगा पृथ्वी पर आईं और राजा भगीरथ के 60 हजार पूर्वजों को मोक्ष प्रदान किया.

### ऐसे करें पूजा

सुबह गंगा स्नान करने के बाद साफ वस्त्र धारण करें. मां गंगा की पूजा करें. मां गंगा के लिए मंत्र के अलावा गंगा स्त्रोत का पाठ करें. सूर्यदेव को अर्घ्य दें. भगवान शिवशंकर की पूजा करें. इसके बाद सामर्थ्य के अनुसार गरीब ब्राह्मण को दान दें.

### गंगा स्नान से पाप होते हैं नष्ट

मान्यता है कि गंगा स्नान खास कर गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान सुख-समृद्धि दिलाता है. शास्त्रों में उल्लेख है कि इस दिन गंगा स्नान करने से 10 पाप नष्ट हो जाते हैं जिसमें निषिद्ध हिंसा, परस्त्री गमन, बिना दी हुई वस्तु को लेना, कठोर वाणी, दूसरे के धन को लेने का विचार, दूसरों का बुरा करना, व्यर्थ की बातों में दुराग्रह, झूठ बोलना, चुगली करना, दूसरों का अहित करना शामिल है.

### इनका करें दान

जरूरतमंद को सफेद वस्त्रों का दान करने से कलेश दूर होता है, वहीं अन्न दान से धन-धान्य में वृद्धि होती है. शक्कर व स्वर्ण दान की भी परंपरा है.



### इन मंत्रों का करें जाप

ॐ नमो गंगायै विश्वरुपिणी नारायणी नमो नमः।।
गंगागंगेति योब्रूयाद् योजनानां शतैरपि।

मच्यते सर्व पापेभ्यो विष्णुलोकं सगच्छति।
तीर्थराजाय नमः

गांगं वारि मनोहारि मुरारिचरणच्युतम्।
त्रिपुरारिशिरश्चारि पापहारि पुनातु माम्।।

## गंगा स्त्रोत का पाठ

ॐ नमः शिवायै गङ्गायै शिवदायै नमो नमः।
नमस्ते विष्णुरुपिण्यै, ब्रह्ममूर्त्यै नमोऽस्तु ते॥
नमस्ते रुद्ररुपिण्यै शाङ्कर्यै ते नमो नमः।
सर्वदेवस्वरुपिण्यै नमो भेषजमूर्त्तये॥
सर्वस्य सर्वव्याधीनां, भिषक्श्रेष्ठ्यै नमोऽस्तु ते।
स्थास्नु जङ्गम सम्भूत विषहन्त्र्यै नमोऽस्तु ते॥
संसारविषनाशिन्यै, जीवनायै नमोऽस्तु ते।
तापत्रितयसंहन्त्र्यै, प्राणेश्यै ते नमो नमः॥
शांतिसन्तानकारिण्यै नमस्ते शुद्धमूर्त्तये।
सर्वसंशुद्धिकारिण्यै नमः पापारिमूर्त्तये॥
भुक्तिमुक्तिप्रदायिन्यै भद्रदायै नमो नमः।
भोगोपभोगदायिन्यै भोगवत्यै नमोऽस्तु ते॥
मन्दाकिन्यै नमस्तेऽस्तु स्वर्गदायै नमो नमः।
नमस्त्रैलोक्यभूषायै त्रिपथायै नमो नमः॥
नमस्त्रिशुक्लसंस्थायै क्षमावत्यै नमो नमः।
त्रिहुताशनसंस्थायै तेजोवत्यै नमो नमः॥
नन्दायै लिंगधारिण्यै सुधाधारात्मने नमः।
नमस्ते विश्वमुख्यायै रेवत्यै ते नमो नमः॥
बृहत्यै ते नमस्तेऽस्तु लोकधात्र्यै नमोऽस्तु ते।
नमस्ते विश्वमित्रायै नन्दिन्यै ते नमो नमः॥
पृथ्व्यै शिवामृतायै च सुवृषायै नमो नमः।
परापरशताढ्यायै तारायै ते नमो नमः॥
पाशजालनिकृन्तिन्यै अभिन्नायै नमोऽस्तुते।
शान्तायै च वरिष्ठायै वरदायै नमो नमः॥
उग्रायै सुखजग्ध्यै च सञ्जीवन्यै नमोऽस्तु ते।
ब्रह्मिष्ठायै ब्रह्मदायै, दुरितघ्न्यै नमो नमः॥
प्रणतार्तिप्रभञ्जिन्यै जग्मात्रे नमोऽस्तु ते।
सर्वापत् प्रति पक्षायै मङ्गलायै नमो नमः॥
शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे।
सर्वस्यार्ति हरे देवि! नारायणि ! नमोऽस्तु ते॥
निर्लेपायै दुर्गहन्त्र्यै दक्षायै ते नमो नमः।
परापरपरायै च गङ्गे निर्वाणदायिनि॥
गङ्गे ममाऽग्रतो भूया गङ्गे मे तिष्ठ पृष्ठतः।
गङ्गे मे पार्श्वयोरेधि गङ्गे त्वय्यस्तु मे स्थितिः॥
आदौ त्वमन्ते मध्ये च सर्वं त्वं गाङ्गते शिवे!
त्वमेव मूलप्रकृतिस्त्वं पुमान् पर एव हि।
गङ्गे त्वं परमात्मा च शिवस्तुभ्यं नमः शिवे।।

**बुध प्रदोष व्रत : 19 जून**

## शिव की करें अराधना, गणेश की पाएं कृपा

प्रदोष व्रत हर महीने की त्रयोदशी तिथि के दिन रखा जाता है. इस प्रकार हर महीने में 2 प्रदोष व्रत ( दोनों पक्षों में एक-एक) और वर्ष में 24 प्रदोष व्रत होते हैं. हिंदू धर्म में इस तिथि का विशेष महत्व है. इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा का विधान है. मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. सुख सौभाग्य के द्वार खुलते हैं. इस बार 19 तारीख को त्रयोदशी तिथि होने की वजह से प्रदोष व्रत होगा. बुधवार होने के कारण इसे बुध प्रदोष व्रत कहा जाएगा.


- **यह है शुभ मुहूर्त**

19 जून बुधवार को लाभ चौघड़िया शाम में 5 बजकर 36 मिनट से 7 बजकर 21 मिनट तक है. इस समय प्रदोष काल में पूजा शुभ होगी.

- **ऐसे करें पूजा**

प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद साफ वस्त्र पहनें. पूजा स्थल की सफाई करें. व्रत का संकल्प लें. इसके लिए गणेशजी को दूर्वा घास और लड्डुओं का भोग लगाएं. अब भगवान शिव का पंचांमृत से अभिषेक करें. शिवलिंग को वस्त्र और आभूषण अर्पित करें. शिवलिंग पर चंदन और रोली से त्रिपुंड बनाएं. शिवलिंग को बेलपत्र अर्पित करें. भगवान शिव की स्तुति और मंत्रों का जाप करें. शिवपुराण या प्रदोष व्रत कथा का श्रवण करें. अंत में भगवान शिव और मां पार्वती की आरती गाएं.

### प्रदोष व्रत पर भगवान गणेश की कृपा के लिए करें ये उपाय



- पूजा के समय भगवान गणेश को 11 या 21 दूर्वा अर्पित करें. साथ ही लड्डू का भोग लगाएं.
- बुध प्रदोष व्रत के दिन आप गुड़ मिश्रित मालपुआ भगवान गणेश को अर्पित करने से साधक के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं.
- पूजा के बाद अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार साबुत मूंग दाल, हरी सब्जी, मौसमी फल आदि चीजों का दान करें.
- बुध प्रदोष व्रत के दिन गौ माता को चारा खिलाएं.

**खुशी संदेश**

## ऐसे तो आप भी बन रहे मूर्ख



मुकेश चौहान

एक जंगल में गधा और चीते में बहस हो गई. गधा कह रहा था कि घास नीले रंग की होती है जबकि चीता कह रहा था, घास हरे रंग की होती है. दोनों अपनी-अपनी बातों पर अड़े थे. बहस बढ़ती जा रहा थी. अंत में दोनों निर्णय लेते हैं कि जंगल के राजा शेर के पास चलते हैं, वही जो फैसला करेंगे, मान्य होगा.

शेर के दरबार में दोनों पहुंचते हैं. शेर बात सुनने के पहले ही कह देते हैं, जो गलत होगा; उसे सजा मिलेगी. अब गधा और चीते दोनों अपनी बात रखते हैं. शेर फैसला सुनाते हैं कि चीता गलत है. उसे 6 माह की सजा सुनाई जाती है. दरबार समाप्त होने पर चीता शेर से कहता है- राजा साहब, घास तो हरे रंग का ही होता है. शेर बोलता है- तुम बिल्कुल सही हो. घास हरे रंग की ही होती है. यह सजा तुम्हें सिर्फ इसलिए मिली कि इतनी बात के लिए तुम गधे से बहस कर रहे थे. समझदार होते हुए भी तुम्हारी इस बेवकूफी भरी हरकत के लिए सजा मिली है.

लब्बोलुआब यह, मूर्ख, अधूरे ज्ञान वाले लकीर के फकीर से बहस कर बहुमूल्य समय कभी नहीं गवाएं. मूर्खों से की गई बहस आपको उनकी ही पंक्ति में खड़ा कर देगी.

**आने ही वाली है निर्जला एकादशी, इस दिन...**

## ये छोटे-छोटे उपाय खोलेंगे किस्मत के द्वार

**साल भर की 24 एकादशियों में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व है.यह ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है. इस वर्ष 18 जून को यह व्रत रखा जाएगा. इसे भीमसेनी एकादशी और ग्यारस भी कहा जाता है. मान्यता है कि इस एकादशी पर व्रत रखकर विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने व दान-पुण्य से सुख-संपदा का आशीर्वाद प्राप्त होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है. अगर जीवन में किसी प्रकार की आर्थिक समस्या चल रही हो तो इस पावन तिथि मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कुछ विशेष उपाय धर्म के जानकार बताते हैं. आइए, ऐसे ही कुछ उपायों की करें चर्चा-**

- **भगवान विष्णु तुलसी की मंजरी करें अर्पित**

निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को तुलसी की मंजरी कीजिए. मान्यता है कि इससे भगवान विष्णु की कृपा बरसेगी. साथ ही माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होंगी.

**करें लक्ष्मी सूक्त का पाठ**

निर्जला एकादशी के दिन लक्ष्मी सूक्त और श्री सूक्त के पाठ का विशेष महत्व है. इस उपाय को निर्जला एकादशी के दिन से शुरू करें और लगातार 108 दिनों तक करें. इससे आर्थिक तंगी दूर होगी.

- **केसर से अभिषेक**

निर्जला एकादशी का व्रत रखते हुए देवी लक्ष्मी और विष्णु जी का केसर से अभिषेक करने पर आर्थिक समस्याओं से राहत मिलती है. इसके लिए कच्चे दूध में केसर मिलाकर देवी लक्ष्मी और विष्णु जी का अभिषेक करें.

- **पर्स में चांदी का सिक्का**

निर्जला एकादशी की पूजा के दौरान चांदी का सिक्का मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु को अर्पित करें. फिर अगले दिन पारण के बाद प्रसाद स्वरूप इस चांदी के सिक्के को अपने पर्स में रख लें. मान्यता है कि इसे सुख-समृद्धि के द्वार खुलेंगे.

- **तिजोरी में अशोक की जड़**

धन लाभ के लिए निर्जला एकादशी के दिन अशोक के पेड़ की जड़ तिजोरी में जरूर रखें. मान्यता है कि इससे पूरे साल आपको धन की कमी नहीं होगी.



- **पीपल की जड़ में दूध अर्पण**

निर्जला एकादशी पर पीपल के पेड़ की जड़ में दूध मिश्रित जल चढ़ाएं और धूप दीप जलाकर विधिवत पीपल के पेड़ की पूजा करें. मान्यता है कि इससे धन-धान्य में वृद्धि होती है और मां लक्ष्मी की कृपा घर-परिवार पर बनी रहती है.

- **ब्राह्मण भोजन**

निर्जला एकादशी के दिन किसी ब्राहमण को आदर सहित घर पर आमंत्रित कर उन्हें इच्छित भोजन कराएं और सामर्थ्य के अनुसार दान देकर विदा करें.

- **पान के पत्ते पर श्री लिखें**


एकादशी के दिन डंठल वाले पान के पत्ते पर रोली अथवा कुमकुम से श्री लिख कर भगवान विष्णु को अर्पित करें. पूजा के बाद इस पत्ते को लाल कपड़े में लपेटकर तिजोरी में रख लें. मान्यता है कि इससे नौकरी-कारोबार में बेहतरी होती है और आर्थिक प्रगति की राह खुलती है.

- **नारियल में बूरा-घी**

एकादशी के दिन व्रत व पूजा के बाद एक नारियल को थोड़ा सा काट कर उसमें बूरा और देसी घी मिलाकर भर दें. फिर इस नारियल को वापिस बंद कर दें और किसी ऐसे स्थान पर मिट्टी में थोड़ा सा नीचे दबा दें जहां आस-पास में चींटियों का बिल हों. जैसे-जैसे चींटियां उस घी मिले बूरे और नारियल को खाएंगी, आपकी आर्थिक समस्याएं खत्म होने लगेंगी. समृद्धि का आगमन होगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



## ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में आत्मविश्वास से उतरेगी

# आज के मैच: अफगानिस्तान की नजरें सुपर आठ में जगह पक्की करने पर

**भाषा। टरूबा (त्रिनिदाद)**

अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी. अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा, जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पायेगी. इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है. रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है. गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है. उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए. गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है. राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं.

अफगानिस्तान की टीम अपना हरफनमौला खेल जारी रखते हुए एक और दमदार जीत दर्ज करना चाहेगी. पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा.




*मैच का समय : भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा.*

### टीमें

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक. रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी.

**पापुआ न्यू गिनी:** असद वला, सीजे अमिनी, एलेई नाओ, चाड सोपर, हिला वारे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वेगी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाऊ, टोनी उरा.

## अमेरिका व आयरलैंड के मुकाबले पर पाकिस्तान की रहेगी नजर

**भाषा। फ्लोरिडा**

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी, तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी. अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है. इससे 2009 की चैम्पियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जायेगी. पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा, क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं. यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेगी. आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है. फ्लोरिडा की पिच हालांकि बल्लेबाजी के लिए आसान है और ऐसे में मैच में बड़ा स्कोर देखने को मिल सकता है. अमेरिका के लिए हालांकि नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी. इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है.




*मैच का समय : भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा.*

### टीमें

**अमेरिका:** मोनाक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नीतीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर.

**आयरलैंड:** आयरलैंड : पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग.

---

## ब्रीफ खबरें

### पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे. प्रतियोगिता में भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) व अमन (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं.

### अर्शदीप को मिले तरजीह: कुंबले

**नयी दिल्ली।** पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए. अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके. भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता. तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम की पहली पसंद के गेंदबाज है.

### भारत-पाक मैच रद्द करने की मांग

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों के मद्देनजर मौजूदा टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रद्द करने की मांग की है. भारत ने नौ जून को न्यूयॉर्क में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए का मैच जीता. शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय गृह मंत्री, खेल मंत्री और बीसीसीआई को लिखे अपने पत्र में कहा, भारत को जारी हिंसा के मद्देनजर पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच रद्द कर देना चाहिए.

---

## रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ में पहुंचाया

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को बाहर का रास्ता दिखाया

**07** विकेट पर 76 रन था. रदरफोर्ड ने इसके बाद जिम्मेदारी संभाली तथा 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली, जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं.



**भाषा। टरूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)**

शेरफेन रदरफोर्ड की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी व अलजारी जोसेफ और गुदाकेश मोती की शानदार गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर सुपर 8 में जगह बनाई और कीवी टीम को अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया. वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह ग्रुप सी में 6 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है. पूर्व उपविजेता और पिछली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 84 रन से हार गया था. बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 13वें ओवर में उसका स्कोर 7 विकेट पर 76 रन था. रदरफोर्ड ने इसके बाद जिम्मेदारी संभाली तथा 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली, जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं. उनकी इस पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन पर आउट होने वाली न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 9 विकेट पर 136 रन ही बना पाई. उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 40 रन बनाए. वेस्टइंडीज के लिए जोसेफ ने 19 रन देकर चार जबकि गुदाकेश मोती ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए.

न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले तीन वनडे विश्व कप और इतने ही टी20 विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल में जगह जरूर बनाई थी लेकिन इस बार उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. दूसरी तरफ दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज 2021 में सुपर 12 से बाहर हो गया था, जबकि 2022 में वह ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था. वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा, यह शानदार जीत है. यह देखना शानदार रहा कि हमारे किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली. रदरफोर्ड की पारी ने हमें आत्मविश्वास दिलाया.

वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. ट्रेंट बोल्ट ने जॉनसन चार्ल्स को अपने पहले ओवर में ही आउट कर दिया था. बाएं हाथ से तेज गेंदबाज बोल्ट ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए. निकोलस पूरन (17) ने तीन चौके लगाए और इस बीच क्रिस गेल को पीछे छोड़कर वेस्टइंडीज की तरफ से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा. टिम साउथी (21 रन देकर दो विकेट) ने पूरन और पावेल को पवेलियन भेजा जबकि लॉकी फर्ग्यूसन (27 रन देकर दो विकेट) ने रोस्टन चेज हो आउट किया. वेस्टइंडीज पावर प्ले में 4 विकेट पर 23 रन ही बना पाया.

जेम्स नीशम (27 रन देकर एक विकेट) ने सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (09) की संघर्ष पूर्ण पारी का अंत किया लेकिन रदरफोर्ड मजबूत इरादों के साथ क्रीज पर उतरे थे. गयाना के इस ऑल राउंडर ने डेथ ओवरों में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को निशाना बनाया. उन्होंने मोती के साथ अंतिम विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की जो आईसीसी टी20 विश्व कप में नया रिकॉर्ड है. मोती ने इस साझेदारी में एक भी रन का योगदान नहीं दिया. इसके जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही. उसने पावर प्ले में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों डेवोन कॉनवे (5) और फिन एलन (26) के विकेट गंवा दिए. फिलिप्स ने उसकी उम्मीद बनाए रखी लेकिन जोसेफ ने उन्हें आउट करके वेस्टइंडीज की जीत सुनिश्चित की. न्यूजीलैंड को अंतिम ओवर में 33 रन की जरूरत थी. मिशेल सेंटनर (नाबाद 21) ने रोमारियो शेफर्ड पर तीन छक्के लगाए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए.

### सूर्या, रोहित से 10 साल के बाद मिलना खास रहा: नेत्रवलकर

**न्यूयॉर्क।** अपनी गेंदबाजी से भारत के दिग्गज बल्लेबाजों को परेशान करने के बाद बायें हाथ के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर मुंबई टीम के अपने पुराने साथी रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव से मिलकर काफी खुश थे. भारत में जन्में इस तेज गेंदबाज ने अपने शुरुआती दो ओवर में विराट कोहली और रोहित के विकेट चटकाए थे. उन्होंने इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भी शानदार गेंदबाजी कर टीम को सुपर ओवर में रोमांचक जीत दिलाई थी. पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर नेत्रवलकर ने अंडर-19 विश्व कप (2010) में भारतीय टीम के लिए खेलने के अलावा सूर्यकुमार के साथ मुंबई का प्रतिनिधित्व किया है. नेत्रवलकर ने भारत के खिलाफ मैच में चार ओवर में 18 रन खर्च कर दो विकेट लिये लेकिन यह अमेरिका को सात विकेट की शिकस्त से बचाने के लिए काफी नहीं था. नेत्रवलकर ने मैच के बाद मीडिया से कहा, मैं उनसे एक दशक से अधिक समय के बाद मिला. यह विशेष था. हम पुराने दिनों को याद कर रहे थे क्योंकि हम बचपन से ही अंडर-15, अंडर-17 में साथ खेलते थे.

### टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

**ग्रुप ए**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +1.137 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | +0.127 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | +0.191 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.493 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.712 |

**ग्रुप बी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +3.580 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 | +2.164 |
| नामीबिया | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -2.098 |
| इंग्लैंड | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | -1.800 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.613 |

**ग्रुप सी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वेस्टइंडीज | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +2.596 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +5.225 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -4.217 |
| पीएनजी | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.434 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.425 |

**ग्रुप डी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +0.603 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.075 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.024 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | -0.539 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | -0.777 |

## ओलंपिक कोटा देश का होता है खिलाड़ी का नहीं: बिंद्रा

**भाषा। मुंबई**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं. पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए व संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए. ओलंपिक के दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है. बिंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा, देखिए चयन के लिए एक उचित प्रक्रिया तैयार की गई है और उन्होंने भी उसका पालन किया है. अगर उसका पालन नहीं किया जाता तो तब भी आप इस तरह के सवाल पूछते, लेकिन सभी के लिए एक निष्पक्ष प्रक्रिया रखी गई थी और इसका पालन किया गया. उन्होंने कहा, यह देश के लिए निर्धारित प्रक्रिया है. कई देश इस प्रक्रिया का पालन करते हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारत ही इस प्रक्रिया का पालन कर रहा है. कोटा किसी खिलाड़ी का नहीं होता है. यह देश का है और यह प्रक्रिया काफी पहले ही निर्धारित कर दी गई थी.




बिंद्रा ने एनआरएआई के फैसले का समर्थन किया और कहा कि एक निश्चित प्रणाली का अनुसरण किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि प्रक्रिया का पालन करने के लिए महासंघ को श्रेय देना चाहिए. हम स्पष्ट प्रणाली ही तो चाहते हैं और इस प्रणाली का पालन किया गया. कुछ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा.

### प्रणय ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में

**सिडनी।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन को सीधे गेम में हार कर ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने जिल्बरमैन को 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया. अगले दौर में उनका मुकाबला जापान के दूसरे वरीय कोडाई नाराओका से होगा. पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा. महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा. अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई.

---

## दिए निर्देश | खेल मंत्री मांडविया ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात की

# खेल मंत्री ने लिया ओलंपिक की तैयारियों का जायजा

**भाषा। नयी दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया. अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की. एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया. इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया.



मांडविया ने बाद में पत्रकारों से कहा, आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी. सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है. आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और उन्होंने कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है. उन्होंने कहा, खेल मंत्री ने आज खेल राज्य मंत्री के साथ ओलंपिक भवन का दौरा किया तथा मुझे बहुत खुशी हुई कि वे आईओए और पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी के बारे में जानना चाहते थे. हमने इस बार सब कुछ अच्छा किया है और मैंने उन्हें सारी चीजों के बारे में बताया. हम हर सप्ताह संपर्क में रहेंगे और मुझे उम्मीद है कि ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा होगा. उषा ने कहा, हमने इस बार खिलाड़ियों के लिए सब कुछ किया है. हमारी पहली प्राथमिकता खिलाड़ी हैं और इस बार खिलाड़ियों ने जो कुछ भी चाहा हमने उन्हें मुहैया कराया है. इसलिए उम्मीद है कि हम इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में अधिक पदक जीतेंगे. मैं कोई संख्या तय करके खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बनाना चाहती हूं. उन्होंने कहा, हमारे 97 खिलाड़ी पहले ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं. हमें उम्मीद है कि पेरिस ओलंपिक में भारत के 115 से 120 खिलाड़ी भाग लेंगे. पेरिस ओलंपिक खेल इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे.

***97** खिलाड़ी पहले ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं*

## इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा
# लियोनेल मेसी



**अटलांटा।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा. अर्जेंटीना के कप्तान ने ईएसपीएन से कहा, मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा. आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है. मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं. अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है. मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था.

## ब्रीफ खबरें

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**नालंदा ।** नालंदा में संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत हो गई. घटना चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत रुखाई नवादा हथकट्टा मोड़ के समीप की है. मृतक चंडी थाना क्षेत्र के लालगंज निवासी विनोद कुमार के 28 वर्षीय पुत्र कौशलेंद्र कुमार है. मृतक के परिजन ने बताया कि कौशलेंद्र कुमार अपने गांव के ही एक साथी के साथ बुधवार को बाइक पर बैठकर हिलसा गया था. जहां से लौटने के क्रम में उसकी संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई. बाइक सवार युवक ने घर आकर जानकारी दी. पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है.

### वृद्ध व्यक्ति का कटोरिया बहियार में मिला शव

**भागलपुर ।** जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र के कटोरिया बहियार में गुरुवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. शव की पहचान सनोखर थाना क्षेत्र के हुकमा गांव निवासी हरफली रजक उम्र 80 वर्ष के रूप में हुई है. मृतक के पुत्र अनरूद रजक ने बताया कि उनका दिमागी हालत ठीक नहीं था. घर से सुबह पांच बजे ही गुरुवार को निकल गए थे. इधर-उधर आसपास के गांव में उनका काफी खोजबीन किया गया, लेकिन वो नहीं मिले. गुरुवार को बहियार में पशु चरा रहे व्यक्ति ने खेत में शव को देखा और इसकी सूचना गांव वालों को दिया.उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं था.

### ठाकुरगंज से न्यू माल तक बनेगी नई रेल लाइन

**किशनगंज ।** रेलवे बोर्ड की ओर से कई महत्वपूर्ण काम को मंजूरी दी गई है. इससे किशनगंज सहित सीमांचल, पश्चिम बंगाल और नेपाल के यात्रियों को सफर करने में सुविधा होगी. बोर्ड ने ठाकुरगंज -चटेरहाट (रंगापानी और धूमडांगी) के बीच 24.40 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइन के लिये फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी है.गौर करे कि इस रेल लाइन के बन जाने से ठाकुरगंज जंक्शन से एनजेपी तक सीधी रेल कनेक्टिविटी हो जाएगी. वहीं गलगलिया में रेलवे की ओर से एक अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल बनाने का भी काम किया जाएगा.

#### पूर्णिया में चार घरों में भीषण डकैती, दो लोगों को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच शुरू

# गोलीबारी-बमबाजी कर सोना, चांदी और कैश लूटे

**संवाददाता । पूर्णिया**

पूर्णिया में बमबाजी और गोलीबारी कर भीषण डकैती की वारदात को अंजाम दिया हैं. करीब 24 डकैतों ने चार परिवारों के घरों में पहले डकैती की और दहशत फैलाने के लिए बमबाजी और कई राउंड फायरिंग भी की. इसके बाद 12 भर सोना (करीब 120 ग्राम), 2 किलो चांदी और 2 लाख रुपए कैश लूटकर फरार हो गए. जब डकैतों का पीछा किया तो पूर्व वार्ड पार्षद सदस्य समेत दो लोगों


घटना के बाद जांच करने पहुंची पुलिसकर्मी.

को गोली मार दी. गोली लगने के बाद दोनों की स्थिति काफी गंभीर है. जिसे परिजनों ने इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया. जहां गंभीर स्थिति को देखते हायर हॉस्पिटल रेफर कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है. जांच के दौरान पुलिस ने गांव में नदी से एक हथोड़ा, 11 जोड़ी जूता-चप्पल, मोबाइल कवर और बुलेट्स और कई अन्य चीजें भी बरामद की हैं. घटना बीते रात्रि बायसी थाना क्षेत्र ताराबाड़ी गांव की हैं. डकैती की घटना ताराबाड़ी गांव निवासी मो. नईम, मो. नौशाद, मो. अहिजुल, मो. अरशद के घर पर हुई है.

12 भर सोना और करीब 2 किलो चांदी लूट लिए डकैतों ने : पीड़ित के पीड़ित परिवार फरहाज ने बताया कि रात के करीब 12 बज रहे थे. सब लोग सोने की तैयारी में थे. तभी बाहर से ताबड़तोड़ फायरिंग और बमबाजी की आवाज आने लगी. खिड़की से झांक कर देखा तो करीब दो दर्जन की संख्या में कुछ लोग घर की तरफ आ रहे थे. सभी बदमाश हथियार के लैस थे. कुछ ही देर बाद वे नईम और उनके रिश्तेदारों के घर में घुस गए. हथियार का भय दिखाकर नईम से मारपीट करते हुए घर में रखे 12 भर सोना और करीब 2 किलो चांदी समेत 1 लाख 40 हजार कैश लूट ले गए.

# मधुबनी में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की हो गई मौत

- पिंकी देवी की दो संतान खुशबु व अंकित सगा भाई-बहन थे

**संवाददाता । मधुबनी**

जिला के बेनीपट्टी प्रखंड के धनौजा गांव में गुरुवार को तीन बच्चों का तालाब में डूबने से मौत हो गयी. दिवेश मंडल व जिबो देवी की पुत्री दुर्गा कुमारी (13) वर्ष के साथ खुशबू कुमारी (11) वर्ष व अंकित कुमार (9) वर्ष के तीन बच्चे की डूबकर मौत हो गयी है. मोहन मंडल व पिंकी देवी की दो संतान खुशबु व अंकित सगा भाई-बहन थे. प्रचंड गर्मी में तीन बच्चा तालाब में किनारे स्नान व खेल कर रहा था. ज्यादा पानी में चले जाने पर डूबकर मौत की खबर है. घटना बेनीपट्टी प्रखंड के समदा पंचायत के धनौजा गांव वार्ड नंबर छह में तीन बच्चों के डूबने से मौत हो जाना बताया. पुलिस के अनुसार बच्चों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया. डॉक्टर ने सभी तीनों बच्चों को मृत्यु घोषित कर दिया. गांव में कोहराम मचा है. पुलिस प्रशासन द्वारा विहित प्रक्रियाधीन बताया गया.

#### महाराजगंज में भाजपा समर्थक की हत्या

# घर पर पार्टी का लगाया झंडा नहीं हटाने पर चाकू गोदकर मार डाला

**संवाददाता । सारण**

लोकसभा चुनाव के बाद मतगणना भी संपन्न हो गया है. महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र (सारण जिला) में में दो पार्टियों के बीच मुकाबले में भाजपा की जीत हुई. लेकिन, दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा. गुरुवार को एक भाजपा समर्थक की हत्या कर दी गई. कारण बस इतना था कि उसने अपने घर पर लगे पार्टी के झंडे को हटाने से मना किया था. इतनी सी बात पर विरोधियों ने चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी. आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया. यहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. लोगों का कहना है कि चुनावी झंडे को हटाने को लेकर उपजा विवाद इस कदर तक हावी हो जाएगा. इसका अंदाजा किसी को नहीं था. क्योंकि मामूली सी विवाद को लेकर युवक को चाकू गोद कर मार डाला. घटना रसूलुपर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव की बताई जा रही है. मृतक की पहचान स्थानीय गांव निवासी सुजीत कुमार गिरी के रूप में हुई है.

**पुलिस से उलझे परिजन :** घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक ने भाजपा का झंडे को अपने घर की छत पर लगाया था. इसे लेकर चुनाव के पूर्व से विवाद चल रहा था. गुरुवार को पुनः दबंगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर चाकू से बार कर दिया, जिसमें एक की मौत हो गयी है. घटना की सूचना मिलने पर एकमा पुलिस अस्पताल पहुंची तो परिजन पुलिस से उलझ गए और सरेआम चौकीदार और थानाध्यक्ष पर धमकी देकर केश वापस कराने का आरोप लगाने लगे. हालांकि, पुलिस के लिखित शिकायत के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया गया तो मामला शांत हुआ. इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. हालांकि, घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे. परिजनों ने चौकीदार पर रसूलपुर के थानाध्यक्ष सहित कई अन्य पर पक्षपात का आरोप लगाया गया है. झंडा हटाने को लेकर उत्पन्न विवाद में चाकूबाजी की घटना में एक युवक की जान गवानी पड़ गई है. घर पर लगे चुनावी झंडे को जबरदस्ती उतारने को लेकर हुए विवाद में चाकू गोदकर युवक की हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है. महाराजगंज लोकसभा चुनाव में कांग्रेस समर्थकों पर हत्या का आरोप लगाया गया है.


घटना के बाद अस्पताल में हंगामा करते परिजन

### संदिग्ध अवस्था में मिला विवाहिता का शव

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड 12 अमीर खान टोला के एक घर से संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता का शव बरामद किया गया है. वही इस मामले में मृतका के पिता पश्चिम चंपारण के मझौलिया थाना क्षेत्र के बखरिया गांव निवासी सत्तार मियां ने दहेज में चार चक्का गाड़ी के लिए उसकी बेटी की हत्या करने का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया है. उन्होंने कहा है कि दो वर्ष पूर्व सुगौली के अमीर खां टोला निवासी शाहिल अंसारी के साथ अपनी पुत्री सहीना खातुन की शादी की थी. शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले चार चक्का गाड़ी की मांग कर रहे थे. जिसे मै नहीं दे पाया तो उसके दामाद और उसके परिवार के लोगों ने मेरी बेटी की साजिश के तहत हत्या कर दी है.

### बाइक गैराज में अगलगी, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**नवादा ।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के बड़राजी बाजार में गुरुवार को एक बाइक गैराज में आग लग जाने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गयी. गेराज के मालिक ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है. जानकारी के अनुसार बड़राजी बाजार में स्थित मुकेश सर्विस सेंटर में गुरुवार अचानक आग लग जाने से गैराज में रखे सामान जलकर राख हो गया. स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना कौआकोल थाना को दिए जाने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया.

# मधुबनी : रिहायशी इलाके में दिखा तेंदुआ, दहशत में लोग

- वन विभाग की टीम ने पैर के निशान के सैंपल लिये

**संवाददाता । मधुबनी**



मधेपुर प्रखंड के भेजा थाना क्षेत्र स्थित भगता गांव से उत्तर बधार में तेंदुआ घुमता दिखा. यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गयी. तेंदुआ देखने के बाद इलाके में लोग दहशत में हैं. ग्रामीणों ने इसकी खबर वन विभाग को दी. सूचना पाकर झंझारपुर से वन विभाग की एक टीम बुधवार देर शाम वहां पहुंची. हालांकि उस वक्त तेंदुआ कही दिखायी नहीं दिया. वन विभाग की टीम ने तेंदुआ के पैर के निशान के सैंपल लिये और उसे जांच के लिए भेज दिया. वनपाल ने बताया कि पैर के निशान से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह तेंदुआ का है या दूसरे जंगली जानवर का. हालांकि वनपाल ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की है.

#### प्रशांत किशोर पहुंचे नवगछिया, युवाओं ने निकाली बाइक रैली, बोले-

# लालू-नीतीश के इस राज्य में स्कूलों में खिचड़ी बंट रही है और कॉलेजों में डिग्री

**संवाददाता । भागलपुर**

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर का गुरुवार को भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल में हजारों लोगों ने जोरदार स्वागत किया. इस दौरान जिले के 16 प्रखंडों से आए हजारों लोगों के साथ जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर नवगछिया अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए. प्रशांत किशोर के स्वागत में सड़कों पर भारी संख्या में वाहनों की लंबी कतार दिखी. भागलपुर की धरती पर प्रशांत किशोर का फूलों की माला और



ढोल-बाजे के साथ जय बिहार जय जय बिहार नारों के साथ स्वागत किया गया. वहीं नवगछिया अनुमंडल के पीके यूथ क्लब के युवाओं ने सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली निकाली.

इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि लालू-नीतीश के इस राज्य में स्कूलों में खिचड़ी बंट रही है और कॉलेज में डिग्री, पढ़ाई दोनों जगहों में कहीं नहीं हो रही है. जब आपका बच्चा पढ़ेगा ही नहीं तो चाहे लालू बन जाए कि मोदी बन जाए चाहे तेजस्वी बन जाए कि नीतीश बन जाए आपके अनपढ़ बच्चों को कोई भी कलेक्टर नहीं बना सकता. इस बात को पहले आप समझिए अपने बच्चों का ठिकाना ही नहीं है. सब लोग देश को विश्व गुरु बनाने चले हैं. सब बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं. लोग ये बात नहीं कर रहे हैं कि हमारा बच्चा पढ़ेगा या नहीं. प्रशांत किशोर ने बिहार में किसानों की बदहाली पर कहा कि खेती से आपका जीवन क्यों नहीं सुधरा. यही खेती करके हरियाणा और पंजाब के लोग राजा हो गए.

## कारोबार

### आरबीआई ने लगाया तीन लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापन देने के लिए एडटेक कंपनी एडु टैप लर्निंग सॉल्यूशंस पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. कंपनी ने विज्ञापन में दावा किया था कि उसके 144 छात्रों का चयन 2023 में आरबीआई ग्रेड बी परीक्षा के लिए हुआ है. सीसीपीए ने 12 जून को जारी आदेश में एडु टैप को सभी इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया से विवादित विज्ञापन को तुरंत हटाने या वापस लेने का निर्देश दिया. कंपनी को अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है.

### रुपया में छह पैसे की आई गिरावट

**मुंबई ।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की व्यापक मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया गुरुवार को छह पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.54 पर आ गया. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मोर्चे पर कमजोर वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा. अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.52 प्रति डॉलर पर खुला. शुरुआती सौदों के बाद 83.54 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट दर्शाता है.

### जेपी इंफ्राटेक ने देवांग को बनाया सीएफओ

**नयी दिल्ली ।** जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड ने देवांग प्रवीण पटेल को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है. सुरक्षा समूह ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को दिवाला प्रक्रिया के जरिए अधिग्रहित किया है. शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, पटेल ने आठ जून 2024 से पदभार संभाल लिया. सुरक्षा समूह ने पिछले महीने अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी से मंजूरी के बाद जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है. वह अब जेआईएल को स्टॉक एक्सचेंज से हटाएगी. निदेशक मंडल ने उन शेयरधारकों के नाम निर्धारित करने के लिए रिकॉर्ड तिथि के रूप में 21 जून 2024 तय की है.

#### जियो प्लेटफॉर्म्स व एसईएस के जॉइंट वेंचर को मिली सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी

# सैटेलाइट इंटरनेट के क्षेत्र में उतरे अंबानी

- जॉइंट वेंचर ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को भारत के आकाश में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी दे दी
- परिचालन शुरू करने के लिए उसे देश के दूरसंचार विभाग से और अधिक मंजूरियों की जरूरत है

**भाषा । नयी दिल्ली**

औद्योगिक जगत में आज सैटेलाइट इंटरनेट का क्षेत्र फायदेमंद का सौदा माना जा रहा है. इसलिए इस पर दुनियाभर के कारोबारियों की नजर है. लेकिन इसमें भारतीय रईस मुकेश अंबानी को बड़ी सफलता मिली है. दरअसल रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स और लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के जॉइंट वेंचर को देश में गीगाबिट फाइबर इंटरनेट प्रदान करने के लिए सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है.

बताया जाता है कि स्पेस रेगुलेटर ने इन कंपनियों के जॉइंट वेंचर ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को भारत के आकाश में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी दे दी है. ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को तीन तरह की मंजूरियां दी गई हैं. कंपनी को ये मंजूरियां ऐसे समय मिली हैं जब जेफ बेजोस की ऐमजॉन डॉट कॉम से लेकर एलन मस्क की



स्टारलिंक जैसी कंपनियां भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी का इंतजार कर रही हैं.

जानकारी के अनुसार ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को सैटेलाइट आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल और जून में जरूरी मंजूरी दी गई. इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर (आईएन-एसपीएसीई) ने कंपनी को यह अनुमति दी है. इससे कंपनी भारत के आकाश में सैटेलाइट्स को ऑपरेट कर सकती है. लेकिन परिचालन शुरू करने के लिए उसे देश के दूरसंचार विभाग से और अधिक मंजूरियों की जरूरत है.

आईएन-एसपीएसीई के चेयरमैन पवन गोयनका ने बताया कि एक और कंपनी इनमरसैट को भी भारत में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है. दो अन्य कंपनियों एलन मस्क की स्टारलिंक और ऐमजॉन की कूपर ने भी इसके लिए आवेदन किया है. यूटेलसैट की भारती एंटरप्राइजेज के निवेश वाली कंपनी वनवेब को पिछले साल के अंत में सभी तरह की मंजूरियां दे दी गई थीं.

डेलॉइट के अनुसार भारत का सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस मार्केट अगले पांच वर्षों में सालाना 36% की दर से बढ़ने और 2030 तक 1.9 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. वैश्विक स्तर पर स्पेस-बेस्ड इंटरनेट के जरिए ग्रामीण इलाकों को जोड़ने की दौड़ तेज हो रही है. ऐमजॉन के कूपर ने 10 अरब डॉलर के निवेश करने की योजना बनाई है. इसकी घोषणा 2019 में की गई थी. उसी साल स्पेसएक्स ने अपने पहले ऑपरेशनल स्टारलिंक सैटेलाइट्स को तैनात करना शुरू किया था. पिछले हफ्ते श्रीलंका ने स्टारलिंक को इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरुआती मंजूरी दे दी थी.

गोयनका ने कहा कि भारत में इस क्षेत्र में जितनी अधिक कंपनियां शामिल होंगी, उपभोक्ताओं के लिए उतना ही बेहतर होगा. उन्होंने कहा कि भारत में कम्युनिकेशंस सर्विसेज दूसरे देशों से सस्ती हैं.

### पाक वित्त वर्ष 2024-25 में 23 अरब अमेरिकी डॉलर लेगा उधार

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में कम से कम 23 अरब डॉलर उधार लेने की योजना बनाई है. इसमें 12 अरब डॉलर का द्विपक्षीय कर्ज भी शामिल है. पाकिस्तान एक जुलाई से 30 जून के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है. खबर के अनुसार, इसकी मदद से वह अपनी विकास योजनाओं और बाह्य वित्तपोषण जरूरतों को पूरा कर सकेगा. इससे नकदी की कमी से जूझ रहे देश की विदेश तथा आर्थिक नीतियां आईएमएफ जैसी वैश्विक वित्तीय संस्थानों पर निर्भर रहेंगी. समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के बजट दस्तावेजों के अनुसार, पाकिस्तान कम से कम 23.2 अरब अमरीकी डॉलर (5900 अरब रुपये) उधार लेगा, जिसमें आईएमएफ से कोई ऋण शामिल नहीं है. इन 23 अरब अमेरिकी डॉलर में से सरकार ने 20 अरब अमेरिकी डॉलर को बजट दस्तावेजों में शामिल किया है. इसने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा तीन अरब अमेरिकी डॉलर देने को संघीय खातों का हिस्सा नहीं बनाया है. 2024-25 के लिए रक्षा के लिए पाकिस्तान का 2,122 अरब रुपये का बजटीय आवंटन नकदी की कमी से जूझ रहा है.

#### 2024-25 का फुल बजट मिड जुलाई में पेश होगा

# वित्त-मंत्री प्री-कंसल्टेशन बजट मीटिंग 17 जून तक शुरू करेंगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**


केंद्र सरकार वित्त-वर्ष 2024-25 का फुल बजट मिड जुलाई में पेश कर सकती है. सूत्रों के मुताबिक, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 17 जून तक कई मिनिस्ट्रीज और स्टोकहोल्डर्स के साथ अपनी प्री-कंसल्टेशन बजट मीटिंग शुरू कर देंगी. पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सेशन 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा. इस सेशन में नए इलेक्टेड मेंबर्स शपथ लेंगे. इसके अलावा इस सेशन में स्पीकर का इलेक्शन, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उसके बाद की चर्चाएं शामिल होंगी.



**पहला सेशन अनिश्चित काल के लिए स्थगित नहीं होगा :** इस शेड्यूल से पता चलता है कि पहला सेशन अनिश्चित काल के लिए स्थगित नहीं होगा. हालांकि, दूसरा पार्ट शुरू होने से पहले एक ब्रेक लिया जाएगा. दूसरा पार्ट वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इकोनॉमिक सर्वे की प्रेजेंटेशन के साथ शुरू होगा. उसके बाद वित्त वर्ष 25 के लिए फुल बजट पेश किया जाएगा. हालांकि, केंद्र सरकार ने अपकमिंग बजट के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी है, लेकिन इसमें 2.11 ट्रिलियन के आरबीआई डिविडेंड के यूज के बारे में डीटेल्स शामिल होने की उम्मीद है.

# पांच बड़ी सीमेंट कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी 55% होगी

- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि अच्छी मांग की संभावनाओं को देखते हुए एक रिपोर्ट तैयार की है



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

शीर्ष पांच घरेलू सीमेंट विनिर्माता अधिग्रहण एवं अपने दम पर विस्तार योजनाओं के जरिये मार्च, 2025 तक अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 55 प्रतिशत तक पहुंचा सकते हैं. एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है. रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि अच्छी मांग की संभावनाओं को देखते हुए बड़ी सीमेंट कंपनियां इस समय अपनी क्षमता के विस्तार और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने पर ध्यान दे रही हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, इक्रा का अनुमान है कि शीर्ष पांच सीमेंट कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी मार्च, 2025 तक बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगी जिससे सीमेंट उद्योग में एकीकरण की स्थिति पैदा होगी. मार्च, 2015 तक इन कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी 45 प्रतिशत थी जो बढ़कर दिसंबर, 2023 तक 54 प्रतिशत पर पहुंच गई. रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि ये कंपनियां मध्यम अवधि में अपने दम पर वृद्धि जारी रखने के साथ ही अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अधिग्रहण के तरीके का भी इस्तेमाल करेंगी. रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी समूह के हाथों एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स के अधिग्रहण को छोड़ दें तो इस क्षेत्र में विलय एवं अधिग्रहण के अन्य सौदे मुख्य रूप से अधिग्रहीत इकाई के पास नकदी प्रवाह की कमी या समूह के वित्तीय दबाव के कारण ही क्रियान्वित किए गए.

भारतीय सीमेंट बाजार का नेतृत्व आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट के पास है जिसकी एकीकृत क्षमता 15.27 करोड़ टन प्रति वर्ष है. इसके बाद अडाणी समूह की फर्म अडाणी सीमेंट है, जो अंबुजा सीमेंट और इसकी सहायक कंपनियों एसीसी लिमिटेड का परिचालन करती है. इसकी सालाना क्षमता 7.74 करोड़ टन सीमेंट उत्पादन की है.

#### सम्मान निधि — पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसानों को 2-2 हजार की किस्त डालेंगे

# 18 जून को जारी होगी किसान सम्मान की 17वीं किस्त

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे. पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के 9.3 करोड़ों किसानों को 2-2 हजार रुपए की किस्त ट्रांसफर करेंगे. इसमें 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे. इससे पहले 28 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी हुई थी. इसमें 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा किसानों को ट्रांसफर किए गए थे.

इस योजना के तहत सरकार हर साल किसानों के अकाउंट में 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में




6000 रुपए ट्रांसफर करती है. इस योजना के तहत किसानों को 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तें, साल में (कुल 6000 रुपए), दी जाती हैं. स्कीम के तहत पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है. इस योजना की शुरुआत 2019 में किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए की गई थी.

योजना के पात्र लाभार्थी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के जरिए भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. इसके अलावा स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और योजना के लिए राज्य सरकार की ओर से नामित नोडल अधिकारी ही किसानों का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं.

**सभी किसानों को मिलता है फायदा :** शुरुआत में जब पीएम-किसान योजना शुरू की गई थी (फरवरी, 2019), इसका लाभ केवल छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों के लिए था. इसमें वो किसान शामिल थे जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की कम्बाइंड लैंड होल्डिंग (संयुक्त भूमि) थी. जून 2019 में स्कीम को रिवाइज किया गया और सभी किसान परिवारों के लिए इसे एक्सटेंड कर दिया गया. हालांकि, कुछ किसानों को अभी भी इस योजना से बाहर रखा गया है.

पीएम किसान से बाहर किए गए लोगों में संस्थागत भूमि धारक, संवैधानिक पदों पर बैठे किसान परिवार, राज्य या केंद्र सरकार के सेवारत या रिटायर्ड अधिकारी और कर्मचारी हैं.

इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सरकारी स्वायत्त निकाय के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हैं. इनके अलावा डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे प्रोफेशनल्स के साथ-साथ 10,000 रुपए से ज्यादा की मासिक पेंशन वाले रिटायर्ड पेंशनर्स और पिछले असेसमेंट ईयर में इनकम टैक्स भरने वालों को भी इस स्कीम से बाहर रखा गया है.

## ब्रीफ खबरें

### नोएडा में 800 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने लगभग चार करोड़ रुपये मूल्य का 800 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) जब्त किया है और उसे ले जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि ट्रक में मादक पदार्थ (गांजा) और 2,000 लीटर कीटनाशक छिपाकर रखा गया था, जिसे ओडिशा से लाया जा रहा था. ट्रक को बुधवार देर रात सेक्टर 62 गोल चक्कर पर रोका. डीएसपी विद्या सागर मिश्रा ने कहा, "टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से करीब आठ क्विंटल गांजा (कीमत 4 करोड़ रुपये) और कीटनाशक (कीमत 60 लाख रुपये) तथा उनके पास से एक ट्रक और एक गाड़ी जब्त की है.'

### मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**गाजियाबाद (उप्र)।** गाजियाबाद जिले के लोनी इलाके में एक मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी. सहायक पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर रात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में आग लग गई. आग मकान की नीचे की मंजिल में लगी और ऊपर मौजूद लोग उसमें फंस गए. उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई. कुमार ने बताया कि इस घटना में दो बच्चों समेत कुल पांच लोगों की मृत्यु हो गई तथा दो अन्य लोग झुलसकर घायल हो गए.

## अग्निकांड : कुवैत ने घटना की त्वरित जांच व शवों को भेजने में पूर्ण सहयोग करने का दिया आश्वासन

# 45 भारतीय नागरिकों के शवों की पहचान की गई

**भाषा। दुबई/कुवैत सिटी**

कुवैत के अधिकारियों ने विदेशी श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों और फिलीपीन के तीन नागरिकों के शवों की पहचान कर ली है. एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. कुवैत ने घटना की त्वरित जांच करने और मृतकों के शवों को भेजने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है. दक्षिणी शहर मंगाफ में बुधवार को सात मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए. इस इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे. अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र 'अरब टाइम्स' की खबर के अनुसार प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने कहा कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान कर ली है, जिनमें 45 भारतीय और तीन फिलीपीन के नागरिक हैं. प्रथम उप प्रधानमंत्री ने कहा कि शेष एक शव की पहचान के प्रयास अब भी जारी हैं. कुवैती अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में हुई विनाशकारी आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं तथा घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है. अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में यह जानकारी दी. घटना में घायल हुए भारतीयों को दी जाने वाली सहायता का जायजा लेने तथा मृतकों के शवों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात की, जिन्होंने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया तथा त्रासदी की शीघ्र जांच करने की प्रतिबद्धता जताई. सिंह ने घटना में घायल हुए कुछ भारतीयों से भी मुलाकात की और उन्हें भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया. उन्होंने प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फहद से मुलाकात की, जिन्होंने अमीर की ओर से संवेदना व्यक्त की तथा सभी आवश्यक सहायता एवं समर्थन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. भारतीय मिशन ने बताया कि सिंह ने कुवैती प्राधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सक्रिय सुविधा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उप प्रधानमंत्री और कुवैत के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया. शेख फहाद ने कहा कि कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता वितरित करने के निर्देश जारी किए हैं, हालांकि उन्होंने मुआवजे की राशि का उल्लेख नहीं किया. इसके अतिरिक्त, अमीर ने मृत भारतीयों के शवों को भारत भेजने के लिए सैन्य विमान तैयार करने का आदेश दिया है. शेख फहाद बृहस्पतिवार को कुवैत के कई क्षेत्रों में अवैध संपत्तियों को लेकर समग्र निरीक्षण अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं. अखबार के अनुसार, मंत्री ने लोक निर्माण मंत्री और नगर पालिका मंत्री डॉ. नोरा अल-मशान के साथ अल-मंगाफ, अल-महबौला, खेतान और जिलिब अल-शुयूख में अपना निरीक्षण अभियान शुरू किया. इस अभियान में गृह मंत्रालय, कुवैत नगर पालिका, कुवैत अग्निशमन बल, विद्युत एवं जल मंत्रालय तथा सार्वजनिक जनशक्ति प्राधिकरण ने भाग लिया. मंत्री ने आगाह किया कि बृहस्पतिवार से भवन निर्माण से संबंधित किसी भी उल्लंघन पर बिना किसी पूर्व चेतावनी के कार्रवाई की जाएगी. मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, बृहस्पतिवार से नगर पालिका और उसकी टीमें बिना किसी पूर्व चेतावनी के सभी अपार्टमेंट इमारतों में सभी उल्लंघनों पर कार्रवाई करेंगी.



बैठक करते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन व कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली.

### कुवैत हादसा : पीड़ितों की सहायता के लिए विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत पहुंचे

**दुबई/कुवैत सिटी।** कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किये जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए लगभग 40 भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह बृहस्पतिवार को कुवैत पहुंचे. दक्षिणी शहर मंगाफ में सात मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे. इस घटना में कम से कम 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए. कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं."

### केरल सरकार कुवैत अग्निकांड में मारे गए

## केरलवासियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने कुवैत अग्निकांड में मारे गए केरलवासियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने का बृहस्पतिवार को निर्णय किया. दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में बुधवार को एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 विदेशी मजदूरों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हो गये थे. खबरों के अनुसार मृतकों में 40 भारतीय हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने आज सुबह मंत्रिमंडल की एक आपात बैठक में यह फैसला लिया है. इसमें बताया गया कि राज्य सरकार ने इस हादसे में घायल हुए लोगों को भी एक-एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है. बयान में यह भी बताया गया कि इस हादसे में घायल हुए लोगों के इलाज और मृतकों के शव वापस भारत लाने के प्रयासों में समन्वय के लिए राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज को तत्काल कुवैत भेजने का निर्णय लिया गया. उनके साथ राज्य मिशन निदेशक (एनएचएम) जीवन बाबू भी जाएंगे. बयान के मुताबिक, प्रसिद्ध भारतीय व्यापारी एम ए यूसुफ अली और रवि पिल्लई ने मुख्यमंत्री को यह बताया कि वे इस हादसे में मारे गए प्रत्येक केरलवासी के परिवार को क्रमशः पांच लाख रुपये और दो लाख रुपये की सहायता देंगे. बयान में बताया गया कि अनिवासी केरलवासी मामलों का विभाग (एनओआरकेए) के माध्यम से उन्हें यह आर्थिक मदद दी जाएगी और घटना में मारे गए राज्य के प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को दोनों व्यापारियों की मदद से 12 लाख रुपये मिलेंगे. केरल मंत्रिमंडल ने कुवैत अग्निकांड में लोगों की मौत पर भी दुख जताया.



घायल का हालचाल पूछते कीर्ति वर्धन.

### भारतीय मिशन मंगाफ अग्निकांड से प्रभावित नागरिकों को राहत देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के संपर्क में

**दुबई/कुवैत।** कुवैत में भारतीय मिशन मंगाफ शहर की एक इमारत में लगी आग की घटना के बारे में संबंधित कुवैती अधिकारियों से सभी जानकारी प्राप्त कर रहा है. इस अग्निकांड में करीब 40 भारतीयों सहित 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य लोग घायल हो गए. वहीं, अधिकारियों ने खाड़ी देश में सबसे भीषण आग की घटनाओं में शामिल इस हादसे की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों के मुताबिक, कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित सात मंजिला इमारत की रसोई में बुधवार को आग लग गई थी.

### कुवैत अग्निकांड में तमिलनाडु के पांच लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने बृहस्पतिवार को विदेश में स्थित तमिल संघों द्वारा अब तक साझा की गई जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि कुवैत में अग्निकांड की घटना में पांच तमिल लोगों की भी मौत होने का पता चला है. मस्थान ने चेन्नई में संवाददाताओं को बताया कि जान गंवाने वाले लोग राज्य के तंजावुर, रामनाथपुरम और पेरावुरानी क्षेत्रों के थे और उनकी पहचान राम करुप्पन, वीरसामी मरियप्पन, चिन्नादुरई कृष्णमूर्ति, मोहम्मद शेरिफ और रिचर्ड के रूप में हुई है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के निर्देशानुसार, मृतकों के शवों वापस लाने और घायलों के लिए आवश्यक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं. मंत्री ने कहा, "दूतावास (कुवैत में) ने कहा है कि पीड़ितों के बारे में आधिकारिक जानकारी राज्य सरकार को प्रदान की जाएगी. हम लगातार निगरानी रख रहे हैं." बुधवार की सुबह कुवैत के मंगाफ शहर में एक इमारत में आग लगने की घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए. मृतकों में लगभग 40 भारतीय थे.

## ओडिशा : जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वार श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले गए



जगन्नाथ मंदिर के द्वार पर उमड़े श्रद्धालु.

**भाषा। भुवनेश्वर**

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों की मौजूदगी में बृहस्पतिवार की सुबह पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वार श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिए गए. कोविड-19 महामारी के बाद से बंद किए गए 12वीं सदी के मंदिर के तीन द्वार भगवान जगन्नाथ की 'मंगल आलती' अनुष्ठान के बाद फिर से खोल दिए गए हैं. मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्री, कई भाजपा सांसद और पार्टी नेता मंदिर पहुंचे और भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की. उन्होंने मंदिर परिसर की परिक्रमा भी की. माझी ने पुरी में संवाददाताओं से कहा, 'शपथ ग्रहण समारोह के बाद, भाजपा सरकार ने बुधवार की शाम को मंदिर के सभी चार द्वारों को फिर से खोलने का अपना पहला निर्णय लिया था. आज, 'मंगल आलती' अनुष्ठान के बाद सुबह छह बज कर तीस मिनट पर द्वार फिर से खोल दिए गए.' मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर मंदिर में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी. उन्होंने कहा कि ओडिशा सरकार ने मंदिर के बेहतर प्रबंधन, रखरखाव और विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का कोष स्थापित करने का भी फैसला किया है. मांझी ने कहा कि इस संबंध में आगामी राज्य बजट में प्रावधान किया जाएगा. कैबिनेट मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि यह जानने के लिए विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है कि महामारी के बाद मंदिर के तीन द्वार फिर से क्यों नहीं खोले गए थे.

## जी किशन रेड्डी ने कोयला और खान मंत्रालय का कार्यभार संभाला

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कोयला और खान मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया. पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए तथा कोयले का आयात कम करना चाहिए. नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली पिछली सरकार में दोनों मंत्रालयों का नेतृत्व प्रहलाद जोशी कर रहे थे. कार्यभार संभालने के बाद रेड्डी ने पत्रकारों से कहा, 'हमें आयात कम करना चाहिए और घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए.' वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन हो गया. रेड्डी ने कहा कि पहले देश में कोयले की कमी थी और इस वजह से बिजली की भी कमी हुई लेकिन पिछले 10 वर्षों में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है.



**राममोहन नायडू ने नागर विमानन मंत्री का पदभार संभाला :** हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद किंजरापु राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को नागर विमानन मंत्री का कार्यभार संभाल लिया. नायडू ने रविवार को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली थी. तीन बार के सांसद 36 वर्षीय नायडू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले मंत्रिमंडल में सबसे कम उम्र के कैबिनेट मंत्री हैं. वह नागर विमानन मंत्रालय में ज्योतिरादित्य सिंधिया की जगह ले रहे हैं.

## पेमा खांडू ने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के सीएम के रूप में शपथ ली

**एजेंसी। इटानगर**

भाजपा नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली. मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से विधायक खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई. दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में 11 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली, जिनमें उपमुख्यमंत्री चौना मीन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पीडी सोना, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बियुराम वाहगे और पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की पत्नी दासंगलू पुल शामिल हैं. दासंगलू पुल अकेली महिला मंत्री हैं, जबकि नये मंत्रिमंडल में आठ नये चेहरे शामिल हैं. भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी.



अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेते पेमा खांडू.

### भाजपा के चुनावी वादे पूरे करने के लिए कार्य करूंगा : खांडू

खांडू ने बृहस्पतिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किये गए वादों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी. खांडू ने लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद कहा कि पूर्वोत्तर में केंद्र सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों के कारण ही भाजपा राज्य की सत्ता में लौटी है. उन्होंने कहा, 'हम सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम अगले पांच वर्ष जनता के कल्याण और विकास के चुनावी वादों के आधार पर सरकार चलाएंगे.'

## भारी बारिश से तीस्ता उफनाई उत्तर बंगाल के कई इलाके डूबे

**एजेंसी। दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)**

भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी में उफान आने से उत्तरी पश्चिम बंगाल के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिसके कारण प्रशासन को कलिम्पोंग-दार्जिलिंग मार्ग पर यातायात की आवाजाही रोकनी पड़ी है. अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. उत्तरी सिक्किम में भारी भूस्खलन के कारण हुई तबाही में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा पांच अन्य लापता हो गए. अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई, क्योंकि दार्जिलिंग और कलिम्पोंग को जोड़ने वाले तीस्ता बाजार और गिल खोला जैसे अन्य इलाकों में कई सड़कें जलमग्न हो गईं, जबकि उफनती तीस्ता नदी के कारण आसपास बने घरों को खतरा पैदा हो गया है. अधिकारियों ने बताया कि पुलिस बुधवार रात से ही प्रभावित इलाकों में घोषणाएं कर रही है और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह कर रही है. उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कें और घर जलमग्न हो रहे हैं. बताया कि पुलिस, नागरिक सुरक्षा दल व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कर्मियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क किया जा चुका है.

# सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर लगाई रोक

**भाषा। नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने अन्नू कपूर की फिल्म ''हमारे बारह'' की रिलीज पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी. फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी. शीर्ष अदालत ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए इसके रिलीज पर रोक लगा दी. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली की ओर से पेश हुईं वकील फौजिया शकील की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए बम्बई उच्च न्यायालय से याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने को कहा. पीठ ने फिल्म को रिलीज करने पर रोक लगाते हुए कहा, 'हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा और ट्रेलर में सभी आपत्तिजनक संवाद अब भी बरकरार हैं.' पीठ ने बम्बई उच्च न्यायालय द्वारा याचिका का निपटारा किये जाने तक फिल्म रिलीज पर रोक लगा दी. शकील ने कहा कि उच्च न्यायालय ने एक 'अकारण आदेश'' के तहत फिल्म को रिलीज करने पर लगी रोक हटा दी. उन्होंने कहा, 'उच्च न्यायालय, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को समिति गठित करने का निर्देश नहीं दे सकता क्योंकि सीबीएफसी खुद भी मामले में एक पक्ष है.'' शीर्ष अदालत ने कहा कि मामले में दोनों पक्षों के लिए समिति का चयन करने के लिए सीबीएफसी को निर्देश देने पर आपत्ति सहित सभी आपत्तियों को उच्च न्यायालय के समक्ष उठाने का विकल्प खुला रखा गया है. यह फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी. हालांकि कर्नाटक में इसके रिलीज को पहले ही प्रतिबंधित किया जा चुका है.

### अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' अब स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'खेल खेल में' सिनेमाघरों में अब निर्धारित तारीख से लगभग एक महीने पहले आ जाएगी और निर्माताओं ने फिल्म को 15 अगस्त को रिलीज करने का फैसला किया है. फिल्म निर्माता टी-सीरीज ने बुधवार रात अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज की नई तारीख साझा की. यह 'कॉमेडी-ड्रामा' फिल्म पहले 6 सितंबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी. टी-सीरीज ने लिखा, 'इस स्वतंत्रता दिवस पर हंसी, ड्रामा और ढेर सारी मस्ती की दुनिया में कदम रखिए! 15 अगस्त को अपने कैलेंडर पर निशान लगा लीजिए. फिल्म ' 'खेल खेल में' सिनेमाघरों में आएगी. इसके निर्देशक व लेखक मुदस्सर अजीज हैं. इस फिल्म में तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान, एम्मी विर्क, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल भी काम कर रहे हैं.'

### आमिर के बेटे की पहली फिल्म 'महाराज' पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नयी दिल्ली।** बहुचर्चित फिल्म 'महाराज' के नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर से एक दिन पहले, इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठी है. बॉलीवुड के अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान की पहली फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के एक वर्ग ने की है. बृहस्पतिवार की सुबह से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'बॉयकॉट नेटफ्लिक्स', ' 'बैन महाराज फिल्म'' और आमिर खान जैसे हैशटैग ट्रेंड करने लगे. निर्माताओं के अनुसार, ' 'महाराज'' की कहानी, भारत की आज़ादी से पहले के दौर पर, 1862 के 'महाराज लाइबेल मामले' पर आधारित है, जो एक जाने-माने व्यक्ति द्वारा कदाचार के आरोपों से भड़क उठा था. इस फिल्म के निर्देशित सिद्धार्थ पी मल्होत्रा है और इसका निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है.

### 'बॉर्डर-2' बनाने का ऐलान

**नयी दिल्ली।** अभिनेता सनी देओल ने बृहस्पतिवार को 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म ''बॉर्डर'' के रिलीज होने के 27 साल पूरे होने पर 'बॉर्डर-2' बनाने का एलान किया. निर्माताओं के अनुसार, आगामी फिल्म ''युद्ध पर बनी भारत की सबसे बड़ी फिल्म'' होगी और अनुराग सिंह इसका निर्देशन करेंगे. वह 'केसरी' और 'जट्ट एंड जूलियट' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. फिल्मकार जेपी दत्ता ने 'बॉर्डर' का निर्देशन किया था. वह जेपी फिल्म्स के तहत अपनी बेटी निधि दत्ता के साथ मिलकर इसका सीक्वल बनाएंगे.

## जी7 शिखर सम्मेलन : एआई, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा : नरेंद्र मोदी

# जी7 शिखर सम्मेलन से इतर हो सकती है बाइडन व मोदी की मुलाकात

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटली में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी. अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, 'उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे. भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं. मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है.' इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को 'आउटरीच कंट्री' के तौर पर आमंत्रित किया है. भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की. उन्होंने कहा, हालांकि द्विपक्षीय या फिर अन्य नेताओं के साथ प्रधानमंत्री की बैठकों के विवरण पर अभी कार्य किया जा रहा है. वहीं जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच' सत्र में भाग लेने के लिए इटली की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सम्मेलन में कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत यूरोपीय देश रवाना होने से पहले एक बयान में यह बात कही.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का फाइल फोटो

### अपनी गिरती छवि को बचाने जी7 सम्मेलन में शामिल होने जा रहे हैं प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी 'गिरती अंतरराष्ट्रीय छवि को बचाने के मकसद से' जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने जा रहे हैं. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 2007 के जी7 शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) की आवाज बनकर उभरे थे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल में कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत वार्षिक जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज इटली रवाना होंगे. जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन इटली के अपुलिया क्षेत्र में लग्जरी रिजॉर्ट बोरगो एग्नाजिया में 13 से 15 जून तक होना है.

### समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे बाइडन-जेलेंस्की

**ब्रिंडिसी (इटली)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बृहस्पतिवार को इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे. जी7 समूह के सदस्य देश इस बात पर सहमत हो गए हैं कि जब्त की गयी रूसी संपत्तियों से प्राप्त 50 अरब अमेरीकी डॉलर की सहायता राशि यूक्रेन को किस तरह प्रदान की जाए. इस मामले से जुड़े दो लोगों ने बुधवार को यह जानकारी दी.

## जेएंडके के स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य करने का दिया निर्देश

**भाषा। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिये हैं. स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरुआत राष्ट्रगान से करें. बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया, "मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए."

विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं. जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है, " कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं. हालांकि, यह देखा गया है कि इस तरह की महत्वपूर्ण परंपरा का केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है." इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने सुझाव दिया है कि अतिथि वक्ताओं को आमंत्रित करना, पर्यावरण के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ जागरूकता पैदा करना आदि स्कूलों में बच्चों के लिए मददगार हो सकते हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)